फाल्गुन माह, कृष्ण पक्ष 21 वर्ष, अंक 37 पृष्ठ 8 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज मंगलवार 01 मार्च 2022

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# वार्ता के बीच गरजे मिसाइल

- पूरी रात यूक्रेन पर हुए मिसाइलों से हमले, कीव और खार्किव में धमाकों की दहशत
- कीव में हटा कर्फ्यू, विशेष ट्रेन से कीव छोड़ेंगे भारतीय
- चार मंत्री विदेश जाएंगे, वहीं से करेंगे ऑपरेशन गंगा की निगरानी

## यूक्रेन का दावा: 3500 रूसी मारे, 14 जहाज और 8 हेलीकॉप्टर किए नष्ट, रूस का दावा: यूक्रेन के 821 सैन्य ठिकाने नष्ट, कई अपार्टमेंट तबाह

### रूस की एटमी यूनिट ने तैयारियां शुरू कीं, डिफेंस मिनिस्टर ने पुतिन को बताया कि न्यूक्लियर अटैक कैसे और कहां होगा



**मॉस्को/कीव:** यूक्रेन पर रूस की बमबारी सोमवार को पांचवें दिन भी जारी है। जंग खत्म करने के लिए खबर लिखे जाने तक दोनों देश बेलारूस में बातचीत जारी था। इससे पहले यूक्रेनी राष्ट्रपति वोल्दोमिर जेलेंस्की ने कहा- हमें बातचीत कामयाब होने की कोई उम्मीद नहीं है, पर अमन की कोशिश करने में कोई हर्ज भी नहीं है। दूसरी तरफ, यूक्रेन पर 16 घंटे में कब्जा करने का सपना तबाह होते देख अब राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने एटमी हथियारों के इस्तेमाल का खौफनाक प्लान बनाया है। रूस की मीडिया एजेंसी 'स्पूतनिक' ने इसकी पुष्टि की है। एटमी कमांड वाली यूनिट की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं और इन्हें हमले की तैयारी करने के आदेश दिए गए हैं। डिफेंस मिनिस्टर सर्गेई शोइग्यू ने सोमवार दोपहर पुतिन को हमले के प्लान के बारे में पूरी जानकारी दी। तमाम न्यूक्लियर मिसाइलें फायरिंग मोड पर कर दी गई हैं। स्टाफ को स्टैंडबाय पर रहने को कहा गया है। बातचीत शुरू होने से पहले यूक्रेन ने रूस से कहा कि वो अपनी सेना को यूक्रेन बॉर्डर से हटाए। दूसरी तरफ बेलारूस, रूस का साथ देने के लिए यूक्रेन में सैनिकों को भेजने की तैयारी कर रहा है।

**रूसी सेना ने बीती पूरी रात यूक्रेन पर मिसाइलों से हमला किया:** यूक्रेन पर रूस के हमला लगातार जारी है। रूसी सेना ने बीती पूरी रात यूक्रेन पर मिसाइलों से हमला किया। राजधानी कीव व प्रमुख शहर खार्किव में धमाकों की दहशत से यूक्रेनी नागरिक बंकरों में कैद होने को विवश हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति के सलाहकार ओलेक्सी एरिस्टोविच ने बताया कि पूरी रात रूस की सेना ने यूक्रेन पर मिसाइलों से हमले किये हैं। उन्होंने बताया कि कीव, जाइटोमिर, जापोरिझिया और चेर्निहिव में हवाई हमलवे हुए। कई अन्य इलाकों से भी हवाई हमलों के सायरन बजने की सूचनाएं आ रही हैं। यूक्रेन की स्टेट सर्विस ऑफ स्पेशल कम्युनिकेशंस एंड इंफॉर्मेशन प्रोटेक्शन ने बताया कि सोमवार सुबह यूक्रेन की राजधानी कीव और प्रमुख शहर खार्किव में धमाकों की आवाज सुनी गई। इस बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा है कि अगले 24 घंटे देश के लिए बेहद गंभीर हैं। उन्होंने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के साथ बातचीत में यह चिंता जाहिर की है। यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के पहले चार दिनों में यूक्रेन के 352 आम नागरिकों की मौत हो चुकी है। इस लड़ाई में 14 बच्चों को अपनी जान गंवानी पड़ी है।

### रूस से देश की रक्षा के लिए वापस लौट रहे यूक्रेनी नागरिक

**कीव:** यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद जब अमेरिका और नाटो के देश भी जब सीधी लड़ाई में साथ नहीं देने के बावजूद यूक्रेनी सेना अकेले संघर्ष कर रही है। ऐसे में जहां हजारों लोग देश छोड़ रहे हैं, वहीं कुछ यूक्रेनी पुरुष और महिलाएं अपने देश व मातृभूमि की रक्षा के लिए यूरोप से वापिस लौट रहे हैं। दक्षिणपूर्वी पोलैंड के मेदिका सीमा चौकी पर ऐसे कई नागरिक रविवार तड़के यूक्रेन में प्रवेश करने के लिए कतार में खड़े दिखे। अब तक 22 हजार यूक्रेनी रूस के खिलाफ हथियार उठाने को स्वदेश लौटे चुके हैं। यूक्रेन में प्रवेश करने के लिए चौकी पर यूक्रेन के करीब 20 ट्रक खड़े हैं। इन लोगों में से एक शख्स ने कहा, हमें अपनी मातृभूमि की रक्षा करनी है। अगर हम नहीं करेंगे तो और कौन करेगा। हम सभी यूरोप से यूक्रेन लौटे हैं। 30 साल की एक महिला ने कहा, मुझे डर है। मैं एक मां हूं और अपने बच्चों के साथ रहना चाहती हूं। यह खतरे से भरा है लेकिन मुझे लौटना होगा। अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा कि अगर रूस यूक्रेन पर आक्रमण करता है, तो कम से कम 50 लाख विस्थापित हो सकते हैं।

### विश्व युद्ध का खतरा, बेलारूस के सैनिक भी यूक्रेन के खिलाफ लड़ेंगे युद्ध



**कीव:** यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद अब विश्व युद्ध का खतरा बढ़ता जा रहा है। दरअसल अभी तक यूक्रेन के खिलाफ सिर्फ रूसी सेनाएं हमलावर थीं, अब बेलारूस भी अपने सैनिकों को यूक्रेन की जंग में उतारने जा रहे है। एक ही देश पर एक से अधिक देश के हमले के बाद यदि यूक्रेन के समर्थन में किसी अन्य देश ने हमला किया तो स्थितियां विश्व युद्ध की बन सकती है। यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद से अभी तक अमेरिका व नाटो के सदस्य देश यूक्रेन की मदद का दावा तो कर रहे थे, किन्तु सीधे अपनी सेनाएं उतारने से परहेज कर रहे थे। इस कारण यह युद्ध अभी तक दो देशों, रूस और यूक्रेन के बीच ही चल रहा था। बेलारूस के सैनिकों के मैदान-ए-जंग में उतरने की संभावना के बाद स्थितियां बदलती नजर आ रही हैं। हालांकि बेलारूस पहले भी खुलकर रूस के पक्ष में और यूक्रेन सहित रूस विरोधी यूरोपीय देशों के विरोध में बयान दे चुका है।

### यूक्रेन को यूएस, ऑस्ट्रेलिया, स्वीडन देगा घातक हथियार



**कीव:** रूस का आक्रमण झेल रहे यूक्रेन को अमेरिका, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, एस्तोनिया, स्वीडन और फिनलैंड से घातक हथियार मिलेंगे। इनमें यूक्रेन को अमेरिका और जर्मनी हेलीकॉप्टर और मार गिराने वाले स्टिंगर मिसाइल की आपूर्ति करेंगे। अमेरिका ने यूक्रेन को स्टिंगर मिसाइल की सीधी आपूर्ति करने को मंजूरी दे दी है। व्हाइट हाउस से यह मंजूरी स्वीकृत पैकेज के हिस्से में पहली बार दी गयी है। अब यूक्रेन तक यह अमेरिकी हथियार पहुंचाने की व्यवस्था पर काम हो रहा है। जर्मनी पहले ही यूक्रेन को 500 स्टिंगर मिसाइलों रहित अन्य अत्याधुनिक हथियारों की आपूर्ति की घोषणा कर चुका है। उच्च गति वाले ये स्टिंगर बहुत सटीक होते हैं और हेलीकॉप्टर को गिराने के लिए इनका इस्तेमाल किया जाता है। यूक्रेनी अधिकारी इन शक्तिशाली हथियारों को मुहैया कराने का अनुरोध कर रहे थे। एस्तोनिया भी यूक्रेन को स्टिंगर मुहैया करा रहा है। ऑस्ट्रेलिया सरकार ने भी सोमवार को घोषणा की कि वह रूसी हमले के खिलाफ यूक्रेन की मदद करने के लिए घातक सैन्य हथियार मुहैया कराएगा।

### रूस यूक्रेन युद्ध को रोकने के लिए वार्ता ही एकमात्र विकल्प: दलाईलामा



**धर्मशाला:** तिब्बती धर्मगुरु और नोबेल शांति पुरस्कार विजेता दलाई लामा ने यूक्रेन में शांति बहाल करने के लिए वार्ता की उम्मीद की है। दलाई लामा ने धर्मशाला में अपने आवास से सोमवार सुबह जारी अपने बयान में कहा कि "मुझे यूक्रेन में चल रहे संघर्ष से गहरा दुख हुआ है। हमारी दुनिया इतनी अन्योन्याश्रित हो गई है कि दो देशों के बीच हिंसक संघर्ष अनिवार्य रूप से बाकी शब्दों को प्रभावित करता है। युद्ध पुराना हो चुका है। अहिंसा ही एकमात्र रास्ता है। हमें अन्य मनुष्यों को भाई-बहन मानकर मानवता की एकता की भावना विकसित करने की आवश्यकता है।

## 'मंगल पर भी फंसे होंगे भारतीय तो हम निकाल लाएंगे'

### यूक्रेन के पड़ोसी देशों में जाएंगे 4 मंत्री, छठी फ्लाइट पहुंची



**नई दिल्ली:** यूक्रेन में फंसे भारतीय स्टूडेंट्स को निकालने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विशेष बैठक की है। इसके मुताबिक चार मंत्रियों को यूक्रेन बॉर्डर से लगे पांच देशों में भेजा जाएगा। शुरूआती जानकारी के अनुसार हरदीप सिंह पुरी को हंगरी, किरण रिजिजू को स्लोवाकिया, ज्योतिरादित्य सिंधिया को रोमानिया और मॉलडोवा, जनरल वीके सिंह को पोलैंड भेजा जा रहा है। केंद्र सरकार ने फंसे भारतीय छात्रों को निकालने के लिए एक वैकल्पिक रेल रूट की पहचान की है। यह रेल रूट पश्चिमी यूक्रेन के उजहोरोड से हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट तक जाता है। बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह ने यूक्रेन में फंसे भारतीय नागरिकों और उनके परिजन को भरोसा दिलाते हुए कहा है कि भले ही आप मंगल ग्रह पर भी फंसे होंगे तो हम आपकी मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व वाली भारतीय सरकार की यही सोच है। प्रधानमंत्री को सोच दूरदर्शी है। यही कारण है कि उन्होंने भारत के चार मंत्रियों को यूक्रेन की सीमा से लगे देशों में भेजने का निर्णय किया है।

**जयशंकर ने पोलैंड के विदेश मंत्री से बात की:** भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ट्वीट कर बताया कि उन्होंने पोलैंड के विदेश मामलों के मंत्री के साथ यूक्रेन के घटनाक्रम पर चर्चा की। उन्होंने आगे कहा कि हम यूक्रेन से भारतीय छात्रों को निकालने के लिए पोलैंड की मदद की सराहना करते हैं। इस बीच भारत में रूस के दूतावास ने भारतीय मीडिया से कहा है कि वह यूक्रेन और रूस की रिपोर्टिंग में संयम बरते, ताकि सही जानकारी भारतीय लोगों तक पहुंच सके।

## ग्रोथ को झटका: पिछले क्वार्टर के मुकाबले 3% घटी देश की जीडीपी ग्रोथ

**नई दिल्ली:** अक्टूबर-दिसंबर 2021 में जीडीपी ग्रोथ 5.4% रही, जो पिछले क्वार्टर के मुकाबले 3% कम है। इससे पहले जुलाई-सितंबर 2021 में इकोनॉमी 8.4% की रफ्तार से बढ़ी थी। ठरड की ओर से जीडीपी ग्रोथ का ताजा आंकड़ा जारी किया गया है। अब चौथी तिमाही में भी इकोनॉमी पर कच्चे तेल की कीमतों में बढ़त और यूक्रेन-रूस के टकराव का असर दिख सकता है। इसके चलते अनुमान लगाया जा रहा है कि जनवरी-मार्च के बीच भी इकोनॉमी की रफ्तार धीमी ही रहेगी। दूसरी तिमाही में अर्थव्यवस्था में सुधार का सबसे बड़ा कारण लो बेस था। हालांकि खपत और निवेश में भी सुधार आया था। वैक्सीनेशन, कम ब्याज दरों की वजह से सेंटिमेंट में सुधार दिखा था। एफवाई22 में कुल 8.9% की ग्रोथ का अनुमान लगाया गया है।




### जो टोटी चुराते थे, वे रोटी कैसे प्रदान कर सकते हैं: अनुराग ठाकुर

**देवरिया:** केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर देवरिया शहर में रोड शो के लिए आज पहुंचे थे । केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने भाजयुमो द्वारा बैतालपुर में आयोजित युवा विजय चौपाल को सम्बोधित करते हुए कहा कि अखिलेश यादव हमला बोलते हुए कहा कि जो टोटी चुराते थे, वे रोटी कैसे प्रदान कर सकते हैं।

सपा प्रमुख के मुफ्त बिजली वादे पर चुटकी लेते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि सपा कार्यकाल में तो बिजली हुआ ही नहीं करती थी।

### अमूल ने दूध का दाम 2 रुपये प्रति लीटर बढ़ाये, नई दरें एक मार्च से लागू




**नई दिल्ली:** यूक्रेन-रूस के बीच जारी युद्ध का असर भारत में दिखने लगा है। देश के सबसे बड़े डेयरी ब्रांड अमूल ने अपने दूध के दाम बढ़ाने का ऐलान किया है। कंपनी ने अमूल दूध के दाम में 2 रुपये प्रति लीटर का इजाफा किया है। दूध की बढ़ी हुई कीमतें एक मार्च, 2022 से लागू होंगी। कंपनी की ओर से जारी बयान में इस संबंध में कहा गया है कि दूध की कीमतों में की गई इस बढ़ोतरी के बाद एक मार्च से बाजार में अमूल गोल्ड की कीमत बढ़कर 60 रुपये प्रति लीटर, अमूल ताजा की कीमत 48 रुपये प्रति लीटर और अमूल शक्ति का दाम 56 रुपये प्रति लीटर हो जाएगी। ग्राहकों को अब आधा लीटर अमूल गोल्ड के लिए 30 रुपये, अमूल ताजा के लिए 24 रुपये और अमूल शक्ति के लिए 27 रुपये देने होंगे। उत्पादन लागत में बढ़ोतरी की वजह से दूध की कीमतों में इजाफा करने का फैसला किया गया है।

## यूक्रेन से लौट रहे भारतीय नागरिकों को कोरोना नियमों से छूट

**नई दिल्ली:** यूक्रेन में फंसे भारतीय नागरिकों को स्वदेश लाने का सिलसिला जारी है। इस बीच सोमवार को केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने यूक्रेन से लौट रहे यात्रियों के लिए मौजूदा दिशा-निदेर्शों में संशोधन किया है। मानवीय आधार पर यूक्रेन से लौट रहे भारतीय नागरिकों के लिए अब आरटीपीसीआर टेस्ट कराने और उसकी रिपोर्ट को अपलोड करने की अनिवार्यता से छूट दे दी गई है। इस संबंध में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव लव अग्रवाल ने




विदेश मंत्रालय को पत्र लिख कर संशोधित दिशा-निर्देश जारी किए। संशोधित नियमों के अनुसार यूक्रेन से लौट रहे भारतीयों को एयर-सुविधा पोर्टल पर प्रस्थान से पहले आरटीपीसीआर की निगेटिव रिपोर्ट अपलोड करने से छूट दी गई है।

इसके अलावा अगर कोई यात्री आगमन पूर्व आरटीपीसीआर परीक्षण कराने में सक्षम नहीं है या जिन्होंने अपना कोरोना टीकाकरण पूरा नहीं किया है, तो उन्हें 14 दिनों के लिए अपने स्वास्थ्य की स्व-निगरानी करने की सलाह दी गई है।

भारत आने के कुछ दिन बाद यदि यात्री कोरोना पॉजिटिव पाया जाता है तो निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार उनका इलाज सुनिश्चित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि 28 फरवरी तक यूक्रेन से 1156 भारतीय भारत आ चुके हैं, किसी भी यात्री को आइसोलेशन में नहीं रखा गया है।

## टाटा-सायरस मिस्त्री विवाद पर 10 दिन बाद सुप्रीम सुनवाई

**नई दिल्ली:** टाटा-सायरस मिस्त्री विवाद में सायरस मिस्त्री की की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 10 दिन बाद सुनवाई करेगा। पिछले साल सुप्रीम कोर्ट ने मिस्त्री को टाटा ग्रुप के चेयरमैन पद से हटाने के बोर्ड के फैसले को सही ठहराया था। मिस्त्री ने इस फैसले में अपने ऊपर की गई कुछ टिप्पणियों को हटाने का अनुरोध किया है। सुप्रीम कोर्ट ने 26 मार्च 2021 को सायरस मिस्त्री को दोबारा टाटा संस का एक्जीक्यूटिव चेयरमैन बनाने के एनसीएलएटी के आदेश को गलत करार दिया था।



एनसीएलएटी के फैसले के खिलाफ टाटा संस की अपील को सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार करते हुए कहा था कि सायरस मिस्त्री के ग्रुप शापूरजी पलोंजी को टाटा संस में उसके शेयर के हिसाब से मिलने वाले मुआवेज पर अलग कानूनी प्रक्रिया चलेगी।

## 2017 से पहले बिजली आती नहीं थी, अब जाती नहीं है: योगी

### पथरदेवा में भी गरजे सीएम, बोले पहले विकास केवल सैफई तक ही था



**देवरिया:** पथरदेवा विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी सूर्यप्रताप शाही के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के बुलडोजर का तो कमाल है। मुख्यमंत्री योगी ने अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि 2017 से पहले सपा शासन में सबका साथ और सिर्फ सैफई का विकास होता था। बिजली ईद और मुहर्रम में आती थी, जो दिवाली में गायब हो जाती थी। 2017 से पहले बिजली आती नहीं थी, अब जाती नहीं है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पहले मूर्ति विसर्जन नहीं हो पाता था। पहले की सरकारों में हर तीसरे दिन दंगा हो जाता था लेकिन जबसे हमारी सरकार आई है । तबसे 5 वर्षों में कोई दंगा नहीं हुआ।अपराधी आज जेल में है। यह बुलडोजर सड़क हाइवे भी बनाएगी और माफिया द्वारा अवैध कब्जा से मुक्त भी कराएगी।

**रुद्रपुर से विपक्ष पर मुख्यमंत्री ने बोला हमला:** रूद्रपुर और बरहज से भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में छपौली रुद्रपुर के मैदान में आयोजित चुनावी सभा को सम्बोधित करते हु ए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मतदान के छठें और सातवें चरण में हम जीत का छक्का लगाने आए हैं। सीएम योगी ने कहा कि पांच चरणों के चुनाव के बाद मैं कह सकता हूं कि बीजेपी पूर्ण बहुमत से आगे चल रही है। छठें और सातवें चरण में हम छक्का मारने के लिए आए हैं जिससे हम 300 पार के लक्ष्य को फिर से प्राप्त कर सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि समाजवादी पार्टी के लिए विकास का मतलब कब्रिस्तान की बाउंड्री बनाना है । लेकिन हमारे लिए विकास का मतलब लोगों के दरवाजे पर पानी, बिजली, राशन और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है ।हम 2 करोड़ युवाओं को स्मार्टफोन-टैबलेट देंगे।

## 'राज्यों सेक्स वर्कर्स को राशन से वंचित न करें'

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने कोरोना महामारी के दौरान सेक्स वर्करों को राशन मुहैया कराने की मांग पर सुनवाई करते हुए सभी राज्यों को निर्देश दिया है कि सेक्स वर्कर्स की पहचान की प्रक्रिया जारी रखें और उन्हें राशन से वंचित न करें। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्यों द्वारा दाखिल स्थिति रिपोर्टों में सेक्स वर्कर्स के आंकड़े वास्तविक नहीं हैं। कोर्ट ने 29 सितंबर 2020 को राज्य सरकारों को निर्देश दिया था कि वो नाको के जरिये सेक्स वर्कर्स को सूखा राशन उपलब्ध करवाएं।



जस्टिस एल नागेश्वर राव की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा था कि राज्य सरकारें सेक्स वर्कर्स को राशन उपलब्ध कराते समय उनसे पहचान पत्र के लिए जोर नहीं देंगी। कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा था कि क्या वो कोरोना के संकट के समय ट्रांसजेंडर्स को दी जानेवाली सहायता सेक्स वर्कर्स को भी दे सकते हैं। कोर्ट ने कहा कि 2011 में कोर्ट ने कहा था कि सेक्स वर्कर्स को भी अन्य लोगों की तरह ही गरिमा के साथ जीने का अधिकार है। उस समय देश भर के सेक्स वर्कर्स की हालत का अध्ययन करने के लिए कोर्ट ने एक कमेटी का गठन किया था। यह याचिका दरबार महिला समन्वय कमेटी ने दायर की थी। याचिकाकर्ता की ओर से वकील आनंद ग्रोवर ने कोर्ट से कहा कि नाको के अध्ययन के मुताबिक देश भर में करीब आठ लाख 68 हजार से ज्यादा महिला सेक्स वर्कर्स हैं जबकि देश के 17 राज्यों में करीब 62 हजार 137 ट्रांसजेंडर हैं। ट्रांसजेंडर की संख्या के 62 फीसदी सेक्स वर्कर्स हैं। याचिका में कहा गया है कि कोरोना संकट के दौरान मिलनेवाली सहायता बड़ी संख्या में सेक्स वर्कर्स को इसलिए नहीं मिल रही है कि उनके पास पहचान पत्र नहीं है। यह सुप्रीम कोर्ट के पहले के आदेश का उल्लंघन है।

## खबर संक्षेप

### पैरामिलिट्री की गाड़ी की चपेट में आया स्कूटी सवार

**प्रयागराज।** रसूलाबाद मोड़ पर सोमवार सुबह पैरामिलिट्री की गाड़ी की चपेट में आने से स्कूटी सवार युवक जख्मी हो गया। इस हादसे के बाद वहां लोगों का जमावड़ा लग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल भेज दिया। बताया जा रहा है कि उसे मामूली चोट लगी है। पुलिस की मानें तो सोमवार को पैरामिलिट्री के जवानों की गाड़ियां चुनाव ड्यूटी के लिए निकल रही थीं। तेलियरगंज के आगे रसूलाबाद मोड़ पर अचानक से गाड़ी के नीचे स्कूटी सवार आ गया। गाड़ी चालक की सक्रियता से स्कूटी सवार की जान बच गई। अगर ब्रेक लगाने में देर हो जाती तो गाड़ी उसके ऊपर चढ़ जाती। इस घटना के बाद वहां दर्जनों गाड़ियों की लाइन लग गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह स्थिति को संभाला और स्कूटी को कब्जे में लेकर थाने भेज दिया।

# माघ मेले के अंतिम स्नान पर्व महाशिवरात्रि के दृष्टिगत मंडलायुक्त ने की समीक्षा बैठक

**मेला क्षेत्र में सफाई व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं हेतु सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए , महाशिवरात्रि के स्नान हेतु 6 स्नान घाटों की व्यवस्था की गई है जिन स्थानों पर शौचालयों की उपलब्धता नहीं है वहां पर आवश्यकता अनुसार नगर निगम के मोबाइल टॉयलेट्स लगाने की व्यवस्था करने के निर्देश**

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** माघ मेले के अंतिम स्नान पर्व महाशिवरात्रि के दृष्टिगत की गई सभी व्यवस्थाओं की समीक्षा आज मंडलायुक्त श्री संजय गोयल ने अन्य अधिकारियों समेत मेला प्राधिकरण कार्यालय स्थित आई ट्रिपल सी सभागार में बैठक कर की। बैठक में उन्होंने मेला क्षेत्र, घाटों तथा शौचालयों में पूर्णताः सफाई व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश देते हुए सफाई कर्मियों की सभी जगह तैनाती सुनिश्चित करने को कहा।

कल्पवास की समाप्ति के उपरांत मेला क्षेत्र में बसावट खत्म हो गई है। अतः महाशिवरात्रि के स्नान पर्व हेतु प्रशासन द्वारा 6 घाटों पर स्नान की व्यवस्था की है। इसके अतिरिक्त मेला क्षेत्र में लगभग 650 शौचालयों की भी व्यवस्था की गई है। बैठक के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त ने निर्देशित किया कि मेला क्षेत्र के जिन स्थानों पर शौचालयों की उपलब्धता नहीं है वहां पर इस स्नान पर्व के दृष्टिगत नगर निगम के मोबाइल टॉयलेट्स आवश्यकता अनुसार लगाने की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कोविड हेल्प डेस्क एवं एंबुलेंस की भी व्यवस्था मेला क्षेत्र के सभी अपेक्षित स्थानों पर रखने के निर्देश दिए। मेला क्षेत्र में अभी भी 3 प्राथमिक चिकित्सा केंद्र एवं एक अस्पताल कार्यरत हैं। महाशिवरात्रि के स्नान पर्व पर शिव दर्शन की मान्यता होने के कारण मंडलायुक्त ने सोमेश्वर महादेव, मनकामेश्वर मंदिर एवं नाग वासुकी मंदिर के आसपास भी सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करते हुए समुचित पार्किंग व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए हैं। बैठक में मेला अधिकारी श्री अरविंद कुमार चौहान, पुलिस अधीक्षक मेला श्री राजीव नारायण मिश्रा समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



समीक्षा बैठक करते मण्डलायुक्त व अन्य अधिकारी

# बम फटने के मामले में पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** करेली के गौसनगर में मतदान केंद्र के बाहर बम फटने के मामले में पुलिस ने गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। खास बात यह है कि चचेरे भाई के साथ ही इसमें मृतक को भी आरोपी बनाया गया है। मामले में आयुध अधिनियम की भी धाराएं लगाई गई हैं। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है। घटना एक दिन पहले हुई थी जब झोले में रखा बम फटने से कोरांव के रामगढ़ निवासी अर्जुन कोल (21) की मौत हो गई थी। घटना के बाद पुलिस ने मृतक के साथ जा रहे उसकेचचेरे भाई संजय कोल को हिरासत में ले लिया था। देर रात पुलिस ने खुद वादी बनकर इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया। एसआई गिरीश चंद राय की तहरीर पर संजय के साथ ही अर्जुन पर भी केस दर्ज किया गया। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में संजय ने बताया है कि उसे नहीं मालूम था कि संजय ने झोले में क्या रखा था। उसने मोबाइल खरीदने जाने की बात कही थी जिसके बाद वह उसके साथ दुकान जा रहा था। तभी रास्ते में यह वारदात हो गई।

### बंद हो गया था कैमरा

सूत्रों का कहना है कि घटनास्थल के पास ही आईट्रिपलसी से संचालित सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है। लेकिन घटना के दौरान कुछ देर के लिए कैमरा बंद हो गया था। आसपास की दुकानों पर लगे दो कैमरे भी बंद थे। फिलहाल प्रत्यक्षदर्शियों के बारे में पता लगाया जा रहा है। उनसे पूछताछ की जाएगी।

# महाशिवरात्रि पर 120 वर्ष बाद बना संयोग, सबकी पीड़ा हरेगा पंचग्रही योग

आलोक गुप्ता

**शंकरगढ़।** शिशिर ऋतु का महाशिवरात्रि का पर्व आज, एक मार्च को धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इसकी तैयारियां जोरों से चल रही हैं। सनातन धर्म में खासा महत्व वाले महाशिवरात्रि पर्व पर इस बार पंचग्रही योग बना हुआ है। इसके अलावा परिघ के साथ सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है। पंचग्रही योग 120 बरस बाद बना है। मकर राशि में मंगल, शनि, बुध, शुक्र के साथ चंद्रमा भी गोचर कर रहे हैं। यह योग सभी के लिए सुख-समृद्धि, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा बढ? वाला सिद्ध होगा। धार्मिक मान्यता है कि देवाधिदेव भगवान शिव अजन्मे हैं। इसका अर्थ है कि जन्म लेने से पहले भी शिव हैं और मृत्यु के बाद भी शिव हैं। ये सृष्टि रहे न रहे किन्तु शिव सदैव थे, हैं और रहेंगे। इस बार महाशिवरात्रि के मौके पर बन रहे खास संयोग इसे और खास बना रहे हैं। इन संयोगों केबीच महाशिवरात्रि पर महादेव की विधि के अनुसार पूजा शत्रुओं का नाश और भक्तों को प्रसिद्धि दिलाने वाली है। पंडित त्रियुगीकांत मिश्र ने बताया कि इस साल महाशिवरात्रि पर कई दशकों बाद पंचग्रही योग आ रहा है। बताया कि जब पांच ग्रह किसी एक ही राशि में एक साथ होते हैं, तो इसे पंचग्रही योग कहा जाता है। ज्योतिष के अनुसार आमतौर पर पंचग्रही योग शुभ फल देने वाले ही होते है, लेकिन कभी-कभी ये योग नकारात्मक प्रभाव भी छोड़ते हैं, पर इस बार बना पंचग्रही योग सभी के लिए फलदायी है। पंचग्रही योग के साथ महाशिवरात्रि के दिन सिद्धि योग भी बनने जा रहा है। जो ज्योतिषशास्त्र में विशेष फल देता है और मन की सभी इच्छाओं को पूरा करता है। मान्यता है कि इस योग में नया काम शुरू करने से पूर्व जातकों को शुक्रास्त, पंचक अथवा भद्रा आदि देखने की जरूरत नहीं पड़ती। त्रियुगीकांत मिश्र ने बताया कि इस बार परिघ योग भी बन रहा है। यह महाशिवरात्रि के दिन 11:16:53 बजे ( पूर्वाह्न) तक रहेगा। मान्यता है कि इस योग में पूजा करने से शत्रुओं पर विजय प्राप्त होती है। इसके अलावा शिव योग बनने जा रहा है। जो एक मार्च को 11:18 बजे से शुरू होकर अगले दिन 08:21 बजे सुबह तक रहेगा। शिव योग किसी भी तरह के मांगलिक काम को करने के लिए सबसे उत्तम माना जाता है। महाशिवरात्रि पर कन्या और वृषभ राशि के लोगों के लिए इस योग का बनना बहुत शुभ फलदायी रहेगा।



### महाशिवरात्रि को लेकर मंदिरों में धूम धाम से भव्य सजावट से की गई तैयारियां

**करछना।** क्षेत्र के प्राचीन शिवालयों में महाशिवरात्रि पर्व पर बड़ी संख्या में भक्तजनों ने शिवालयों में धूमधाम से शिवरात्रि का त्यौहार मनाए जाने को लेकर साफ सफाई साज, सज्जा का रंग रूप दिया जा रहा है करछना क्षेत्र के कुशगढ़ में प्राचीन शिवालय में भक्तों ने शिवालय को सजावट का रूप देकर भक्तों के लिए पूजा पाठ करने के लिए बेहतरीन ढंग से तैयारियां की है ,इसी तरह करछना शिव मंदिर पर तैयारियां जोरों से चल रही हैं जहां पर कल बड़ी संख्या में श्रद्धालु विगत वर्षों की भाति इस वर्ष भी मंदिर के आयोजक विनोद कुमार सिंह भुगाई सिंह एवं स्थानीय श्रद्धालुओं द्वारा शिवरात्रि पर विशेष पूजन अर्चन एवं प्रसाद वितरण की तैयारियों में जुटे हुए हैं इसी क्रम में क्षेत्र के दर्जन भर से अधिक शिवालयों में भक्तों द्वारा शिव पूजा के लिए मंदिरों को सजावट का रूप दिया है जहां पर मंगलवार को महाशिवरात्रि जलाभिषेक एवं पूजन श्रद्धालु लोग कर सकेंगे जिसके लेकर पूरे क्षेत्र में तैयारियां जोरों पर हैं।

### दो अलग अलग गांवों में लाखों की चोरी मुकदमा दर्ज , दर्जनों स्थानों से सोलर बैटरी चोरी

**मऊआइमा।** मऊआइमा क्षेत्र में चोरी की घटनाओं की बाढ सी आ गई है। कस्बा में आए दिन चोरी की घटना होना आम बात हो गई है । अब तक दर्जनों स्थानों पर शोलर लाइटों की बैटरी चोर चोरी कर चुके हैं । मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुर में प्रेम चन्द्र द्विवेदी पुत्र जगदीश चंद्र के यहां अज्ञात चोर घर के पीछे के रास्ते से चढ कर कर कमरे का ताला तोड़कर कमरे में रखा सन्दूक में से पचास हजार नगदी तथा तथा सोना ,चांदी के जेवरात सहित अनेकों कीमती सामान लाखों की चोरी कर ले गए । भुक्तभोगी प्रेमचन्द्र ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। इसी प्रकार ग्राम अशोक नगर सरैंया निवासी मुस्ताक अहमद पुत्र अब्दुल वहीद की सिलाई की दुकान का ताला तोड़कर चोर चार सिलाई मशीनों तथा दो इन्टरलाकिंग मशीनों के अलावा अन्य सामान चोर चोरी कर ले गए । भुक्तभोगी मुस्ताक अहमद ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है । इसी प्रकार मऊआइमा कस्बा में विभिन्न स्थानों पर लगे सोलर लाइटों की बैटरी चोर उडा चुके हैं। नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न मोहल्लों से सोलर लाइटों की बैटरी चोरी होना आम बात हो गई है।

# मोदी और योगी की जोड़ी विकास का पर्याय है : शिवराज चौहान

अखंड भारत संदेश

**जंघई।** भारतीय जनता पार्टी ही प्रदेश में एक ऐसी पार्टी है जो प्रदेश की समस्त जनता को साथ में लेकर चल रही है। अन्य दल के लोगो को जनता की याद तभी आती है जब देश या प्रदेश में चुनाव आता है। देश व प्रदेश पर राज करने वाले अब अपनी ही सीट के लिए गिड़गिड़ा रहे है। उक्त बातें मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान गरियांव स्थित खेमराज शुक्ल इंटरमीडिएट कालेज में आयोजित हजारों लोगों की उपस्थिति में चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे ।उन्होंने योगी के माफियाओं पर बुलडोजर व आम जनता को मिलने वाली मूल सुविधाओं को गिनाया। उन्होंने लोगों से भाजपा प्रत्याशी को भारी बहुमत से जिताने की अपील करते हुए कहा कि जौनपुर जनपद से मेरा गहरा नाता है। मैं पिछले चुनाव से ही यहां की जनता का कर्जदार हूँ।अजय दूबे को जिताइये, हर कर्ज मैं उतारने का वादा करता हूँ। इससे पूर्व मुंगराबादशाहपुर विधान सभा से भाजपा के प्रत्याशी अजय शंकर दुबे, राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी समेत अन्य पदाधिकारियो ने माननीय मुख्यमंत्री शिवराज चौहान का माल्यार्पण कर भरपूर स्वागत किया। कार्यक्रम के शुरूआती दौर में राज्य सभा सांसद सीमा द्विवेदी ने कहा कि बाबा जी का बुलडोजर गरीबो के ऊपर नही चलेगा। यह उनके ऊपर चलेगा जो गरीबो के ऊपर अत्याचार करेगा। हम यहां आप सबसे अपील करने आई हूं कि आप सभी अजय शंकर दुबे अज्जू को अधिक से अधिक मतों से विजयी बनाएं मुंगराबादशाहपुर से प्रत्याशी अजय शंकर दूबे ने कहा कि मैं नेता नही बेटा बनकर आप सबका आशीर्वाद मांग रहा हूं। मुंगराबादशाहपुर से जंघई सड़क मार्ग को पहले बनवाया जाएगा।यहां के लोगों को रोजगार व नौकरी के लिए किसी अन्य प्रदेश नही जाना पड़े।इसके लिए कई मल्टीनेशनल कम्पनियां इस क्षेत्र में लाऊंगा । मुख्य अतिथि शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सपा के राज में अपराधी निडर थे, गुंडे, बदमाश, माफिया राज था। इन विषम परिस्थितियों में बाबा जी ने आकर इन बदमाशों के खौफ को खत्म किया। हमारे बाबा तुरंत फैसले लेते हैं, और कोई गड़बड़ करता है तो बुलडोजर से नेस्तनाबूद कर देते हैं।उन्होंने सपा पर तंज कसते हुए कहा कि जो अपने बाप का नही हुआ, वह आपका का क्या होगा। ऐसे लोग सत्ता सुख के लिए कुछ भी कर सकते हैं। औरंगजेब ने भी तो यही किया था। अपने बाप शाहजहां को जेल में बंद कर दिया था।रेलवे फाटक के बगल से मंच तक सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्थाआ हेतु भारी संख्या में पुलिस फोर्स क्षेत्राधिकारी मछलीशहर अतर सिंह, थानाध्यक्ष मीरगंज सुरेश सिंह, सहित कई थानो की फोर्स नजर गड़ाये रही।कार्यक्रम की अध्यक्षता विनोद कुमार साहू तथा कार्यक्रम का संचालन महेंद्र विजय शुक्ला ने किया।इस अवसर पर राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी,रायबरेली के सांसद आर बी सिंह,एसपी बघेल,बालकृष्ण पाण्डेय, ओला सिंह,राजकुमार पाल,छैला पासी,खेमराज शुक्ल,पुष्पा शुक्ला, चंद्रमणि तिवारी, कृष्णपाल चौहान , उपेंद्र चौहान ,रामप्यारे चौहान मुखिया, कृष्ण पाल, अनिल चौहान, विनोद चौहान, नरसिंह चौहान, रामलाल चौहान, मानस शुक्ला, आर्यन पाण्डेय, रोहित संजीव, श्रुति चौहान, रोहित शर्मा, संजीव कुमार, राजेश यादव, रहे।

हेलीपैड पर किया स्वागत करने वालों में भाजपा के मध्य प्रदेश सह प्रभारी रामलोलारख उर्फ ओला सिंह, चन्द्रमणि तिवारी , रमेश प्रताप सिंह, मनोज प्रताप सिंह प्रधान, चंद्रेश गुप्ता,दिलीप शर्मा, महेंद्र कुमार संतोष गुप्ता, रंजना सिंह, पुष्पा शुक्ला, नीरज दुबे, चन्दन त्रिपाठी, श्यामबिहारी शुक्ला, प्रीति पाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।


जंघई के गरियांव स्थित खेमराज शुक्ल इं.कालेज में आयोजित जनसभा में मंच पर शिवराज सिंह चौहान

# राम व शिव का नाम जपने से ही होता है उद्धार : अमर नारायण महाराज

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** मेजा तहसील के अंतर्गत मिश्र पुर कुर्की कला मेजा गांव में पांच दिवसीय महाशिव पुराण कथा में महराज अमर नारायण काशी जी ने कहा कि राम ,वह शिव का नाम जपने से ही उद्धार होता है। कथा मे अमरनाथ महाराज काशी,व मनोज महाराज शास्त्री जी सीतामढ़ी, शिव विवाह का पूरा कथा सुना रहे थे तो भक्त शांतिपूर्वक सुन रहे थे।यह महाशिव पुराण कथा समापन 1 मार्च दिन मंगलवार को समापन होगा। कथा का समय सुबह 11:00 से 5:00 बजे तक होगा 1 मार्च रात 9:00 बजे से जागरण भी प्रारंभ होगा। महाप्रसाद का वितरण 2 मार्च दिन बुधवार को होगा। इस महाशिव महापुराण कथा के आयोजक हनुमान दास सेठ भगवान दास सेठ है। श्री सेठ ने कहा कि सभी भक्तगण कथा श्रवण करने के लिए सुबह 11:00 से 5:00 तक पहुंचकर कथा सुनते है ।मुख्य यजमान पूज्य माता श्री शारदा देवी। जिसमें उपस्थित राजू राम जी महेश कुमार क्षेत्र पंचायत सदस्य राजा एडवोकेट दीपू पवन भरत यारों अंशु प्रांजल कान्हा बलराम दास सेठ विष्णु दास सेठ आदि।

### आजाद पार्क में शुरू हुआ लाइट एंड साउंड शो का काम

**प्रयागराज।** शहीद चंद्रशेखर आजाद पार्क में लाइट एंड साउंड शो और सुंदरीकरण का काम शुरू कर दिया गया है। कार्यदायी एजेंसी तालाब की सफाई करा रही है। स्मार्ट सिटी के तहत लाइट एंड साउंड शो के लिए तालाब के पास कंट्रोल रूम बना दिया गया है। पार्क को और भी खूबसूरत बनाने की योजना है। लाइट एंड साउंड के संदर्भ में एजेंसी योजना तैयार करेगी। एजेंसी तय करेगी कि लाइट एंड साउंड शो में क्या दिखाया जाएगा। इससे पहले इस शो में मेगा स्टार अमिताभ बच्चन की आवाज शामिल करने की योजना थी। प्रयागराज स्मार्ट सिटी लिमिटेड के एक अधिकारी ने बताया कि अमिताभ बच्चन की आवाज और शो के थीम पर कार्यदायी एजेंसी निर्णय लेगी।






उपद्रवियों द्वारा ईंट पत्थर से क्षतिग्रस्त हुई रोडवेज बस एवं मौके पर जांच पड़ताल करती थाना थरवई व थाना सराय इनायत पुलिस।

# पुलिस की बस पर पथराव, दो गिरफ्तार

**चार अज्ञात पर मुकदमा, भदोही चुनाव संपन्न कराने जा रही पुलिस पर उपद्रवियों ने बस का थोड़ा कांच**

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** गंगापार के थरवई थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार फुलपुर विधानसभा क्षेत्र से मतदान कराकर भदोही जनपद के लिए जा रही पुलिस की बस पर उपद्रवियों ने पत्थरबाजी की। जिससे रोडवेज बस का शीशा टूट गया। अलर्ट पुलिस ने दौड़ाकर दो उपद्रवियों को पकड़ लिया वहीं 4 भागने में सफल हो गए। थरवई पुलिस उनके बारे में जानकारी एकत्र कर रही है।

### ओवरटेक को लेकर कहासुनी के बाद पथराव

सोमवार को थरवई थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर थानापुर गांव के सामने जैसे ही बस पहुंची। वहां पर एक वाहन को ओवरटेक को लेकर कुछ युवकों से बस चालक से कहासुनी हो गई। इस बीच उनमें से एक युवक ने कुछ लोगों को बुला लिया। आधा दर्जन से पहुंचे युवकों ने बस पर पत्थरबाजी शुरू कर दी। जिससे रोडवेज बस का शीशा टूट गया। किसी भी पुलिस जवान को चोट नहीं आयी। बस में बैठी पुलिस अलर्ट हो गई।पुलिस जवानों ने दोड़ाकर दो उपद्रवियों को पकड़ लिया। वहीं सूचना पाकर थरवई पुलिस वहा पहुंची। पुलिस की तहरीर पर दो युवक शिव प्रकाश विश्वकर्मा निवासी चकिया थाना सराय इनायत एवं महेंद्र यादव निवासी बगई कला थाना सराय इनायत व 4 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शिव प्रकाश व महेंद्र यादव को पुलिस ने गिरफ्तर कर जेल भेज दिया है। थरवई थाना इंस्पेक्टर का कहना है कि बस रोकवाने को लेकर कहासुनी के बाद पत्थरबाजी की गई। दो को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। वहीं 4 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# मतदान को लेकर मतदाताओं के साथ ही कर्मचारियों में भी दिखा उत्साह

अखंड भारत संदेश

### पोलिंग कर्मचारियों में रहा सेल्फी व फोटो लेने का उत्साह

**फूलपुर।** पहली बार विधानसभा चुनाव की ड्यूटी में लगे बहुत से युवा कर्मचारियों में इस बार पोलिंग पार्टियों की रवानगी से लेकर मतदेय स्थल पर पहुंचने व वहां से रवानगी के बाद स्वयं की फोटो और ग्रुप के साथ सेल्फी लेने का इस बार खूब उत्साह देखा गया। खासकर महिला कर्मचारियों में विधानसभा चुनाव ड्यूटी में इस बार जहां सेल्फी व फोटो खिंचवाने का उत्साह देखा गया। वहीं पिछली बार की अपेक्षा इस बार मतदाताओं में मतदान से लेकर फोटो और सेल्फी लेने का कम उत्साह देखा गया। वहीं इस बार मतदान में लगे कर्मचारियों ने मतदाताओं को मतदान कराने के लिए ज्यादा उत्साहित दिखे। पिछली बार उत्साहित युवक व युवतियों ने जहां मतदान करने के बाद सेल्फी व फोटो लेने की होड़ सी लगी थी। इस बार युवाओं ने अपने भविष्य व रोजगार को लेकर जहां अपने परिजनों की राय से अलग मतदान किया। फूलपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत अधिकारी धीरेंद्र कुमार कुशवाहा ने पहली बार कोराव विधानसभा में मतदान अधिकारी के रूप में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए पोलिंग पार्टी के रवानगी से लेकर वहां पहुंचने व घर लौटते समय की फोटो अपने परिजनों व मित्रों को भेजकर उत्साहित नजर आए। शहर के आर्य कन्या डिग्री कॉलेज में प्रवक्ता अनुपमा श्रीवास्तव फूलपुर क्षेत्र के पिंक सखी बूथ पर जहां महिलाओं को उनकी वोट की ताकत को समझाने के लिए अपने साथ कई स्लोगन लिखे पोस्टर लेकर आई और उत्साहित दिखी वहीं स्वयं भी कई बार फोटो व सेल्फी लेकर अपने परिजनों को शेयर करती नजर आई। फूलपुर क्षेत्र के कई गांव में जब मतदाताओं व उनके घर के परिजनों से बात की गई तो सभी की राय अलग-अलग मिली। इससे यह प्रतीत होता है कि इस बार जहां महिलाओं ने अपने पसंद के प्रत्याशी को वोट दिया। वही घर के युवाओं व बुजुर्गों ने अपनी अपनी पसंद के प्रत्याशियों को चुना। जिससे इस बार कोई यह सटीक अनुमान नहीं लगा सकता है कि इस बार किस प्रत्याशी के सिर पर जीत का ताज बधेगा। फूलपुर क्षेत्र के पूरे भुलई, बाबूगंज,वीरकाजी, पाली, मनेथू, तारडीह, आटा, कनौजा कला, चिरौडा, बगई, बारो आदि गाँव की अधिकांश घरों की महिलाओं ने जहां अपने पतियों से अलग राय होकर मतदान किया वही युवा वर्ग ने भी अपने बुजुर्गों की बात न मानकर अपने भविष्य व देश हित के लिए अपने मतदान किये।



मतदान के लिए रवानगी के समय भी पोलिंग पार्टी के कर्मचारियों ने ली सेल्फी

### युवाओं ने मतदान में दिखाया उत्साह...

**प्रतापपुर।** विधानसभा चुनाव में युवाओं ने अपने प्रत्याशी का प्रचार-प्रसार के साथ मतदान में काफी उत्साह दिखाया। प्रतापपुर विधानसभा के पूरे विक्रमशाह, उदगी, रायपुर, भोगवारा, सराय हारिराम, पिडोना आदि गांवों में युवा मतदाताओं की सुबह से लंबी लाइन लगी रही और बूथ के बाहर युवाओं की टोली एकत्रित होकर प्रत्याशियों के जीत-हार के समीकरण पर चर्चा करते दिखे ।पांचवे चरण में 27 फरवरी के मतदान के बाद प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला मतदाताओं ने इवीएम में तय कर दिया अब 10 मार्च को मतगणना पर पता चलेगा किसका भाग्य खुलता है।



# बारा में बदहाल पड़ा पीएचसी एक दशक पूर्व लाखों की लागत से हुआ था निर्माण

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** शासन द्वारा ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए लाखों रूपए खर्च कर उपस्वास्थ्य केंद्र बनवाए गए। जहां एएनएम की नियुक्ति भी की गई, लेकिन विभागीय अधिकारियों की अनदेखी एवं कर्मचारियों की उदासीनता के चलते भवन ही जर्जर हो गया है। जिसके उदाहरण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा के ग्राम पंचायत टिकरी कला में बना प्राथमिक उपस्वास्थ्य केंद्र है। सामुदादिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा के ग्राम पंचायत टिकरी कला में एक दशक पूर्व लाखों रुपए की लागत से प्राथमिक उपस्वास्थ्य केंद्र टिकरी कला का निर्माण कराया गया। तो ग्रामीणों में एक आस जगी कि अब उन्हें गांव में ही स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा। इसी स्वास्थ्य केंद्र पर बतौर आशा बहु इन्द्रावति एवं नीता देवी को नियुक्त किया गया। लेकिन उक्त भवन में तैनात कर्मचारियों के न बैठने के कारण धीरे धीरे जहां भवन जर्जर होता चला गया तो वहीं चोर उचक्के भी रात के अंधेरे में उप स्वास्थ्य केंद्र के खिड़की दरवाजे तक उखाड़ ले गए। जिसके बाद आज लोगों का इलाज करने के लिए खोला गया उपस्वास्थ्य केंद्र खुद स्ट्रेचर पर है।

## खबर संक्षेप

### रेलवे लाइन पर मिला युवक का क्षत-विक्षत शव

**प्रयागराज।** औद्योगिक थाना क्षेत्र के गलुआबाद गांव के समीप रेलवे लाइन पर मालवाहक चालक का क्षत-विक्षत शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। रेलवे पुलिस की ओर से मेमो मिलने पर औद्योगिक थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर लिखा पढ़ी करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार कौंधियारा थाना क्षेत्र के अकोढ़ा गांव निवासी रोहित गौड़ 24 वर्षीय पुत्र पप्पू गौड़ मुर्गी के चूजे का वाहन चलाता था। सोमवार को उसका क्षत- विक्षत शव रेलवे लाइन पर पाया गया। शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। रेलवे पुलिस की ओर से मेमो मिलने पर औद्योगिक थाने की पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को लेकर विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतक दो भाई और चार बहनों में सबसे बड़ा था। थाना प्रभारी संजीव चौबे ने बताया कि किसी ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हुई होगी। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का खुलासा हो सकेगा।

# अज्ञात बदमाशों ने घर में घुसकर महिला पर की जानलेवा हमला, लूटपाट

**अखंड भारत संदेश**

**सिरसा।** प्रयागराज मेजा थाना क्षेत्र पुलिस चौकी सिरसा निकट अमिलहवा चौराहे पर बीती रात को कुछ अज्ञात लोगों ने अनीश अहमद के घर में घुस कर उनकी पत्नी को धारदार हथियार से। मारपीट और लूटपाट की। घायल को प्रयागराज स्थित हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार छतवा ग्राम सभा निवासी अनीश अहमद की शादी 4 महीने पूर्व वजीदा बेगम (35) से हुई थी। अनीस मेजा रोड रेलवे स्टेशन पर फोर्थ क्लास का कर्मचारी है। रविवार रात 12 बजे सेकेंड नाइट ड्यूटी पर चला गया। अज्ञात बदमाशों ने अनीश के घर में घुसकर उसकी पत्नी के साथ मारपीट कर धारदार हथियार से गले आदि पर हमला कर दिया। बदमाश लूटपाट करने के साथ ही घर में लगा सीसीटीवी कैमरा उखाड़ ले गयें। रात में ही चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोगों ने पुलिस सहित पीड़ित के पति को सूचना दी। रात में ही इलाकाई पुलिस मौके पर पहुंची। घायल को नगर स्थित हास्पिटल में भर्ती कराया गया है।



घटना स्थल पर फील्ड यूनिट की टीम के साथ एसटीएफ तथा इन्सेट में घायल अवस्था में पीड़ित महिला

एसओ मेजा तुषार दत्त त्यागी, चौकी इंचार्ज सिरसा हरिश्चंद्र शर्मा, फिल्ड यूनिट टीम और एसटीएफ की टीम घटनास्थल पर पहुँच कर जाँच पड़ताल में जुट गई है।

### 321 केंद्रों पर होगी यूपी बोर्ड परीक्षा

**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड की परीक्षा प्रयागराज के 321 केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। इन केंद्रों में 1.89 लाख छात्र-छात्राएं हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा में शामिल होंगे। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित कमेटी ने पिछले वर्ष की तरह से बार भी 321 केंद्र प्रस्तावित किए हैं। कुछ स्कूलों में दर्जन भर से अधिक स्कूलों के छात्र-छात्राओं के केंद्र बनाए गए हैं। क्रास्थवेट गर्ल्स कॉलेज में ही दर्जन भर स्कूलों के केंद्र बनाए गए हैं। क्रॉस्थवेट में कुलभास्कर आश्रम इंटर कॉलेज, एएम गर्ल्स इंटर कॉलेज निहालपुर, एनी बेसेंट, सिंधु विद्या मंदिर, हंडिया बाबा इंटर कॉलेज दारागंज, टीएसएस गर्ल्स इंटर कॉलेज अल्लापुर, मास्टर ब्रेन गर्ल्स इंटर कॉलेज, चिल्ड्रेंस एकेडमी हाईस्कूल, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज अल्लापुर, आर्नेल्स हायर सेकेंडरी स्कूल, स्वामी विवेकानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कल्याणी देवी, वशिष्ठ वात्सल्य स्कूल और एमएल कान्वेंट के हाईस्कूल के विद्यार्थी परीक्षा देंगे।इसी स्कूल में महर्षि वाल्मीकि इंटर कॉलेज, राणा रमण इंटर कॉलेज दारागंज, एएम गर्ल्स इंटर कॉलेज निहालपुर, हंडिया बाबा इंटर कॉलेज दारागंज, टीएसएस गर्ल्स इंटर कॉलेज अल्लापुर, मास्टर ब्रेन गर्ल्स इंटर कॉलेज, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज अल्लापुर एवं एएम ऑक्सफोर्ड के इंटरमीडिएट के विद्यार्थी परीक्षा देंगे।

# फ्लैट में मृत मिलीं स्कूल की संचालिका जांच में जुटी पुलिस

**राजरूपपुर स्थित एक फ्लैट में अकेले रहती थी प्रीति, पति से हो चुका था तलाक**

**प्रयागराज।** धूमनगंज के राजरूपपुर में प्ले स्कूल संचालिका प्रीति तिवारी (40) फ्लैट के भीतर मृत पड़ी मिली। दो दिन से वह कमरे से बाहर नहीं आई थी। सोमवार दोपहर परिचित युवक ने गार्ड की मदद से दरवाजा तोड़ा तो घटना की जानकारी हुई। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच पड़ताल में यह बात सामने आई है कि वह बीमार रहती थी। शरीर पर कोई चोट का निशान नहीं मिला है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रीति मूल रूप से गोरखपुर की रहने वाली थी और पिछले कई सालों से राजरूपपुर स्थित अंबेडकर विहार आवास योजना चौफटका में फ्लैट नंबर 403 में रहती थी। उसका तलाक हो चुका था और वह अकेले ही रहती थी। पुलिस के मुताबिक, मुंहबोले भाई पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि वह दो दिन से फोन कर रहे थे लेकिन प्रीति कॉल नहीं रिसीव कर रही थी।सोमवार दोपहर में वह फ्लैट पर पहुंचा तो दरवाजा भीतर से बंद मिला। आसपास के लोगों ने पूछने पर बताया कि दो दिन से उसे किसी ने देखा नहीं था। इसके बाद उसने गार्ड के साथ मिलकर दरवाजा तोड़ा तो वह बिस्तर पर मृत पड़ी मिली।धूमनगंज इंस्पेक्टर अनूप सिंह ने बताया कि जांच पड़ताल में यह बात भी पता चली है कि मृतका डायबिटीज से ग्रसित थी। प्रथम दृष्टया यही लग रहा है कि बीमारी से मौत हुई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

#### आर्थिक परेशानी में भी थी मृतका

पुलिस सूत्रों ने बताया कि जांच पड़ताल के बाद यह भी आशंका है कि मृतका आर्थिक तंगी से भी परेशान थी। दरअसल उनकी मौत की खबर पर आसपास के लोग मौके पर जुट गए। इनमें अखबार विक्रेता भी था जिसने बताया कि उसका दो साल से भुगतान नहीं हुआ था। उधर मुंहबोले भाई ने बताया कि मृतका राजापुर में संस्कार नाम से प्ले स्कूल चलाती थी लेकिन कोरोना काल में यह बंद हो गया। जिसके बाद उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पुलिस ने बताया कि मृतका के पिता अखिलेश तिवारी को सूचना दे दी गई है।

# महाशिवरात्रि का व्रत रखने पूर्ण होती है मनोकामनाएं

**महाशिवरात्रि का पर्व आज, लगेगी शिव भक्तों की अपार भीड़, हर हर महादेव की गूंज से गूंज उठेगा शिवालय**

**(सुनील गिरि)**

प्रयागराज। प्रत्येक वर्ष फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को महाशिवरात्रि पर्व मनाया जाता है। महाशिवरात्रि का पर्व मंगलवार को देश भर में मनाया जाएगा। वहीं भगवान शिव के भक्त प्रयागराज में महाशिवरात्रि का पर्व बड़े ही अनोखे अंदाज में मनाते हैं। जगह-जगह शिव बारात निकाली जाती है और भोले बाबा के दरबार में जाकर संपन्न ने होती है। महाशिवरात्रि के दिन भगवान भोले बाबा को बेलपत्र, भांग, धतूरा, मदार, पुष्प, सफेद चंदन, सफेद फूल, मौसमी फल, गंगाजल, गाय के दूध से विधिपूर्वक पूजा की जाती है। महाशिवरात्रि का व्रत रखने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं और लोगों के कष्ट व संकट दूर होते हैं। भय से मुक्ति मिलती है और शिव कृपा से आरोग्य प्राप्त होता है। सुख-सौभाग्य बढ़ता है। महाशिवरात्रि भगवान शिव की आराधना के लिए सर्वोत्तम दिन माना जाता है।

**भोले बाबा को भांग चढ़ाने की है विशेष महत्व**

शंकर भगवान को गंगाजल व बेलपत्र अर्पित करने से ही वह प्रसन्न हो जाते हैं, लेकिन महाशिवरात्रि के दिन भोले बाबा को भांग चढ़ाने का भी विशेष महत्व होता है। मान्यता है कि भांग, भगवान शिव को बेहद प्रिय है और महाशिवरात्रि के मौके पर भांग, भोलेनाथ को चढ़ाकर प्रसाद के रूप में उसका सेवन भी किया जाता है।

**महाशिवरात्रि पर शिव का भोग**

महाशिवरात्रि के दिन गंगा स्नान या घर में ही स्नान कर भगवान शिव की पूजा करने से पहले शिवलिंग को स्नान कर उसका अभिषेक किया जाता है। इसके लिए एक पात्र में केसर, दूध, दही, घी, इत्र, शहद, चंदन, भांग और चीनी को मिलाकर शिवलिंग का अभिषेक किया जाता है। साथ ही भोले नाथ को बेल पत्र चढ़ाने के बाद गुड़ से बना पुआ, हलवा और कच्चे चने का भोग लगाया जाता है। मान्यता के मुताबिक भोले बाबा को मालपुआ बहुत पसंद है।

**ठंडाई पीने का है प्रचलन**

शिवरात्रि आने से पहले मौसम में थोड़ी गर्माहट भी आ जाती है। ऐसे में महाशिवरात्रि के भोग स्वरूप शिव भक्त भगवान शिव को ठंडाई पिलाते हैं।



ठंडाई में अगर भांग मिला दी जाए, तो क्या कहने। इससे न सिर्फ इसका स्वाद दोगुना होता है, बल्कि भोलेनाथ भी बहुत प्रसन्न होते हैं। दूध, चीनी और भांग के साथ-साथ ठंडाई में बादाम, काजू, पिस्ता, सौंफ, खसखस, इलायची और केसर कभी प्रयोग करते हैं।

**महाशिवरात्रि पर शिव को लगता है हलवा का भोग**

महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव को हलवे का भोग लगाया जाता है। हलवा कूट्टू के आटे या फिर सूजी का बनाकर लगाया जाता है। मान्यता है कि हलवे का भोग लगाने से वह बहुत खुश होते हैं और भक्तों की सभी इच्छाएं पूर्ण होती है। महाशिवरात्रि पर भोलेनाथ को मखाने की खीर का भी भोग लगा सकते हैं।

**अचंभित: शिव त्रिशूल की दिशा स्वयं बदल जाता है**

प्रयागराज के पावन पवित्र धरती का महत्व विश्व में भर में प्रसिद्ध है। यहां पर गंगा यमुना सरस्वती का वास होता है। प्रयागराज की नगरी में प्राचीनतम कई शिवलिंग स्थापित हैं। महाशिवरात्रि के दिन शिव भक्त उन शिव मंदिरों में जाकर भोले बाबा की पूजा पाठ विधि विधान के मुताबिक करते हैं। इसी कड़ी में नैनी के श्री प्राचीन सोमेश्वर नाथ मंदिर भी स्थापित है। मान्यता है कि इस मंदिर की स्थापना स्वयं चंद्र देव भगवान ने किया था। बताया जाता है कि शिव मंदिर के ऊपर गुंबद पर लगे त्रिशूल प्रत्येक पूर्णमासी के दिन अपने आप स्वयं दिशा बदल जाता है। जो अपने आप में अचंभित है। इसी प्रकार औद्योगिक क्षेत्र के नेवादा समोगर गांव के समीप स्थापित समोगर नाथ बाबा मंदिर में स्थापित शिवलिंग दिन में रंग बदलते हैं। इन मंदिरों के अलावा फाफामऊ, दारागंज, छतनाग शिवकुटी, चौक समेत कई स्थानों पर ऐसे शिव मंदिरों की स्थापित है जो महाशिवरात्रि के दिन शिव भक्तों की अपार भीड़ जुटती है। साथ ही प्रत्येक मंदिरों स्थापित शिवलिंग की कहानी भी मान्यता के मुताबिक है।

# प्रत्याशी की वोटर स्लिप बांटने में छह बीएलओ नामजद

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** धूमनगंज में विधानसभा चुनाव के लिए एक दिन पहले हुए मतदान के दौरान प्रत्याशी की वोटर स्लिप बांटने के आरोप में छह बीएलओ पर केस दर्ज किया गया है। इस मामले में शहर पश्चिमी की सपा प्रत्याशी रिचा सिंह को भी नामजद किया गया है। पुलिस का कहना है कि जांच पड़ताल की जा रही है।घटना धूमनगंज के प्राथमिक विद्यालय शाहपुर पीपलगांव स्थित मतदान केंद्र के बाहर की है। सेक्टर मजिस्ट्रेट डॉ. सीएल त्रिपाठी की ओर से तहरीर देकर पुलिस को बताया गया कि वोटर स्लिप का वितरण मतदान केंद्र के सामने स्थित भवन के बरामदे में बैठकर बीएलओ कर रहे थे। सुबह 11.30 बजे के करीब वह निरीक्षण करते हुए पहुंचे तो सूचना मिली कि वोटर स्लिप के साथ सपा प्रत्याशी रिचा सिंह की पर्ची भी है।वह मौके पर पहुंचे तो देखा कि बीएलओ गद्दों पर बैठकर वोटर स्लिप बांट रहे थे। तलाशी पर उन गद्दों के नीचे जो वोटर स्लिप मिली उसके दूसरी ओर सपा प्रत्याशी रिचा सिंह की तस्वीर व उनका विवरण भी छपा था। इस तरह की कुल 23 पर्चियां मौके से बरामद हुईं जिन्हें फौरन कब्जे में ले लिया गया। यह कृत्य आचार संहिता का उल्लंघन है धूमनगंज इंस्पेक्टर अनूप कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर पर सपा प्रत्याशी रिचा सिंह और बीएलओ सुनीता कुशवाहा, सुधा जायसवाल, वंदना कुशवाहा, रेखा पाल, सुमन देवी और रमेशमनि त्रिपाठी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

### घर के बाहर खड़ी बाइक चुरा रहे चोर को लोगों ने पकड़ा

**फाफामऊ।** थाना क्षेत्र के शांतिपुरम कालोनी के सेक्टर डी मोहल्ले में रविवार की शाम घर के बाहर खड़ी बाइक को चुराते समय आसपास के लोगों ने बाइक चोर को पकड़ लिया और उसकी पिटाई करने के बाद पुलिस को सौंप दिया। पुलिस के अनुसार बाइक चोर शाहिल पांडेय निवासी गोविंदपुर, थाना होलागढ़ का रहने वाला है।

# ऑफलाइन परीक्षाओं के विरोध में छात्रों ने बजाई ताली-थाली

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय (इविवि) में ऑफलाइन परीक्षाओं के विरोध में छात्रों ने सोमवार को ताली-थाली बजाते हुए परिसर में मार्च निकाला और यूजीसी को पत्र लिखकर ऑनलाइन परीक्षाएं कराए जाने की मांग की। कुछ छात्र कर्नलगंज थाने भी पहुंचे और सांकेतिक रूप से अपना विरोध दर्ज कराते हुए कुलपति की गुमशुदगी दर्ज कराने के लिए प्रार्थनापत्र दिया। इस मुद्दे पर को परीक्षा नियंत्रक कार्यालय के सामने छात्रों का धरना जारी है।

छात्रों का कहना है कि परीक्षाओं के मुद्दे पर लगातार आंदोलन चल रहा है, लेकिन कुलपति ने अब तक सीधे तौर पर छात्रों से कोई वार्ता नहीं की। छात्र इस इस बात से भी नाराज है कि कुलपति की ओर से गठित कमेटी के सदस्यों ने छात्र प्रतिनिधियों से वार्ता तो की, लेकिन इसके बाद भी इविवि प्रशासन परीक्षाओं पर अपना रुख स्पष्ट करने को तैयार नहीं है।छात्र मांग कर रहे हैं कि जब कमेटी ने अपनी रिपोर्ट कुलपति को सौंप दी है तो विश्वविद्यालय प्रशासन छात्र हित में तत्काल निर्णय ले। विश्वविद्यालय एक मार्च तक बंद है। दो मार्च से विश्वविद्यालय खुलने पर इस मसले पर हंगामा बढ़ने के आसार हैं।छात्रों ने सोमवार को ताली-थाली बजाकर ऑफलाइन परीक्षाओं का विरोध किया और यूजीसी को पत्र भेजकर भी अपनी शिकायत दर्ज कराई। छात्रों ने यूजीसी को लिखे पत्र में कहा है कि पिछले दो सत्र से सभी कक्षाएं ऑनलाइन मोड में संचालित की गईं। ऐसे में परीक्षाएं भी ऑनलाइन मोड में होनी चाहिए। बीएचयू एवं दिल्ली विश्वविद्यालय में ऑनलाइन मोड में ही परीक्षाएं कराई गई हैं। छात्रों ने मांग की कि यूजीसी ऑनलाइन परीक्षाओं के लिए निर्देश जारी करे। इस मौके पर सत्यम कुशवाहा, अभिषेक द्विवेदी, आदर्श भदौरिया, अमन शुक्ला, जयराज सिंह, आकाश यादव, अर्पित शुक्ला, हर्षित द्विवेदी, विकास नायम, अजीत शुक्ला, अजय आदि मौजूद रहे।



ऑफलाइन परीक्षा की मांग को लेकर छात्रों ने बजाई थाली

# वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने से होगा देश का विकास : सीडीओ

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी भारत तथा जिला विज्ञान क्लब प्रयागराज के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय विज्ञान कार्यक्रम आयोजित किया गया इस कार्यक्रम में जनपद के 30. विद्यालयों के 200 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में वैज्ञानिक व्याख्यान तथा विज्ञान प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जनपद के 40 विद्यालयों के 200 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि इलाहाबाद जनपद के मुख्य विकास अधिकारी तथा जिला विज्ञान क्लब प्रयागराज के उपाध्यक्ष श्री शिपू गिरी ने विज्ञान प्रश्नोत्तरी के विजेता छात्रों को प्रशस्ति पत्र तथा पुरस्कार राशि देकर पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता में हिंदी माध्यम के ग्रुप में मेरी वानामे कर गर्ल्स इंटर कॉलेज प्रयागराज की ज्योति कुशवाहा तथा नैंसी को संयुक्त रूप से प्रथम स्थान मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज करछना प्रयागराज के अजीत विश्वकर्मा को द्वितीय स्थान तथा भारत स्काउट एंड गाइड इंटर कॉलेज प्रयागराज के रोहित प्रजापति को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ इसके अतिरिक्त सीएबी इंटर कॉलेज प्रयागराज के शक्ति सिंह यादव तथा कर्नलगंज इंटर कॉलेज के आर्यमान विश्वकर्मा को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ अंग्रेजी माध्यम कि ग्रुप में में रेड ईगल पब्लिक स्कूल के 1 एक छात्र महर्षी पतंजलि विद्या मंदिर के दो छात्रों तथा गंगा गुरुकुलम फाफामऊ के 2 छात्रों को संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त हुआ राजा कमलाकर इंटर कॉलेज शंकरगढ़ की खुशी यादव को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने बच्चों को बताया कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने से ही देश की उन्नति होगी। कार्यक्रम में जिला विज्ञान क्लब की ओर से इलाहाबाद विश्वविद्यालय के रसायन विभाग के अवकाश प्राप्त विभागाध्यक्ष प्रोफेसर महेश चंद्र चट्टोपाध्याय को स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी द्वारा दुनिया के आठ शीर्ष वैज्ञानिकों में शामिल किए जाने पर सम्मानित किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलभास्कर आश्रम पीजी कॉलेज के अवकाश प्राप्त प्रधानाचार्य डॉ विश्वनाथ लाल निगम द्वारा की गई। जिला विज्ञान क्लब के कोऑर्डिनेटर तथा कार्यक्रम के संयोजक डॉ लालजी यादव ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। विज्ञान प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में मुख्य निर्णय डॉ ज्ञान चंद्र सहायक प्रोफेसर गणित विभाग इलाहाबाद विश्वविद्यालय रहे। अकादमी की ओर से कार्यक्रम का कोआर्डिनेशन सहायक कार्यकारी सचिव डॉ संतोष शुक्ला द्वारा किया गया कार्यक्रम में राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी के अधिशासी सचिव डॉ नीरज कुमार सूचना अधिकारी श्री जेएएन यादव राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के परीक्षा प्रभारी डॉ ज्ञान प्रकाश सहित विभिन्न विद्यालयों के मार्गदर्शक शिक्षक तथा छात्र उपस्थित रहे।



आयोजित विज्ञान कार्यक्रम में विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

### सड़क हादसे में स्कूटी सवार की मौत, पुलिस ने शव को भेजा पोस्टमार्टम हाउस

**प्रयागराज।** निजी काम से गांव के एक युवक के साथ एक अधेड़ स्कूटी से जा रहे थे। अचानक उनका संतुलन बिगड़ जाने से गिर गए और पीछे से आ रहे चार पहिया वाहन ने कुचल दिया। आसपास के लोगों ने जब तक अस्पताल में भर्ती कराया तब तक उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना से घर में कोहराम मच गया।स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बीरगंज भरेस्ता निवासी शंकर लाल विश्वकर्मा उम्र 45 वर्ष दिन सोमवार को अपने निजी कार्य से अपने ही गांव के आशीष कुमार पुत्र बृजलाल की स्कूटी पर बैठकर प्रयागराज जा रहे थे। कि जैसे ही फाफामऊ पुल पर पहुंचे ही थे कि अचानक शंकरलाल स्कूटी पर से पीछे के बल सड़क पर गिर पड़े। पीछे से आ रही अज्ञात फोर व्हीलर वाहन शंकर लाल विश्वकर्मा को रौदते हुए निकल गई।मौके पर मौजूद लोगों ने आनन-फानन में प्राइवेट हॉस्पिटल ले जा रहे थे कि रास्ते में ही शंकरलाल की मौत हो गई। सूचना पाकर परिजनों ने मौके पर पहुंच कर शंकरलाल के शव को बीरगंज गांव ले आए। शंकरलाल की मौत की खबर जैसे ही गांव के लोगों को मिली तो पूरे गांव में सन्नाटा सा छा गया।

# ऑनलाइन क्लास के माध्यम से हुआ कहानी-कविता का मंचन

**अखंड भारत संदेश**

**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज के निर्देशन में किया गया आयोजन**

प्रयागराज। बेसिक शिक्षा विभाग के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है,जब इतने बच्चे ऑनलाइन क्लास से जुड़े और कहानी कविता का मंचन किया। बच्चों का उत्साह देखकर डाइट प्राचार्य कमलेश बाबू ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजन अक्सर किए जाने चाहिए जिससे बच्चों की प्रतिभा को निखारने का मौका मिले। वही डीसी.प्रशिक्षण डॉ.विनोद मिश्र ने भी अपने आशीर्वचन बच्चों को दिए और उन्होंने कहा कि इससे बच्चों की मौलिक अभिव्यक्ति का विकास होता है। साथ ही वह अपनी बातों को कह पाने में मुखर बनते हैं। इस तरह से पहली बार इन बच्चों ने और शिक्षकों ने भी उत्साह दिखाया और प्रयागराज के बेसिक शिक्षा के इतिहास में एक नया आयाम लिख दिया। बहुत सारे बच्चों के वीडियोस टेलीग्राम लिंक पर भी एकत्र किए गए हैं। उनकी मदद से उस प्रत्येक बच्चे को प्रमाण-पत्र दिए जाने की भी योजना बनाई जा रही है। एक फीडबैक लिंक के द्वारा इन बच्चों को प्रमाण पत्र दिए जाना प्रस्तावित है। जिले के बेसिक शिक्षा विभाग के मुखिया,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण तिवारी के निर्देशन में पूरे जिले में यह ऑनलाइन ₹ कहानी पढ़ो- कहानी सुनाओ ₹ का आयोजन किया गया। जिसमें पूरे प्रयागराज के साथ-साथ सहारनपुर और झांसी ने भी अपनी प्रस्तुति दी। शिक्षिकाओं में जहां रिशु मिश्र, डाली, रेखा सिंह, शांति भूषण द्विवेदी, संजय जयसवाल, मोहम्मद शहजाद सरोज, मुकेश कुमार श्रीवास्तव, रीता गुप्ता सहारनपुर से और झांसी से निधि, संध्या जायसवाल, रूबी, सबा रिज्वी, ममता विश्वकर्मा, सबा करीम, गजाला शबनम, विनम्रता तिवारी, विजयलक्ष्मी, मधुलिका सिंह, मीनाक्षी समेत अनेक शिक्षक अपने अपने बच्चों के साथ जुड़े और सभी ब्लॉक के शिक्षकों व बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सभी शिक्षकों ने कहा कि अब भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन किए जाएंगे। बच्चों को बहुत आनंद आया और उन्होंने कहा कि ऐसे प्रतियोगिता का आयोजन अक्सर किया जाना चाहिए। इन बच्चों और इन शिक्षकों का उत्साह देखकर यह बात याद आती है कि- कौन कहता है,आसमां में सुराख नहीं हो सकता। एक पत्थर तो तबियत से उछालो यारो। निश्चित रूप से यह एक शुरूआत है। हमारे बच्चों की रीडिंग कैंपेन के माध्यम से कि हम उन्हें किस तरह से नई टेक्नोलॉजी से जोड़कर उनके रीडिंग स्किल को उनके बोलने के कौशल को व उनके मौलिक अभिव्यक्ति को ज्यादा से ज्यादा बढ़ा सकते हैं। बच्चों में आसलान क ि ट ा केसरवानी,अक्षतशर्मा,हर्षित,रिया,कृष्णकांत,प्रशस्ति,प्रिंस,खुशी,अंशिका समेत अनेक बच्चों की प्रस्तुति सराहनीय रही। बीएसए प्रयागराज प्रवीण तिवारी द्वारा एक टेलीग्राम लिंक बनाया गया है,जिस पर 6000 शिक्षक जुड़े हुए हैं।उस ग्रुप पर इन बच्चों के जिले भर के बच्चों के कहानी की वीडियोस प्रसारित किए जा रहे हैं। तो निश्चित रूप से यह अभियान बच्चों की शिक्षा में मील का पत्थर साबित होगा। प्रयागराज के तीनों एसआरजी वंदना श्रीवास्तव, डॉ प्रशांत ओझा, सुनील तिवारी के साथ-साथ एआरपी जय सिंह और सविता पांडेय द्वारा इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया गया। खंड शिक्षा अधिकारी कौड़ीहार डा.ओम प्रकाश मिश्र ने अपने ब्लॉक की शिक्षिका सविता पांडेय द्वारा किये गए इस सराहनीय प्रयास के लिए उनकी सराहना की और बधाई दी।




ऑनलाइन क्लास के माध्यम से कहानी कविता का हुआ मंचन

### मासूम बेटे समेत मां को ट्रक ने कुचला, कोहराम



**मांडा।** यमुनापार इलाके के मांडा क्षेत्र में सोमवार देर शाम दुखद हादसा हो गया। मायके से लौटकर ससुराल जाते वक्त बसकड़ी गांव के पास तीन साल के बच्चे के साथ सड़क पार कर रही महिला को मिनी ट्रक ने कुचल दिया। उन दोनों की वहीं मौत हो गई। वहां भीड़ लग गई। परिवार के लोग भी आ गए। फिर पुलिस पहुंची और आक्रोशित लोगों को यह कहकर मनाया कि ट्रक को पकड़ ड्राइवर को गिरफ्तार किया जाएगा।

**डेढ़ माह बाद लौट रही थी मायके से ससुराल :** यह दुखद घटनाक्रम यूं है। मांडा में बसकड़ी गांव का रहने वाला विजय बहादुर बिंद सूरत में रहकर एक प्राइवेट फर्म में नौकरी करता है। विजय की पत्नी 35 वर्षीय शकुंतला तीन साल के बेटे पुष्पराज के साथ यहां ससुराल में रहती थी। वह जनवरी में मकर संक्रांति के अवसर पर अपने मायके मीरजापुर जनपद के जिगना इलाके के रुदईपुर गांव गई थी।आज सोमवार 28 फरवरी की शाम शकुंतला अपने भाई रमेश बिंद के साथ बेटे को लेकर बाइक पर ससुराल लौट रही थी। बसकड़ी गांव के सामने भाई रमेश ने उसे बाइक से सड़क पर उतारा।बाइक से उतरने के बाद शकुंतला बेटे को गोद में उठाकर सड़क की दूसरी तरफ गांव की ओर जा रही थी तभी तेज गति में आए मिनी ट्रक ने उन दोनों को चपेट में ले लिया। दोनों ट्रक से कुचल गए। वहीं उनकी मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक रुका नहीं बल्कि ड्राइवर उसे तेज रफतार में भगा ले गया। राहगीरों ने शोर मचाया तो वहां भीड़ लगी और गांव वाले जुट गए। फिर शकुंतला के ससुराल वाले भी वहां पहुंच गए। कुछ देर बाद थानाध्यक्ष मांडा महेश कुमार मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर आए और ग्रामीणों से जानकारी ली। लोग गुस्से में थे। पुलिस ने कहा कि मुकदमा लिखकर ट्रक का पता लगाकर ड्राइवर को गिरफ्तार किया जाएगा। शकुंतला और मासूम बच्चे की मौत पर जेठ प्रेमशंकर औ? ससुर रामआसरे गम में डूबे दिखे। सूरत में पति विजय को भी खबर दी गई।

# चैन की नींद लेने के बाद बच्चों के साथ प्रत्याशियों ने खेला लूडो और कैरम



बच्चों के बीच कैरम खेलते विधायक धीरज ओझा।



पिता के साथ सुबह का नाश्ता करतीं विधायक आराधना मिश्र मोना।



समर्थकों के साथ बातचीत करते भाजपा प्रत्याशी छोटे सरकार।

## तीन सप्ताह की चुनाव की धमाचौकड़ी से थके प्रत्याशियों ने घरों में बिताया समय

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** विधान सभा चुनाव के पांचवें चरण का मतदान खत्म होने के दूसरे दिन लगभग तीन सप्ताह तक प्रचार कार्यों में दिन-रात व्यस्त रहने वाले थके ज्यादातर प्रत्याशियों ने अपने-अपने घरों में रहकर परिवार के बीच में समय बिताया। कोई बच्चों के साथ लूडो खेल रहा था तो कोई कैरम। इसके अलावा जिले के धुरंधर राजनैतिक भी अपने समर्थकों के बीच रहे।

रानीगंज के भाजपा विधायक धीरज ओझा ने अपने नगर स्थित आवास पर आज अपनी नींद लेने के बाद दोपहर में बच्चों के साथ कैरम खेलकर समय बिताया। बच्चे भी खुश थे कि आज महीनों बाद हम लोगों के बीच में मौजूद हैं। इसी प्रकार सदर क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी डा0 नीरज तिवारी सोमवार को नगर स्थित आवास पर बच्चों के साथ लूडो खेलने में व्यस्त रहे। पट्टी क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी राजेन्द्र प्रताप सिंह मोती सिंह सुबह उठकर नहा-धोकर अपने सदर बाजार स्थित आवास पर कुछ देर बैठे और लोगों से मिलकर जानकारी ली। उसके बाद वह लखनऊ रवाना हो गये। रामपुर खास की कांग्रेस प्रत्याशी आराधना मिश्र मोना अपने पिता प्रमोद तिवारी के साथ मतदान के बाद संग्रामगढ़ में रुकी थी। दूसरे दिन संग्रामगढ़ में पूरे परिवार के साथ समय बिताने के बाद बाबा घुइसरनाथ की शिवरात्रि के दिन होने वाले महोत्सव की तैयारियों में जुट गई। रामपुर खास के भाजपा प्रत्याशी नागेश प्रताप सिंह उर्फ छोटे सरकार आज सुबह उठकर पूजा पाठ करने के बाद अपने समर्थकों से जानकारी लेते रहे। भाजपा के सदर प्रत्याशी राजेन्द्र मौर्य आज सुबह देर से नहाया धोया और दोपहर में चिलबिला स्थित अपनी मिठाई की दुकान पर आ गये। वहीं पर लोगों से उन्होंने मुलाकात की। प्रायः सभी प्रत्याशियों ने आज अपने घर-परिवार से मिलकर अपने को हल्का महसूस किया। सभी प्रत्याशियों के भाग्य ईवीएम में बंद हो चुके हैं जिसका परिणाम 10 मार्च को आएगा। मतगणना में अभी देर है इसलिये प्रत्याशी अपने घर परिवार का काम करने के बाद अपने नियमित कार्यों में जुट जाएंगे।



बच्चों के साथ लूडो खेलते कांग्रेस प्रत्याशी डा0 नीरज तिवारी।



अपनी मिठाई की दुकान पर बैठे भाजपा प्रत्याशी राजेन्द्र मौर्य।

# कुण्डा विधायक राजा भइया व 18 समर्थकों पर रिपोर्ट दर्ज

### सपा बूथ एजेंट को अगवा कर मारने-पीटने का आरोप

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** कुण्डा विधायक तथा जनसत्ता दल के अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भइया पर सपा के बूथ एजेंट राकेश पासी को मारने-पीटने की रिपोर्ट कुण्डा कोतवाली में दर्ज कराई गई है। बताया जाता है कि राकेश कुमार पासी पुत्र स्व0 जवाहर लाल निवासी ग्राम रैयापुर भदरी कुण्डा का निवासी है। वह बूथ संख्या-2009 रैयापुर में समाजवादी पार्टी का बूथ एजेंट था, तभी जनसत्ता दल के एक बूथ एजेंट ने मोबाइल से सूचना दी कि राकेश को बूथ से नहीं हटाओगे तो बूथ पर जनसत्ता दल के वोट नहीं पड़ पाएंगे।

इसके कुछ देर के बाद रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भइया, सुभाष सिंह, गोपाल केसरवानी अपने 15 समर्थकों के साथ आए और अपनी गाड़ी से उठा ले गये। उसके बाद उन्हें बुरी तरह मारा-पीटा गया जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आई हैं और जातिसूचक गालियां भी दी गई। इन्हीं आरोपों के तहत कुण्डा कोतवाली में राजा भइया तथा उनके 18 समर्थकों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। इस बारे में पुलिस जांच कर कार्यवाही की बात कर रही है। बता दें कि मतदान के दिन सपा प्रत्याशी गुलशन यादव की कार पर हमला किया गया था, जिससे समाजवादी पार्टी और जनसत्ता दल कार्यकताओं में टकराव बढ़ गया है। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि इसकी शिकायत चुनाव आयोग से की जाएगी।

# अर्द्ध सुरक्षाबलों की निगरानी व सीसीटीवी कैमरों में रहेंगे स्ट्रांग रूम

### मानीटरिंग हेतु मजिस्ट्रेट को किया गया नियुक्त, सामान्य प्रेक्षकों ने निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रपत्रों की किया जांच

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 के दृष्टिगत जनपद में रविवार को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से मतदान सम्पन्न हुआ। महुली मण्डी में विधान सभावार बने हुये काउण्टर पर देर रात्रि तक ईवीएम जमा करायी गयी तथा सामान्य प्रेक्षकों की उपस्थिति में ईवीएम स्ट्रांग रूम को सील कर अर्द्ध सुरक्षा बलों को हस्तगत कराया गया। जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल एवं पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल लगातार उपस्थित रहकर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे।

विधानसभावार नियुक्त सामान्य प्रेक्षक रामपुरखास के0 राजेश, बाबागंज के सामान्य प्रेक्षक श्रीकान्त शास्त्री, कुण्डा के सामान्य प्रेक्षक एलेक्स वी0के0 पॉल मेनन, विश्वनाथगंज के सामान्य प्रेक्षक एस0 सरवनन, प्रतापगढ़ के सामान्य प्रेक्षक रमन एस0ए0, पट्टी के सामान्य प्रेक्षक रूगवेद मिलिन्द ठाकुर एवं रानीगंज के सामान्य प्रेक्षक दीपेन्द्र सिंह कुशवाह ने आज अपनी-अपनी विधानसभाओं का भारत निर्वाचन आयोग के मानक के अनुसार स्कूटनी की। विधानसभावार प्रेक्षकों ने निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रपत्रों की जांच की और मतदान प्रक्रिया पर सन्तोष व्यक्त किया और भारत निर्वाचन आयोग को रिपोर्ट प्रेषित कर दी गयी। जिला निर्वाचन अधिकारी डा0 नितिन बंसल ने बताया कि पूरे जनपद में कहीं से भी रिपोल कराने की आवश्यकता नही है। जिलाधिकारी ने इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन की सुरक्षा व 24 घंटे सीसीटीवी मानीटरिंग के लिये 27 फरवरी से 10 मार्च तक शिफ्टवार तीन पालियों में मजिस्टेज्टों को तैनात किया है और निर्देशित किया है कि स्ट्रांग रूम व लगाये गये सीसीटीवी कैमरें की देख-रेख तथा उसके फुटेज संरक्षण का अनुश्रवण सुनिश्चित करेगें। अर्द्ध सुरक्षा बलों की कड़ी निगरानी में स्ट्रांग रूम रहेगा। इस अवसर पर पुलिस प्रेक्षक अनूप कुरूविल्ला जॉन, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) मुकेश चन्द्र, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी रोहित मिश्रा, मुख्य राजस्व अधिकारी इन्द्र भूषण वर्मा, सीओ सिटी अभय पाण्डेय, निर्वाचन अधिकारी सहित जोनल एवं सेक्टर मजिस्टेज्ट सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।



स्ट्रांग रुम का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल।

## मजदूरी करने गए युवक को रंजिशन पीटा

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के रायपुर गांव में मजदूरी करने गए युवक को गांव के ही युवक ने रंजिसन जमकर मारा पीटा जिससे उसके सिर में गंभीर चोटे आई है। पीड़ित ने आरोपी के विरुद्ध थाने में नामजद तहरीर देकर कार्यवाही की गुहार लगाई है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के रायपुर गांव के रहने वाले तोहिद पुत्र गफ्फार अली ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि सोमवार की सुबह साढे. नौ बजे बाद गांव में ही मजदूरी करने गया था। जहां पर गांव का ही युवक ने पुरानी रंजिश को लेकर अपने सहयोगियों के साथ हमला बोल दिया और उसकी जमकर लात, घुसो, लाठी-डंडे से जमकर पिटाई कर दी। आरोप है कि, इस दौरान उसकी मोटरसाइकिल भी तोड़ डाली गई। पीड़ित मामले की नामजद तहरीर लेकर पट्टी कोतवाली पहुंचा और आरोपियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

## बच्चों के विवाद में महिला के सिर पर ईंट से हमला, जख्मी

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बच्चों के विवाद को लेकर हुई कहासुनी में आरोपी युवक ने एक महिला को पत्थर से मारकर बुरी तरह जख्मी कर दिया। पीड़ित महिला ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में तहरीर दी है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के ढिडुई गांव की रहने वाली सुगना पत्नी बुधई ने बताया कि सोमवार को खेल खेल के विवाद में उसके बेटे को आरोपी गाली देने लगा। पीड़ित महिला ने जब ऐसा करने से मना किया तो आरोपी ने उसे ईंट से सिर पर मार दिया जिससे वह खून से लथपथ हो गई। पीड़ित महिला ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में तहरीर देकर आरोपी युवक के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

# महाशिवरात्रि की तैयारी में आज मदिरों की हुई साफ-सफाई

### सई नदी से भी गंदगी निकालने का हुआ प्रयास



सई नदी से गंदगी निकालते सफाई कर्मचारी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** मतदान के एक दिन बाद पड़ने वाले महाशिवरात्रि की तैयारियां आज दिन भर होती रही। नगर पालिका भी बेल्हा देवी मंदिर, पूरे ईश्वरनाथ के शिवाला मंदिर सहित नगर के सभी छोटे-बडे. मंदिरों की साफ-सफाई की की।

यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह व अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह के निर्देशन में आज सोमवार को सुबह से ही सफाई कर्मियों की टीमें निकल गई थी। शहर के सभी छोटे-बडे.मंदिरों की साफ-सफाई की गई। मंगलवार की सुबह शिवरात्रि के दिन चूने का छिड़काव भी किया जाएगा। बता दें कि महाशिवरात्रि पर पूरे ईश्वरनाथ के शिवाला मंदिर पर हर वर्ष शिवाला महोत्सव मनाया जाता है। वहां साफ-सफाई के साथ लाइट की व्यवस्था भी दुरुस्त की गई। नगर के बेल्हा देवी मंदिर में बड़ी संख्या में लोग शंकर जी की मूर्ति पर जल चढ़ाने आते हैं। पूरे मंदिर परिसर व सई नदी के घाटों की साफ-सफाई की गई। सफाई कर्मी घाटों के पास बहने वाली सई नदी के जल से भी फूल व गंदगी निकाला। बता दें कि बहुत सारे श्रद्धालु सई नदी का जल लेकर उसी से जलाभिषेक करते हैं।

## दूधाधारी शिव लिंग मंदिर में हुआ जलाभिषेक

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सोमवार को पड़ने वाले महाशिवरात्रि के पर्व पर मुरस्सापुर सोनामऊ घाट पर स्थिति दुधा धारी शिव लिंग मंदिर में जलाभिषेक के साथ मेला का आयोजन किया गया है मेला कमेटी के संरक्षक पूर्व प्रधान जीवन लाल यादव व समाज सेवी ग्राम प्रधान सुरेश कुमार यादव मेले में आने वाले सभी दुकानदारों को निःशुल्क जगह देने की ब्यवस्था कर रखी है और शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। मेले में पानी बिजली की ब्यवस्था भी कमेटी द्वारा की गई है। सुरक्षा ब्यवस्था के लिए नवाबगज थाना प्रभारी रुकुमपाल सिंह ने पुलिस की डियुटी भी लगा रखी है, जिससे किसी प्रकार की कोई घटना न हो सके।



भयहरणनाथ धाम में सामूहिक पूजन करते महासचिव समाज शेखर।

# महाकाल महोत्सव का साहित्यकारों के सामूहिक पूजन से हुआ भव्य शुभारम्भ

### भयहरणनाथ धाम में सामूहिक पूजन करते महासचिव समाज शेखर

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रसिद्ध पांडव कालीन भयहरणनाथ धाम मे अति प्राचीन शिवलिंग का साहित्यकारो द्वारा सामूहिक पूजन करके महोत्सव का शुभारम्भ हुआ। देर रात्रि तक साहित्यकारो के गीत व कविताओ से धाम परिसर गुंजायमान रहा।

महोत्सव की शुरूवात मे ही महासचिव समाज शेखर ने सभी का स्वागत करते हुए धाम की प्रगति से सभी को अवगत कराया। कावि सम्मेलन की अध्यक्षता डा नीलिमा मिश्रा ने किया। वहीं कवियो में जन कवि प्रकाश, शिवम भगवती, अनूप अनुपम, रेनू मिश्रा, डा अशोक अग्रहरी, आभा मिश्र, अरूण रत्नाकर, प्रशांत भरूहिया डा पीयूष मिश्र पीयूष, डा0 चन्द्र भूषण तिवारी चन्द्र व मंजू पांडेय महक जौनपुरी शामिल रही है . मुख्य अतिथि के रुप मे आकाशवाणी के निदेशक लोकेश शुक्ल रहे। विशिष्ट अतिथि के रुप राष्ट्रीय रामायण श्रिंगवेरपुर के अध्यक्ष बाल कृष्ण पांडेय , इलाहाबाद पर्यटन विकास समिति के अध्यक्ष हसन नकवी ने प्रतिभग कार आयोजन को मार्गदार्शित किया। कार्यक्रम का संचालन शरद मिश्र व ऊमाकांत पांडेय ने किया। धन्यवाद अध्यक्ष आचार्य राज कुमार शुक्ल ने किया। इस अवसर पर राजेश मिश्र , वर्षा मिश्रा, अनूप त्रिपाठी, राज किशोर मिश्र, दूध नाथ यादव, हरिकेश पटेल, पी बी सिंह आदि ने अपने विचार व्यकत किया।

## ट्रैक्टर पलटने से अधेड़ की मौत

**सांगीपुर, प्रतापगढ़।** विकास खंड सांगीपुर के गांव सभा मंगापुर में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निकट परशदेपुर-अठेहा पक्की रोड पर सोमवार को लगभग साढे. दस बजे दिन में ईंटों से भरी ट्रैक्टर ट्राली का एक्सल टूट जाने से ड्राइवर राम सजीवन कोरी उम्र लगभग (55) वर्ष सुत जगेसर कोरी निवासी ग्राम जोगापुर, थाना उदयपुर, जनपद प्रतापगढ़ की मौके पर ही अकाल मौत हो गई। ड्राइवर राम सजीवन कोरी ग्राम जोगापुर स्थित भवन ट्रेडमार्का ईंट ट्रैक्टर ट्राली में लादकर ननौती की ओर जा रहा था। घटना की सूचना मिलने पर थाना उदयपुर की पुलिस अविलंब मौके पर पहुंचकर मृतक राम सजीवन कोरी की लाश को थाने ले गई है।

# मतदान के बाद सीटों को लेकर चाय की दुकान से लेकर सोशल मीडिया पर चचाओं का दौर

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिले में मतदान खत्म हो जाने के बाद अब जिले की सात सीटों में भाजपा, सपा, कांग्रेस व जनसत्ता दल के खाते में कितनी सीटें जा सकती हैं, इसका आंकलन जगह-जगह चाय की दुकानों से लेकर राजनैतिक मठाधीशों व विभिन्न चैनल व सोशल मीडिया पर हो रही है।

इन चचाओं पर गौर करें तो पता चलेगा कि प्रतापगढ़ की तीन सीटें कुण्डा, बाबागंज व रामपुर खास में धुरंधर नेताओं के व्यक्तित्व व प्रभाव से जीती जाती है। यहां किसी दल विशेष का प्रभाव कम पड़ता है। बता दें कि रामपुर खास में वर्ष 1980 से अब तक कांग्रेस के प्रमोद तिवारी नौ बार और अब उनकी बेटी आराधना मिश्रा मोना दो बार विधायक बन चुकी हैं। इस बार भाजपा के नागेश बहादुर सिंह उर्फ छोटे सरकार आराधना मिश्र मोना को टक्कर देने में लगे हैं। दूसरे बडे. नेता रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भइया 1993 से लगातार कुण्डा व बिहार सु0 (अब बाबागंज सु0) से स्वयं व अपने सहयोगी को विधायक बनाते रहे हैं। इस बार कुण्डा से सपा के गुलशन यादव राजा भइया को टक्कर दे रहे हैं तो बाबागंज विधायक विनोद सरोज को भाजपा व सपा टक्कर दे रही है। इसके अलावा जिले की विश्वनाथगंज, सदर, रानीगंज व पट्टी में भाजपा जीतने का दावा कर रही है। विश्वनाथगंज में भाजपा-अपना दल गठबंधन से जीतलाल की टक्कर निर्दलीय प्रत्याशी संजय पाण्डेय व सपा के सौरभ सिंह से है। जबकि रानीगंज विधायक धीरज ओझा की मुख्य टक्कर सपा के डा0 आरके वर्मा से है। सदर सीट पर सपा ने अपने सहयोगी अपना दल कमेरावादी की अध्यक्ष कृष्णा पटेल को मैदान में उतारा है।

## रंजिश में आरोपियों ने महिला को जमकर पीटा

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पुरानी रंजिश के विवाद को लेकर गांव के चार आरोपियों ने एक महिला को जमकर मारा पीटा और भद्दी भद्दी गालियां दी। पीड़ित महिला ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के समोगरा गांव की रहने वाली विमला देवी पत्नी हीरा सिंह ने बताया कि बीते रविवार की शाम छह बजे गांव के चार लोग पुरानी रंजिश को लेकर उसके दरवाजे पर पहुंच गए और मां बहन की भद्दी भद्दी गालियां देने लगे पीड़ित महिला ने जब इसका विरोध किया तो आरोपित महिला का हाथ पकड़ कर मारपीट किये।

## खबर संक्षेप

### आंगनवाड़ी केंद्र में नहीं बटा राशन

**कौशांबी।** आंगनवाड़ी केंद्र में पढ़ने वाले छोटे-छोटे बच्चों को फरवरी माह का राशन नहीं मिल सका है राशन ना बाटे जाने के पीछे कोटेदारों और स्वयंसेवी संस्था के जिम्मेदारों की लापरवाही उजागर हुई है जिससे पूरे महीने आंगनवाड़ी में बच्चों को भोजन नहीं मिल सका है। जनपद के आठ विकासखंड में फरवरी माह में राशन वितरण व्यवस्था नहीं लागू हो सकी है लोगों ने जिला अधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए आंगनवाड़ी के बच्चों को भोजन सामग्री दिए जाने की मांग की।

### हरी झण्डी दिखाकर बसों की किया रवाना

**कौशाम्बी।** विधानसभा सभा चुनाव 2022 के दृष्टिगत जनपद के पुलिस कर्मियों को ब्रीफ कर चुनाव ड्यूटी हेतु जनपद अम्बेडकर नगर के लिये बसों को हरी झण्डी दिखाकर पुलिस अधीक्षक द्वारा रवाना किया गया।

### वाछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त प्रदीप कुमार उर्फ छोटू पुत्र रमेश चन्द्र निवासी गिरधरपुर थाना कोखराज को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया हैं।

# ईट भट्ठा जा रहे मजदूर की सड़क हादसे में मौत

## बाइक सवार तीन मजदूरों को तेज रफ्तार डंपर ने रौंदा, मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के पुलिस लाइन टेवा टिकरी के पास हुआ दर्दनाक हादसा

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के टेवा टिकरी पुलिस लाइन के पास सोमवार की शाम 4 बजे दर्दनाक हादसा हुआ है ईट भट्ठे में मजदूरी करने बाइक से तीन मजदूर भट्ठा जा रहे थे सामने से आ रहे डंपर ट्रक ने बाइक सवारों को रौंद दिया है जिससे घटनास्थल पर एक मजदूर की मौत हो गई है और हादसे में एक महिला और उसका पुत्र गंभीर घायल है हादसे की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर आसपास के ग्रामीणों की भीड़ लग गई है मामले की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई है मृतक के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और हादसे में घायल दोनों लोगों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है हादसे के शिकार मजदूर चित्रकूट जनपद के मऊ थाना अंतर्गत मंडौरा गांव के रहने वाले हैं। घटनाक्रम के मुताबिक




हादसे के बाद घटनास्थल सड़क पर लगी लोगों की भीड़

चित्रकूट जनपद के मऊ थाना अंतर्गत मंडौरा गांव निवासी रम्पा उम्र लगभग 35 वर्ष पुत्र दुबासे अपनी साली सुनीता देवी पत्नी सुखलाल व साली के बेटे जितेंद्र को बाइक में लेकर ईट भट्ठा मजदूरी करने जा रहे थे सोमवार की शाम लगभग 4:00 बजे जैसे ही बाइक सवार रम्पा मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के पुलिस लाइन टेवा टिकरी के हनुमान मंदिर के पास पहुंचे कि अनियंत्रित डंपर ट्रक ने बाइक सवारों को रौंद दिया हादसा इतना तेज था कि डंपर की टक्कर लगते ही बाइक सवार तीनों सड़क पर गिर पड़े घटनास्थल पर रम्पा 35 वर्ष की मौत हो गई हादसे की जानकारी मिलते ही बचाव एवं राहत हेतु आसपास के ग्रामीणों की घटना स्थल पर भीड़ लग गयी मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने रम्पा के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया घायल सुनीता देवी और उसके बेटे जितेंद्र को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है स्थिति ठीक ना होने पर परिजन घायलों को इलाज के लिए निजी अस्पताल में लेकर चले गए हैं हादसे के बाद डंपर चालक भाग जाने में सफल रहा है।



हादसे के बाद शोक में डूबे मृतक के परिजन

# अझुवा का इंजीनियर सिद्धार्थ नगर में हुआ हादसे का शिकार, मौत

### ट्रेन से कर रहे थे सफर सो जाने के बाद जल्दबाजी में उतरने से हुआ हादसा

**अझुवा कौशाम्बी।** सिराथू तहसील के नगर पंचायत अझुवा वार्ड नंबर 8 अमिरता पुर निवासी रामभवन मौर्या के बड़े पुत्र मार्तंड राव नहर विभाग में इंजीनियर थे जिनकी ट्रेन दुर्घटना में मौत हो गई है। परिजनों के अनुसार मार्तंड राव सिद्धार्थनगर में पोस्ट है बीती रात में ट्रेन से लखनऊ परिवार के पास आ रहे थे सुबह 7 बजे ट्रेन लखनऊ आ जाती है सफर के दौरान वह सो गए थे।लखनऊ से सीता पुर अटरिया स्टेशन ट्रेन पहुंच गई जब नीद खुली गंतव्य से आगे निकलजाने की जानकारी मिलते ही उन्होंने चलती ट्रेन से उतरने की कोशिश की जिससे वह ट्रेन से नीचे आ गए जिसमे मार्तण्ड राव गम्भीर घायल हो गए और उनकी मौत हो गयी। दुर्घटना की सूचना पाकर पिता रामभवन मौर्य स्वजनों के साथ शव लाने गए हैं मार्तण्ड राव बीते कई वर्षों से लखनऊ तेलीबाग में सपरिवार निवास करते थे मृतक 2 भाई थे,इनका एक भाई बीएसफ में सूरत शहर में तैनात है मृतक के एक पुत्र व एक पुत्री है पैतृक घर अमीरतापुर में कोहराम मचा हुआ है।



हादसे के बाद घटनास्थल पर लगी लोगों की भीड़

# रोडवेज बस ने स्विफ्ट डिजायर गाड़ी में मारी टक्कर

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के परसरा चौराहे के पास सामने से आ रही स्विफ्ट डिजायर कार में रोडवेज बस ने जोरदार टक्कर मार दी है बस की टक्कर लगते ही कार अनियंत्रित होकर पलट गई है हादसे को देखकर मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ लग गई है सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पुलिस भी पहुंच गई है इस हादसे में किसी को गंभीर चोटें नहीं आई है। घटनाक्रम के मुताबिक सोमवार की दोपहर मंझनपुर से सवारियां लेकर प्रयागराज जा रही रोडवेज बस जैसे ही कोखराज थाना क्षेत्र के परसरा चौराहे के पास पहुंची रोडवेज चालक ओवरटेक करने के चक्कर में अनियंत्रित हो गया और सामने से आ रही स्विफ्ट डिजायर कार में टक्कर मार दिया हादसे में रोडवेज बस चालक की लापरवाही उजागर हुई है रोडवेज बस की जोरदार टक्कर लगते ही हादसे में स्विफ्ट डिजायर कार सड़क किनारे पलट गई है कार पलट जाने से उसमें सवार लोगों को हल्की चोटें आई हैं सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंच गई है और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा है खबर लिखे जाने तक घायलों का नाम पता नहीं मिल सका है।

# प्राचार्य डॉ. शुक्ल के सेवानिवृत्त होने पर आयोजित हुआ विदाई समारोह



विदाई समारोह में मौजूद प्राचार्य और शिक्षक

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** श्री दुर्गा देवी संस्कृत उ. मा. विद्यालय मंझनपुर के प्राचार्य डॉ. रवींद्र नाथ शुक्ल 28 फरवरी को सेवानिवृत्त हुए इस अवसर पर विद्यालय में एक विदाई समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत भारतीय संस्कृति की विधा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार से हुआ जिसमें विद्यालय के सभी शिक्षकगणों में वरिष्ठ आचार्य राजेश त्रिपाठी नव नियुक्त प्राचार्य डॉ. दिवाकर मिश्र आचार्य डॉ. ज्ञानेश्वर त्रिपाठी मुकेश चंद्र त्रिपाठी अभिषेक मिश्र गोल्डमेडलिस्ट के साथ जनपद के वरिष्ठ अधिवक्ता उपेन्द्र नाथ शुक्ल सहित अन्य अधिवक्ता साथियों ने तिलक कर माल्यार्पण करते हुए डॉ.शुक्ल का सम्मान किया। यह संस्कृत विद्यालय प्रदेश में विख्यात है क्योंकि यह पूर्णतया आवासीय विद्यालय है जिसमें निःशुल्क आवास भोजन की व्यवस्था है। कार्यक्रम में डॉ. शुक्ल ने अपने संबोधन के माध्यम से आगे भी विद्यालय को गतिशील बनाने के लिए हर प्रकार से अपना योगदान देने की बात कही। कार्यक्रम में शिक्षकों ने भी अपने विचार प्रस्तुत कर विद्यालय के बच्चों का सर्वांगीण विकास करने का संकल्प किया। इस अवसर पर विद्यालय के संरक्षक रामकृष्ण तिवारी राजकुमार पांडेय प्रेमचन्द्र शुक्ल आशीष रिशु अंकित हिमांशु रोहित राज अंकुश दुबे आदि लोग उपस्थित रहे।



उपनिरीक्षक के सेवानिवृत्त के बाद विदाई समारोह में मौजूद उनकी पत्नी कोतवाल और पुलिस स्टाफ

## सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों को दी गई ससम्मान विदाई

**कौशाम्बी।** सेवानिवृत्त हो रहे चार पुलिस कर्मियो उपनिरीक्षक रामऔतार उपनिरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद शुक्ला व रघुपति शुभेन्द्र कुमार शुक्ल को पुष्प माला पहनाकर एवं अग वस्त्र भेट कर पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन में ससम्मान विदाई दी गई।

# लगातार किया जा रहा है सरकारी जमीन में कब्जा

## डीएम को गुमराह कर ग्राम पंचायत पाता की खतौनी सीज कराने में सफल हुए माफिया,मंझनपुर मुख्यालय में सैकड़ों करोड़ की सरकारी भूमि पर कब्जा करने में सफल हुए भूमाफिया

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** मंझनपुर मुख्यालय के पाता ग्राम पंचायत की खतौनी को कराने में वर्षों पूर्व भूमाफिया सीज कराने में सफल हो गए हैं खतौनी सीज कराने के बाद सरकारी भूमि का आंकड़ा राजस्व अभिलेखों से लगभग गायब हो गया है देखते-देखते दो वर्ष के बीच 5 दर्जन से अधिक सरकारी जमीनों में भू माफियाओं ने कब्जा कर लिया है सरकारी जमीन को कब्जा करने के बाद माफियाओं द्वारा प्लाट बनाकर अपनी भूमि बता कर खुलेआम बेचा जा रहा है पाता ग्राम पंचायत की खतौनी सीज होने के बाद से तहसील प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है।

जनपद मुख्यालय मंझनपुर में जिधर देखो उधर करोड़ों कीमत की सरकारी जमीन पर बेखौफ तरीके से कब्जा हो रहा है जब खतौनी की बात आती है तो तहसील प्रशासन द्वारा बताया जाता है कि पूर्व जिला अधिकारी द्वारा पाता ग्राम पंचायत के खतौनी को सीज कर दिया गया है ग्राम पंचायत की खतौनी को सीज करने के पीछे यह तर्क दिया गया है कि खतौनी के अभिलेख बहुत पुराने हैं जिससे उनका मुआयना करने के समय वह नष्ट हो जाते हैं खतौनी नष्ट ना हो इसलिए सीज कर दिया गया है नई खतौनी बनाने का 2 वर्ष बीत जाने के बाद भी तहसील प्रशासन ने प्रयास नहीं किया है जिसका फायदा भू माफिया उठा रहे हैं। जनपद मुख्यालय मंझनपुर के पाता ग्राम सभा की बेशकीमती करोड़ों कीमत की सरकारी जमीनों को अपनी भूमि बताकर बेखौफ तरीके से भू माफियाओं का कब्जा हो रहा है राजस्व अभिलेखों में हेराफेरी हो रही है कहीं भी पत्थर गढ़ी और हदबंदी नहीं है लेकिन फिर भी बीते दो वर्ष से जनपद मुख्यालय मंझनपुर की बेशकीमती सरकारी जमीन में बेखौफ तरीके से कब्जे के मामले बढ़ गए हैं ग्रामीण आए दिन अधिकारियों को शिकायत कर सरकारी भूमि के कब्जे को रोकने की मांग कर रहे है लेकिन सरकारी भूमि को कब्जे से रोकने के जिम्मेदार अधिकारी लापरवाह बने हुए हैं जिससे देखते-देखते मंझनपुर मुख्यालय में सैकड़ों करोड़ की सरकारी भूमि पर कब्जे हो चुके हैं जो राजस्व व्यवस्था पर बड़ा सवाल है। जनपद मुख्यालय मंझनपुर के पाता ग्राम पंचायत की बेशकीमती करोड़ों की सरकारी भूमि पर कब्जे के मामले और पाता ग्राम पंचायत की खतौनी सीज किए जाने के मामले को गंभीरता से लिया तो सैकड़ों लोगों के पक्के घर धराशाई हो सकते हैं सरकारी भूमि पर कब्जा करने के खेल में दर्जनों लोगों पर मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी हो सकती है लेकिन क्या शासन प्रशासन इस गंभीर प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए सरकारी संपत्ति को बचाते हुए भूमाफिया और तहसील प्रशासन के दोषी कर्मचारियों पर कठोर कार्यवाही करेगा इस बात का उत्तर आम जनता सरकार और अधिकारियों से चाहती है।

## जिला पंचायत के स्कूल की भूमि पर शुरू हुआ कब्जा...

### मंझनपुर तहसील प्रशासन और भूमाफिया के बीच वर्षों से चल रहा है लुकाछिपी का खेल

**कौशांबी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के रकस्वारा ग्राम सभा के मजरा खुर्रामपुर बजहा में अंग्रेजी हुकूमत के समय से जिला पंचायत का परिषदीय स्कूल संचालित हो रहा था बेसिक शिक्षा परिषद ने नई भूमि पर सरकारी विद्यालय का निर्माण करा दिया और परिषदीय स्कूल की जमीन को खाली छोड़ दिया जिस पर माफियाओं की नजर लग गई और लुकाछिपी का खेल खेलते हुए तहसील प्रशासन भू माफियाओं को कब्जा कराने में लगा है बार-बार मामले की शिकायत अधिकारियों से होती है। अधिकारियों के निर्देश पर स्कूल की जमीन का कब्जा रोक दिया जाता है लेकिन कुछ दिन बाद फिर सरकारी जमीन पर कब्जा शुरू हो जाता है बीते 3 वर्षों से तहसील प्रशासन और भू माफियाओं का यह लुका छुपी का खेल बेखौफ तरीके से खेल संचालित हो रहा है लेकिन अभी तक भूमाफिया पर मुकदमा दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी तहसील प्रशासन ने नहीं कराई है जिससे राजस्व लेखपाल की भी भूमिका सवालों के घेरे में है सरकारी संपत्ति को बचाते हुए भूमाफियाओं पर मुकदमा दर्ज कराने और सरकारी जमीन पर कब्जा करने वाले राजस्व लेखपाल को निलंबित कराने की मांग गांव की जनता ने जिलाधिकारी से की है।

# कौन जीता कौन हारा पूरे दिन होता रहा मंथन

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 में 27 फरवरी को कौशांबी जनपद के तीनों विधानसभा सीट चायल सिराथू मंझनपुर में मतदान संपन्न हो गया मतदान के बाद ईवीएम मशीनों में प्रत्याशियों के भाग्य कैद हो गए ईवीएम मशीन में भाग्य कैद होने के बाद विधानसभा प्रत्याशियों और उनके समर्थकों के बीच पूरी रात इस बात का मंथन होता रहा कि किसके पक्ष में किसने मतदान किया होगा समर्थक किसके साथ रहे होंगे किसको कितना मतदान मिला होगा गद्दार समर्थकों का चिन्हीकरण अभी से शुरू हो गया है और उनकी लिस्ट प्रत्याशियों द्वारा बनाई जा रही है मतदान के बाद विपरीत फैसले की आशंका को लेकर प्रत्याशियों और उनके

### बड़े-बड़े धुरंधर भी अपनी जीत को लेकर असमंजस में फंसे हैं

समर्थकों के बीच गुणा गणित होती रही। मतदान पूर्ण हो जाने के बाद भी प्रत्याशियों के समर्थक उन्हें गुमराह करने से नहीं चूके हैं जिन प्रत्याशियों की जमानत जप्त हो रही है जो प्रत्याशी विधानसभा चुनाव की लड़ाई में दूर-दूर तक नहीं है उनके समर्थकों ने उन्हें अभी भी जीत का भरोसा दे रखा है मतदान के बाद फैसले के समीकरण पर चारों और पूरे दिन चर्चा होती रही है प्रत्याशी और उनके समर्थक इस बात से बेताब दिखाई पड़े हैं कि कहीं उनकी जीत हार में परिवर्तित ना हो जाए बड़े-बड़े धुरंधर भी अपनी जीत को लेकर असमंजस में फंसे हैं मतगणना के बाद किस प्रत्याशी के सिर जीत का ताज सजेगा यह तो वक्त बताएगा।

# नगर पालिका लिपिक से भाजपा नेताओं ने कहा सरकार बनने दो मार देंगे गोली

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** विधानसभा चुनाव का अभी परिणाम सामने नहीं आया है लेकिन का रुझान शुरू हो गया है भारतीय जनता पार्टी के समर्थकों की गुंडई शुरू हो गई है ताजा मामला कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका भरवारी के लेखा लिपिक बबलू गौतम को गाली गलौज अभद्रता कर जान से मारने की भाजपा नेताओं द्वारा धमकी दिए जाने का है मामले की सूचना लेखा लिपिक ने कोखराज थाना पुलिस को दिया है पुलिस ने भाजपा नेताओं के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटनाक्रम के मुताबिक नगर पालिका परिषद भरवारी के लेखा लिपिक बबलू गौतम को 24 मार्च को भाजपा के कुछ नेताओं द्वारा फोन कर

### लेखा लिपिक को धमकी दिए जाने के मामले में कोखराज पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

बिजली ठीक किए जाने के लिए बात करने का प्रयास किया गया लेकिन चुनाव में व्यस्तता के कारण लेखा लिपिक बबलू गौतम ने भाजपा नेताओं का फोन नहीं उठाया जिससे भाजपा नेता आक्रोशित हो गए अधिकारियों से काम निपटाने के बाद जब बबलू गौतम खाली हुए तो उन्होंने भाजपा नेताओं को फोन कर उनसे समस्याओं पर बात की जिस पर बताया गया कि कशिया गांव की बिजली खराब है उन्होंने कहा ठीक करा देते हैं इतने में ही भाजपा नेता आक्रोशित हो गए दो अन्य लोगों के साथ बबलू गौतम बिजली ठीक कराने गांव गए जिस पर उन्हें जातिसूचक शब्दों से अपमानित करते हुए गाली गलौज कर धमकी दी गई है कि 10 मार्च को चुनाव परिणाम आने दो तुम्हें हम गोली मार देंगे। लेखा लिपिक बबलू गौतम से जब इस बारे में जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि विधुत समस्या को लेकर मोबाइल फोन पर विपिन साहू व राजकुमार साहू निवासी कशिया पूर्व थाना कोखराज ने जाति सूचक शब्दो से अपमानित करते हुए धमकी दी है बबलू गौतम का कहना है कि उक्त दोनों भाजपा नेताओं ने कहा है कि 10 मार्च को चुनाव परिणाम आने के बाद तुम्हे गोली मार देगे लेखा लिपिक की शिकायत पर कोखराज थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# अभी तक सैकड़ो किसानों को धान बिक्री का नहीं मिला भुगतान

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** सरकार द्वारा संचालित धान खरीद केंद्र पूरी तरह से किसानों का शोषण का केंद्र बन गया है धान खरीद अधिकारी और जिला वितरण अधिकारी किसानों के शोषण में मूकदर्शक बने हुए हैं जिससे किसानों के सामने तमाम समस्याएं उत्पन्न हो गई हैं धान खरीद केंद्र से पीड़ित किसानों द्वारा रोज शिकायत किए जाने के बाद भी किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है धान खरीद केंद्रों में विपरण निरीक्षकों की सांठगांठ से खाद्यान्न माफिया हावी हैं और 4 महीने की लगातार धान खरीद में किसानों का जमकर शोषण हुआ है जिन किसानों ने विपरण निरीक्षकों की कमीशन खोरी की बात को स्वीकार कर उन्हें कमीशन दे दिया है उन किसानों के भुगतान हुए हैं

### दो माह बीत गये फिर भी अधिकारियों की बदनियति से धान तौल के 3 दिन के भीतर भुगतान किए जाने का सरकार का निर्देश साबित हो रहा हवा हवाई, धान खरीद केंद्र में विभागीय अधिकारियों की संलिप्तता से कमीशन खोरी का बेखौफ चल रहा खेल

लेकिन जिन किसानों ने कमीशन खोरी का विरोध किया है धान तौल हो जाने के महीनों बाद भी उनकी उपज का भुगतान सरकारी खरीद केंद्र से नहीं हो रहा है चक गांव के शुभम ने 13 फरवरी को 34 कुंटल धान की तौल मंडी समिति ओसा के केंद्र में किया था लेकिन अभी तक भुगतान नहीं हो सका है भद्दुरपुर के पंचम लाल ने 21 दिसंबर को 170 कुंटल धान की तौल मंडी समित ओसा के धान खरीद केंद्र में की थी लेकिन अभी तक उनके उपज का भुगतान नहीं हो सका नानुहा का पूरा के सुग्गी लाल ने 2 महीना पहले 171 बोरी धान की तौल मंडी समिति ओसा के सरकारी केंद्र की थी लेकिन अभी तक उनका फिंगरप्रिंट नहीं लग सका है जिससे उनका भुगतान नहीं हुआ है जिससे किसानों के सामने विकराल समस्या उत्पन्न है लेकिन किसानों की इस समस्या पर शासन प्रशासन से लेकर जनप्रतिनिधियों तक ने चुप्पी साध रखी है।

## धान खरीद केंद्रों में तौल के बाद उपज में हुई कटौती का नहीं है विभाग के पास लेखा जोखा

**कौशाम्बी।** धान खरीद केंद्र में बेखौफ तरीके से किसानों की उपज के तौल के बाद घटिया क्वालिटी का आरोप लगाकर उनकी उपज में कटौती हुई है 4 महीने से लगातार किसानों की उपज में कटौती कर विपणन निरीक्षक और जिम्मेदार मालामाल हो रहे हैं किसानों से उनकी उपज के तौर होने के बाद कटौती किए जाने का लेखा-जोखा खरीद केंद्र प्रभारियों के पास नहीं है और जिला स्तर पर भी किसानों की उपज में कटौती का लेखा-जोखा नहीं है जबकि बेखौफ तरीके से किसानों की उपज में तौल के बाद धान की कटौती हुई है सूत्रों की माने तो धान खरीद के दौरान 10% तक उपज में खरीद केंद्र प्रभारियों ने किसानों से कटौती की है बेखौफ तरीके से किसानों की धान कटौती के मामले में जिला विपणन निरीक्षक और धान खरीद अधिकारी मूक दर्शक बने हुए हैं जिससे उनकी संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता किसानों के धान कटौती के बाद उतने वजन की धान खरीद फर्जी तरीके से दलालों के नाम दर्ज कर सरकारी खजाने से भुगतान निकाला जा रहा है जिससे सरकार को भी कई करोड़ की चपत लगाने में धान खरीद केंद्र प्रभारी सफल हो चुके हैं सब कुछ बेखौफ तरीके से चलने के 4 महीने बाद भी जिला विपणन अधिकारी और धान खरीद अधिकारी ने धान खरीद की कटौती के मामले को गंभीरता से नही लिया है किसानों से कितनी कटौती हुई इसके आंकड़े विभाग के पास नहीं है धान कटौती के आंकड़ों के मामले के शासन प्रशासन ने सूक्ष्म जांच कराई तो व्यवस्था के जिम्मेदारों का निलंबन होना तय माना जा रहा है लेकिन क्या धान कटौती के आड़ में धान खरीद केंद्र में उपजे बड़े भ्रष्टाचार को शासन प्रशासन गंभीरता से लेगा यह बड़ी जांच का विषय है और धान खरीद में किसानों की उपज में कटौती को शासन ने गंभीरता से लेकर सूक्ष्म जांच कराई तो भ्रष्टाचार में शामिल कई चेहरों का उजागर होना तय है।

संपादकीय

# शिवः सकारात्मक ऊर्जा के स्रोत

**देवाधिदेव** भगवान शिव के समस्त भारत में जितने मंदिर अथवा तीर्थ स्थान हैं, उतने अन्य किसी देवी-देवता के नहीं। आज भी समूचे देश में उनकी पूजा-उपासना व्यापक स्तर पर होती है। महाशिवरात्रि को भगवान शिव का सबसे पवित्र दिन माना गया है, जो सकारात्मक ऊर्जा का स्रोत भी है। भारत में धार्मिक मान्यता के अनुसार महाशिवरात्रि का बहुत महत्व है। यह आध्यात्मिक चरम पर पहुंचने का सुअवसर है। इस दिन भगवान शिव का जलाभिषेक पुण्यकारी माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन जलाभिषेक के साथ भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने और व्रत रखने से वे शीघ्र प्रसन्न होते हैं और उनकी विशेष कृपा प्राप्त होती है। दाम्पत्य जीवन में प्रेम और सुख-शांति बनाए रखने के लिए भी यह व्रत लाभकारी माना गया है। धर्मग्रंथों में भगवान शिव को ह्यकालों का कालह्न और ह्यदेवों का देवह्न अर्थात ह्यमहादेवह्न कहा गया है। एक होते हुए भी शिव के नटराज, पशुपति, हरिहर, त्रिमूर्ति, मृत्युंजय, अर्द्धनारीश्वर, महाकाल, भोलेनाथ, विश्वनाथ, ओंकार, शिवलिंग, बटुक, क्षेत्रपाल, शरभ इत्यादि अनेक रूप हैं। सर्वत्र पूजनीय शिव को समस्त देवों में अग्रणी और पूजनीय इसलिए भी माना गया है क्योंकि वे अपने भक्तों पर बहुत जल्दी प्रसन्न होते हैं और दूध या जल की धारा, बेलपत्र व भांग की पत्तियों की भेंट से ही अपने भक्तों पर प्रसन्न होकर उनकी समस्त मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। वे भारत की भावनात्मक एवं राष्ट्रीय एकता व अखण्डता के प्रतीक हैं। भारत में शायद ही ऐसा कोई गांव मिले, जहां भगवान शिव का कोई मंदिर अथवा शिवलिंग स्थापित न हो। यदि कहीं शिव मंदिर न भी हो तो वहां किसी वृक्ष के नीचे अथवा किसी चबूतरे पर शिवलिंग स्थापित मिल जाएगा। हालांकि बहुत से लोगों के मस्तिष्क में यह सवाल उमड़ता है कि जिस प्रकार विभिन्न महापुरूषों के जन्मदिन को उनकी जयंती के रूप में मनाया जाता है, उसी प्रकार भगवान शिव के जन्मदिन को उनकी जयंती के बजाय रात्रि के रूप में क्यों मनाया जाता है? इस संबंध में मान्यता है कि रात्रि को पापाचार, अज्ञानता और तमोगुण का प्रतीक माना गया है और कालिमा रूपी इन बुराइयों का नाश करने के लिए हर माह चराचर जगत में एक दिव्य ज्योति का अवतरण होता है, यही रात्रि शिवरात्रि है। शिव और रात्रि का शाब्दिक अर्थ एक धार्मिक पुस्तक में स्पष्ट करते हुए कहा गया है, ह्यह्यजिसमें सारा जगत शयन करता है, जो विकार रहित है, वह शिव है अथवा जो अमंगल का ह्रास करते हैं, वे ही सुखमय, मंगलमय शिव हैं। जो सारे जगत को अपने अंदर लीन कर लेते हैं, वे ही करूणा सागर भगवान शिव हैं। जो नित्य, सत्य, जगत आधार, विकार रहित, साक्षीस्वरूप हैं, वे ही शिव हैं। महासमुद्र रूपी शिव ही एक अखंड परम तत्व हैं, इन्हीं की अनेक विभूतियां अनेक नामों से पूजी जाती हैं, यही सर्वव्यापक और सर्वशक्तिमान हैं, यही व्यक्त-अव्यक्त रूप से सगुण ईश्वर और निर्गुण ब्रह्म कहे जाते हैं तथा यही परमात्मा, जगत आत्मा, शम्भव, मयोभव, शंकर, मयस्कर, शिव, रूद्र आदि कई नामों से संबोधित किए जाते हैं। शिव के मस्तक पर अर्द्धचंद्र शोभायमान है, जिसके संबंध में कहा जाता है कि समुद्र मंथन के समय समुद्र से विष और अमृत के कलश उत्पन्न हुए थे। इस विष का प्रभाव इतना तीव्र था कि इससे समस्त सृष्टि का विनाश हो सकता था, ऐसे में भगवान शिव ने इस विष का पान कर सृष्टि को नया जीवनदान दिया जबकि अमृत का पान चन्द्रमा ने कर लिया।

# वे आदिदेव है, देवों के देव है, महादेव हैं

ललित गर्ग

**शिव ने जीवन को नई और परिपूर्ण शैली दी। पृथ्वी, पानी, अग्नि, वायु, वनस्पति की जीवन में आवश्यकता और उपयोगिता का प्रशिक्षण दिया। कला, साहित्य, शिल्प, मनोविज्ञान, विज्ञान, पराविज्ञान और शिक्षा के साथ साधना के मानक निश्चित किए। सबको काम, अर्थ, धर्म, मोक्ष की पुरुषार्थ चतुष्टयी की सार्थकता सिखलाई। वे भारतीय जीवन-दर्शन के पुरोधा हैं। आज चारों ओर युद्ध, अनैतिकता, आतंक, अराजकता और अनुशासनहीनता का बोलबाला है। व्यक्ति, समाज एवं राष्ट्र- हर कहीं दरारे ही दरारे हैं, हर कहीं टूटन एवं बिखराव है। मानवीय दृष्टि एवं जीवन मूल्य खोजने पर भी नहीं मिल रहे हैं। मनुष्य आकृति से मनुष्य रह गया है, उसकी प्रकृति तो राक्षसी हो चली है। मानवता क्षत-विक्षत होकर कराह रही है**

**भगवान** शिव शक्ति के प्रतीक ज्योतिर्लिंग का प्रादुर्भाव फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी की निशीथ काल में हुआ था, वे आदिदेव है, देवों के देव है, महादेव हैं। उनके जन्मोत्सव को महाशिवरात्रि के रूप में मनाया जाता है। शिव पुराण के अनुसार सृष्टि के आरंभ में ब्रह्मा ने इसी दिन रुद्र रूपी शिव को उत्पन्न किया था। शिव एवं हिमालय पुत्री पार्वती का विवाह भी इसी दिन हुआ था। अतः यह शिव एवं शक्ति के पूर्ण समरस होने की रात्रि भी है। वे सृष्टि के सर्जक हैं। वे मनुष्य जीवन के ही नहीं, सृष्टि के निमार्ता, पालनहार एवं पोषक हैं। उन्होंने मनुष्य जाति को नया जीवन दर्शन दिया। जीने की शैली सिखलाई। शिव सभी देवताओं में वे सर्वोच्च हैं, महानतम हैं, दुःखों को हरने वाले हैं। वे कल्याणकारी हैं तो संहारकर्ता भी हैं। प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि को असंख्य श्रद्धालु शिव की भक्ति में मग्न होकर शिवत्व का जन्म दिवस मनाते हैं। यह शिव से मिलन की रात्रि का सुअवसर है। यह पर्व सांस्कृतिक एवं धार्मिक चेतना की ज्योति किरण है। इससे हमारी चेतना जाग्रत होती है, जीवन एवं जगत में प्रसन्नता, गति, संगति, सौहार्द, ऊर्जा, आत्मशुद्धि एवं नवप्रेरणा का प्रकाश परिव्याप्त होता है। यह पर्व जीवन के श्रेष्ठ एवं मंगलकारी व्रतों, संकल्पों तथा विचारों को अपनाने की प्रेरणा देता है। भौतिक एवं भोगवादी भागदौड़ की दुनिया में शिवरात्रि का पर्व भी दुःखों को दूर करने एवं सुखों का सृजन करने का प्रेरक है। भोलेनाथ भाव के भूखे हैं, कोई भी उन्हें सच्ची श्रद्धा, आस्था और प्रेम के पुष्प अर्पित कर अपनी मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना कर सकता है। दिखावे, ढोंग एवं आडम्बर से मुक्त विद्वान-अनपढ़, धनी-निर्धन कोई भी अपनी सुविधा तथा सामर्थ्य से उनकी पूजा और अर्चना कर सकता है। शिव न काठ में रहता है, न पत्थर में, न मिट्टी की मूर्ति में, न मन्दिर की भव्यता में, वे तो भावों में निवास करते हैं। भगवान शिव भोले भण्डारी है और जग का कल्याण करने वाले हैं। सृष्टि के कल्याण हेतु जीर्ण-शीर्ण वस्तुओं का विनाश आवश्यक है। इस विनाश में ही निर्माण के बीज छुपे हुए हैं। इसलिये शिव संहारकर्ता के रूप में निर्माण एवं नव-जीवन के प्रेरक भी है। सृष्टि पर जब कभी कोई संकट पड़ा तो उसके समाधान के लिये वे सबसे आगे रहे। जब भी कोई संकट देवताओं एवं असुरों पर पड़ा तो उन्होंने शिव को ही याद किया और शिव ने उनकी रक्षा की।



समुद्र-मंथन में देवता और राक्षस दोनों ही लगे हुए थे। सभी अमृत चाहते थे, अमृत मिला भी लेकिन उससे पहले हलाहल विष निकला जिसकी गर्मी, ताप एवं संकट ने सभी को व्याकुल कर दिया एवं संकट में डाल दिया, विष ऐसा की पूरी सृष्टि का नाश कर दें, प्रश्न था कौन ग्रहण करें इस विष को। भोलेनाथ को याद किया गया गया। वे उपस्थित हुए और इस विष को ग्रहण कर सृष्टि के सम्मुख उपस्थित संकट से रक्षा की। उन्होंने इस विष को कंठ तक ही रखा और वे नीलकंठ कहलाये। इसी प्रकार गंगा को पृथ्वी पर लाने के लिये भोले बाबा ने ही सहयोग किया। क्योंकि गंगा के प्रचंड दबाव और प्रवाह को पृथ्वी कैसे सहन करें, इस समस्या के समाधान के लिये शिव ने अपनी जटाओं में गंगा को समाहित किया और फिर अनुकूल गति के साथ गंगा का प्रवाह उनकी जटाओं से हुआ। ऐसे अनेक सृष्टि से जुड़े संकट और उसके विकास से जुड़ी घटनाएं हैं जिनके लिये शिव ने अपनी शक्तियों, तप और साधना का प्रयोग करके दुनिया को नव-जीवन प्रदान किया। शिव का अर्थ ही कल्याण है, वही शंकर है, और वही रुद्र भी है। शंकर में शं का अर्थ कल्याण है और कर का अर्थ करने वाला। रुद्र में रु का अर्थ दुःख और द्र का अर्थ हरना- हटाना। इस प्रकार रुद्र का अर्थ हुआ, दुःख को दूर करने वाले अथवा कल्याण करने वाले। यह पर्व महाकाल शिव की आराधना का महापर्व है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन पूजा एवं अभिषेक करने पर उपासक को समस्त तीर्थों के स्नान का फल प्राप्त होता है। शिवरात्रि का व्रत करने वाले इस लोक के समस्त भोगों को भोगकर अंत में शिवलोक में जाते हैं। शिवरात्रि की पूजा रात्रि के चारों प्रहर में करनी चाहिए। शिव को बिल्वपत्र, धतूरे के पुष्प तथा प्रसाद में भांग अति प्रिय हैं। लौकिक दृष्टि से दूध, दही, घी, शकर, शहद- इन पाँच अमृतों (पंचामृत) का पूजन में उपयोग करने का विधान है। महामृत्युंजय मंत्र शिव आराधना का महामंत्र है। शिवरात्रि वह समय है जो पारलौकिक, मानसिक एवं भौतिक तीनों प्रकार की व्यथाओं, संतापों, पाशों से मुक्त कर देता है। शिव की रात शरीर, मन और वाणी को विश्राम प्रदान करती है। लौकिक जगत में लिंग का सामान्य अर्थ चिह्न होता है जिससे पुल्लिंग, स्त्रीलिंग और नपुंसक लिंग की पहचान होती है। शिव लिंग लौकिक के परे है। इस कारण एक लिंगी है। आत्मा है। शिव संहारक हैं। वे पापों के संहारक हैं। शिव की गोद में पहुंचकर हर व्यक्ति भय-ताप से मुक्त हो जाता है। शिवरात्रि जागृति का पर्व है। जिसमें आत्मा का मंगलकारी शिव से मिलना होता है। यह आत्म स्वरूप को जानने की रात्रि है। यह स्वयं के भीतर जाकर अथवा अंतश्चेतना की गहराइयों में उतरकर आत्म साक्षात्कार करने का दुर्लभ प्रयोग है। यह आत्मयुद्ध की प्रेरणा है, क्योंकि स्वयं को जीत लेना ही जीवन की सच्ची जीत है, शिवत्व की प्राप्ति है। काल के इस क्षण की सार्थकता शिवमय हो जाने में है। शक्ति माया नहीं है, मिथ्या नहीं है, प्रपंच नहीं है। इसके विपरीत शक्ति सत्य है। जीव और जगत भी सत्य है। सभी तत्वतः सत्य हैं। सभी शिवमय हैं। शिवरात्रि भोगवादी मनोवृत्ति के विरुद्ध एक प्रेरणा है, संयम की, त्याग की, भक्ति की, संतुलन की। सुविधाओं के बीच रहने वालों के लिये सोचने का अवसर है कि वे आवश्यक जरूरतों के साथ जीते हैं या जरूरतों से ज्यादा आवश्यकताओं की मांग करते हैं। इस शिवभक्ति एवं उपवास की यात्रा में हर व्यक्ति में अहंकार नहीं, बल्कि शिशुभाव जागता है। क्रोध नहीं, क्षमा शोभती है। कष्टों में मन का विचलन नहीं, सहने का धैर्य रहता है। यह तपस्या स्वयं के बदलाव की एक प्रक्रिया है। यह प्रदर्शन नहीं, आत्मा के अभ्युदय की प्रेरणा है। इसमें भौतिक परिणाम पाने की महत्वाकांक्षा नहीं, सभी चाहों का संन्यास है। शिव ने जीवन को नई और परिपूर्ण शैली दी। पृथ्वी, पानी, अग्नि, वायु, वनस्पति की जीवन में आवश्यकता और उपयोगिता का प्रशिक्षण दिया। कला, साहित्य, शिल्प, मनोविज्ञान, विज्ञान, पराविज्ञान और शिक्षा के साथ साधना के मानक निश्चित किए। सबको काम, अर्थ, धर्म, मोक्ष की पुरुषार्थ चतुष्टयी की सार्थकता सिखलाई। वे भारतीय जीवन-दर्शन के पुरोधा हैं। आज चारों ओर युद्ध, अनैतिकता, आतंक, अराजकता और अनुशासनहीनता का बोलबाला है। व्यक्ति, समाज एवं राष्ट्र- हर कहीं दरारे ही दरारे हैं, हर कहीं टूटन एवं बिखराव है। मानवीय दृष्टि एवं जीवन मूल्य खोजने पर भी नहीं मिल रहे हैं। मनुष्य आकृति से मनुष्य रह गया है, उसकी प्रकृति तो राक्षसी हो चली है। मानवता क्षत-विक्षत होकर कराह रही है। यूक्रेन एवं रूस के बीच चल रहा युद्ध मानवता के विनाश की कहानी लिख रहा है, विश्वयुद्ध की संभावनाएं गहराती जा रही है। इन सबका कारण है कि हमने आत्म पक्ष को भुला दिया है। इन विकट स्थितियों में महादेव ही हमें बचा सकते हैं, क्योंकि शिव ने जगत की रक्षा हेतु बार-बार और अनेक बार उपक्रम किये। वस्तुतः अपने विरोधियों एवं शत्रुओं को मित्रवत बना लेना ही सच्ची शिव भक्ति है। जिन्हें समाज तिरस्कृत करता है उन्हें शिव गले लगाते हैं। तभी तो अछूत सर्प उनके गले का हार है, अधम रूपी भूत-पिशाच शिव के साथी एवं गण हैं। समाज जिनकी उपेक्षा करता है, शंकर उन्हें आमंत्रित करते हैं। शिव की बरात में आए नंग-धडंग, अंग-भंग, भूत-पिशाच इसी तथ्य को दृढ़ करते हैं। इस लिहाज से शिव सच्चे पतित पावन हैं। उनके इसी स्वभाव के कारण देवताओं के अलावा दानव भी शिव का आदर करते हैं। सचमुच! धन्य है उनकी तितिक्षा, कष्ट-सहिष्णुता, दृढ़-संकल्पशक्ति, धैर्यशीलता, आत्मनिष्ठा और अखण्ड साधनाशीलता।

## कविता

युद्ध, विनाश और शांति '
क्या हम भूल गए
नागासाकी की विभीषिका को,
अभी भी जापान में
मानव जाति कराह रही है,
अणु और परमाणु बमों की
त्रासदाई पीड़ा और संत्रास से,
क्या हम भूल गए हिरोशिमा के विनाश को जहां
मानवता रोती कराती बिलबिला रही है,
निर्दयी बम और बारूद के
निर्दयी संताप से,
मानव की कई पीढ़ियां
उसके प्रभाव को झेल रही है।
अब फिर यूक्रेन और रूस,
कमजोर यूक्रेन पर हमला,
कमजोर होना निर्मल होना
क्या जीवन जीने का
हक छीन लेती है?
लो रूस फिर
तानाशाही की ओर,
आंखों में सत्ता विस्तार
की अंधी हवस,
मृत मानव के निर्जीव मांस
के चाहत की बेहया पिपासा,
मानसिक हवस का तांडव,
हम वापस बर्बर युग की ओर,
अंधा और जंगल का कानून,
बेलगाम ताकतवर
जंगल का राजा

संजीव ठाकुर

## आप देखते रह गए...

डॉ. सुरेश कुमार

पता नहीं कहाँ से आया था। न जाने किस उम्मीद के साथ आया था। एक दुबला-पतला कुत्ता हमारे आंगन में निरीह आँखों से हमारी ओर देख रहा था। रह-रहकर भौंकने लगा। लगा हमारी देख-रेख करने आया है। विश्वासपात्र बनकर रहेगा। यही सोचकर रोटी का एक टुकड़ा उसे खाने के लिए दे दिया। दिन, महीने बने और महीने साल। कई सालों तक वह इसी तरह भौंकता रहा। वह बार-बार विश्वास दिलाता रहा कि मैं तुम्हारी देख-रेख कर रहा हूँ। तुम्हारा विश्वासपात्र हूँ। कई सालों से उसी आंगन में रहने वाले लोगों पर उसका भौंकना कभी-कभार काटना हमें सोचने पर मजबूर कर रहा था। उसके भौंकने में इतना आक्रोश था कि मानो वह किसी अन्याय का विरोध कर रहा है। लगा कुत्ता भला हमारे साथ विश्वासघात कैसे कर सकता है? हो न हो हमीं में कोई ऐसा है जो धोखा देने की फिराक में बैठा है। हमने भौंकने वाले कुत्ते के चक्कर में अपने प्रति सहानुभूति रखने वालों को दूर करने के लिए आंगन में चारदिवारी खड़ी कर दी। बहुत सालों तक मिलजुलकर रहने वाले हम बाहर से आए कुत्ते के चलते अलग-थलग पड़ गए। अब हममें पहले जैसा प्यार नहीं रहा। अपना चूल्हा अलग कर चुके थे। एक-दूसरे को पीठ दिखाकर पीठ पीछे षड़यंत्र रचने लगे। एक-दूसरे पर लाठियाँ चलाने लगें। एक-दूसरे के खून के प्यासे बन गए। हम निश्चिंत हो चले थे कि कोई हमारा क्या बिगाड़ सकता है? चूंकि आंगन में शेर जैसा कुत्ता पाल रखा है मजाल कोई हमारी ओर आँख उठाकर देखने की हिम्मत करे। कहते हैं अधिक निश्चिंतता भी एक बड़े खतरे का सबब होता है। हमने अपने कुत्ते पर बहुत विश्वास किया। उसे कुत्ते से शेर बनाया। खुद को शेर सा महसूस करने लगे। किंतु जिस दिन वह कुत्ता शेर बना उसी दिन से एक नया अध्याय आरंभ हुआ। हमारे खून का प्यासा बन चुका था। वह हमारी बनाई चारदीवारी के भीतर हमारा शिकार करने लगा। हमसे खिलवाड़ करने लगा। अलग-थलग पड़ने से एकता कम और संवेदना अधिक मरती है। हमारी कराह की किसी को परवाह नहीं थी। कुत्ते से शेर बनना और भरोसा से धोखा खाना हमारी वर्तमान पीढ़ी के लिए नई बोतल में पुरानी शराब सी लगी। हम अपनी बनायी संकीर्णताओं की चारदीवारी के भीतर फंसकर रह गए। हमारे टुकड़ों पर पला कुत्ता शेर जो बन गया था! न अपना दुखड़ा सुना सकते थे और न किसी का सुन सकते थे। निस्सहायता की पराकाष्ठा इससे बढ़कर और क्या हो सकती थी?

कतार में खड़े होकर शेर का शिकार बनने का यह किस्सा हमेशा से चला आ रहा है। चूंकि हम इंसान नहीं भेड़ थे, भेड़ हैं और भेड़ ही रहेगें इसलिए यह किस्सा हमारे साथ हमेशा दोहराया जाएगा। अंतर केवल इतना होगा कि कुत्ते की शक्ल में शेर और इंसान की शक्ल में भेड़ बदलते रहेंगे।

## गरीबों के देव महादेव

**भारतवर्ष** का महापर्व है महाशिवरात्रि।फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी को प्रतिवर्ष मनाए जाने वाले इस पर्व में देवाधिदेव,महामृत्युंजय, भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना धूमधाम से की जाती है। पौराणिक कथाओं के अनुसार आज ही के दिन भगवान शिव का विवाह पार्वती जी के साथ हुआ था। भोले भाले और उदारमना भोलेनाथ को गरीबों के देव भी कहते हैं।दरअसल महंगे मेवा मिष्ठान से दूर धतूरा,बेल,भांग,शमी,कनेर, चिड़चिड़ा जैसे जंगली पौधों के फल-फूल के भोग-श्रृंगार- अर्पण से वे प्रसन्न हो जाते हैं। इसलिए इन्हें "वनस्पतियों का देव"भी कहा जाता है।

**धतूरा संकट हरे पूरा:** धतूरा के चढ़ावे से भक्तों की बड़ी बड़ी मन्नतें भोलेनाथ पूरी कर देते हैं। संकट हर लेते हैं।समूचे भारतवर्ष में बड़ी आसानी से खेत खलिहान बियाबान में उगने वाले धतूरे को विषैले पौधों की श्रेणी में रखा गया है। शिवप्रिय धतूरा के विविध किस्मों में 'ट्रम्पेट बिगुल (तूरही मोहरी )"जैसे सफेद ,बैगनी,पीले ,गुलाबी फूल खिलते हैं। इसमें गोल कांटेदार फल आते हैं इसीलिए इसे 'थोर्न एप्पल '(कांटेदार सेब) भी कहते हैं। धर्म ग्रंथों मेंधतूरे का खास वर्णन मिलता है।आचार्य चरक इसे "कनक"तथा सुश्रुत इसे 'उन्मत्त' नाम से पुकारते हैं।संस्कृत में इसे "धृत मातूल" कहते हैं।आयुर्वेदाचार्य इससे अनेक रोगों को दूर करने की औषधि निर्मित करते हैं।

**भोले को भाए बेल बृक्ष-** भोलेनाथ का दूसरा अति प्रिय पौधा बेल है।इसे श्रीबृक्ष,शिवद्रूम और 'शाण्डिलु'अर्थात पीड़ा निवारक कहा जाता है।स्कंद पुराण में बताया गया है कि मां पार्वती नेअपने ललाट पर आए पसीने को पोंछ कर फेंका तो वह मंदार पर्वत पर गिरा।उससे ही बेल वृक्ष की उत्पत्ति हुई। ऐसी कथा प्रचलित है कि माता पार्वती ने शिवजी को प्राप्त करने के लिए अनेक वर्षों तक बेल पत्र खाकर जंगल में तपस्या की थी। कंटीले वृक्ष बेल में सामान्यत तीन पत्तियां संयुक्त रूप से जुड़ी होती है। जिनसे शिव का श्रृंगार किया जाता है,जो कि भगवान शिव के त्रिनेत्र स्वरूप होते हैं।पत्तियों में माता गौरी का वास होता है। बेल पत्र को कभी बासी नहीं माना जाता।एक बार भोलेनाथ पर चढ़े बेलपत्र को दोबारा भी धोकर चढ़ाया जा सकता है।इसमें हल्के हरे सफेद फूल आते हैंऔर ग्रीष्म ऋतु में चिकने गेंद की तरह हरे हरे फल आते हैं।पकने पर ए आम की तरह पीले हो जाते हैं।जिसके गूदे से निर्मित शरबत के सेवन सेअनेक ब्याधियों का नाश होता है।यह वृक्ष वायुमंडल में व्याप्त विषैली गैस,अशुद्धियों को सोखने की क्षमता रखता है।

**शिव साधक है शमी:** शिव जी की पूजा में शमी बृक्ष को भी विशेष दर्जा प्राप्त है।हिन्दू धर्म में पवित्र पौधा तुलसी की तरह शमी को भी घर में लगाना शुभ माना जाता है।भोलेनाथ को जल अर्पण करते समय शमी के फूल पत्ती डालने से वे अत्यंत प्रसन्न होते हैं।थार के मरुस्थल में बड़ी मात्रा में पाए जाने वाले शमी को 'खेजड़ी' कहते हैं। श्रीराम ने लंकापति रावण से युद्ध करने के पूर्व शमी पत्रों से ही शिव पूजा की थी।विजया दशमी के दिन शमी का पौधा घर पर लगाने की भी प्रथा है।औषधीय पौधा शमी में खूबसूरत गुलाबी,पीले,सफेद मिश्रित बाटलब्रश की भांति फूल खिलते हैं। ऐसी मान्यता है कि एक शमी का फूल पत्र लाखों बेलपत्र,कनेर,धतूरा,आक के समतुल्य होता है। कंटीले भूरे रंग की छाल युक्त शमी के फूलों को 'मींझर' फलों को 'सांगरी' और सूखे फल को 'खोखा' कहा जाता है।

**मदार में मगन महादेव:** महादेव को मदार का पौधा भी मुग्ध कर देता है। इसे आक,अक्वा,अर्क भी कहते हैं।बरगद के जैसे पत्तों वाले मदार की डगाली,पत्ती फल,फूल को तोड़ने पर दूध निकलता है।इसके सफेद, बैगनी,रंग के फूलों से पूजा करने पर महादेव मनवांछित फल दे जाते हैं। भोलेनाथ की नगरी काशी (बनारस)में मदार के पौधों की खेती बड़ी मात्रा में की जाती है।मदार की जड़,दूध,फूल,पत्ती भी औषधि के रूप में इस्तेमाल होते हैं। इसके आम जैसे फल केअंदर रुई से लिपटे बीज होते हैं।पकने पर फल स्वत:फट जाते हैंऔर इसमें से पैराशूट की तरह निकलकर बीज हवा में दूर-दूर तक उड़ते चले जाते हैं।प्रकृति की यह अद्भुत जादूगरी 'विकिरण प्रक्रिया' कहलाती है।

**भांग का भोग चढ़े भोले को:** भोलेनाथ को भांग का भोग चढ़ाया जाता है,जो कि नशीले प्रजाति के पौधे भांग की पत्तियों को पीसकर बनाया जाता है।भांग के पौधे नर -मादाऔर उभयलिंगी होते हैं।नर प्रजाति के पौधे की पत्तियों से भांग और मादा प्रजाति के पौधे के फूल से गांजा बनता है।इसकी शाखाओं-पत्तों पर राल (गोंद) के समान चिपचिपा पदार्थ निकलता है।जिसे चरस कहा जाता है। भांग की खेती उत्तराखंड बिहार,पश्चिम बंगाल,उत्तर प्रदेश में प्रचुरता से होती है। गढ़वाल के चांदपुर को भांग का गढ़ कहा जाता है।

**भोले प्रिय क्यों हैं भांग- धतूरा:** भगवान भोलेनाथ का निवास कैलाश पर्वत है। यह पूरी तरह से बर्फ.से आच्छादित है।प्रचण्ड ठंढ के वातावरण में गर्म तासीर धतूरा के सेवन से शरीर में गरमी आती है।ऐसा भी कहा जाता है कि समुद्र मंथन हुआ तो उसमें से उत्पन्न विष का सेवन भोलेनाथ ने किया। हलाहल विष के सेवन से उनका शरीर तपते हुए नीला पड़ने लगा।उन्हें बेचैनी होने लगी।तबऔषधि के रूप में उन्हें भांग,धतूरा,बेल पत्र का सेवन कराया गया।

**गंजेड़ी भंगेड़ी नहीं है भोलेनाथ:** भगवान शिव के प्रसाद के नाम पर भरपूर भांग गांजा का सेवन करने वाले जान लें कि भोलेनाथ ने ऐसे विषैले नशीली चीजों का सेवन औषधि स्वरूप ग्रहण किया था।यह सर्वविदित है कि औषधि की मात्रा सदैवअल्प ही होती है।आज के समय में अनेक दूराचारी,नशेड़ी लोग बम बम भोले, हर हर महादेव,की रट लगाते हुए नशीले पदार्थों का सेवन अत्यधिक मात्रा में करते हैं। भोले भक्त बनने का उपक्रम करते हैं।यह सर्वथा अनुचित है।महाशिवरात्रि पर ऐसे नशेड़ियों सहित आमजन भी संस्कृत के इस लघु सूत्र का मनन करें-अति सर्वत्र वर्जयेत।

**विजय मिश्रा 'अमित'**
**पूर्व अति महाप्रबंधक (जन) छग स्टेट पावर कंपनी**

## खुद रूस को भी भुगतना पड़ेगा युद्ध का खामियाजा

नरविजय यादव

अनेक पश्चिमी देशों ने रूस के चुनिंदा बड़े बैंकों को स्विफ्ट बैंकिंग सिस्टम पर ब्लॉक करना शुरू कर दिया है। स्विफ्ट यानी सोसाइटी फॉर वर्ल्डवाइड इंटरबैंक फाइनेंशियल टेलीकम्युनिकेशन, एक सुरक्षित मैसेजिंग सिस्टम है जो विभिन्न देशों के बीच पेमेंट की सुविधा प्रदान करता है, जिससे अंतर्राष्ट्रीय व्यापार सुगम होता है। जो देश स्विफ्ट सिस्टम से जुड़े होते हैं उनके बैंक आपस में संदेशों का त्वरित आदान प्रदान कर भुगतान सुनिश्चित करते हैं। स्विफ्ट की स्थापना 1970 में की गई थी। यह 200 देशों के 11 हजार वित्त संस्थानों की एक कोऑपरेटिव व्यवस्था है, जो मुख्यतः यूरोपीय व बेल्जियन नियमों के अधीन संचालित होती है। इसके जरिए हर साल पांच अरब से भी ज्यादा फाइनेंशियल संदेश भेजे जाते हैं। अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संगठनों और यूरोपीय देशों से अलग थलग करने के प्रयास में रूस के बड़े बैंकों पर आर्थिक प्रतिबंध लगाए जा रहे हैं, जिससे रूस का वित्तीय बाजार लड़खड़ाने लगा है। वहां नगदी की मांग 58 गुना बढ़ गई है। हालांकि रूसी सरकार अपने नागरिकों से इस तरह के दुष्प्रभावों और युद्ध की हकीकत को छिपाने में लगी है। ऐसा नहीं कि स्विफ्ट सिस्टम पर प्रतिबंध लगने से रूसी बैंकों के पास कोई विकल्प नहीं बचेगा। वे ईमेल, फोन, मैसेजिंग एप आदि के जरिए मित्र देशों के साथ वित्तीय संदेशों का आदान प्रदान कर सकेंगे, लेकिन ये उपाय उतने सुरक्षित साबित नहीं होते, इसलिए व्यापार की मात्रा पर निश्चित ही असर पड़ेगा। रूस इस बीच चीन का बैंकिंग लेनदेन सिस्टम प्रयोग कर सकता है। यहां तक कि भारत अपने व्यापारिक हितों को सुचारु रखने के लिए बैंकों के जरिए रूस के लिए एक नई लेनदेन व्यवस्था विकसित कर रहा है। भारत रूसी रक्षा उपकरणों, फर्टिलाइजर, तेल और गैस का बड़ा आयातक है। अपने कृषि क्षेत्र की जरूरतें पूरी करने के लिए रूस से खाद खरीदना भारत की एक बड़ी मजबूरी है। रूस की कमाई का सबसे बड़ा जरिया तेल और प्राकृतिक गैस की बिक्री है। युद्ध के कारण इसके दोनों उत्पादों की सेल पर भारी असर पड़ना तय है। अनेक देश इससे तेल और गैस नहीं खरीदना चाहेंगे। ग्लोबल वॉर्मिंग के चलते, दुनिया वैसे भी फॉसिल ईंधन को त्याग कर धीरे धीरे ऊर्जा के वैकल्पिक स्त्रोतों की ओर मुड़ रही है। रूस खुद एक बड़े आर्थिक संकट की ओर बढ़ चला है। रूसी एयरलाइनों को यूरोप की उड़ानें रद्द करनी पड़ रही हैं, क्योंकि यूरोपियन यूनियन के 27 देशों ने रूसी एयरलाइनों को अपने हवाई क्षेत्र में उड़ने से रोक दिया है।

रूस के हवाई जहाज इन देशों में न लैंड होंगे, न टेक ऑफ करेंगे और न ही इनके आसमान से होकर गुजर सकेंगे। एयरस्पेस बंद करने वाले देशों में ब्रिटेन और कनाडा भी शामिल हैं। बदले में रूस ने अपने यहां ब्रिटेन, पोलेंड, बुल्गारिया और चेक रिपब्लिक की कमर्शियल उड़ानों पर रोक लगाई है। रूस में रोजमर्रा इस्तेमाल की चीजों के रिटेल दाम बढ़ रहे हैं। रूस में इस युद्ध का असर लंबे समय तक महसूस किया जाएगा। आमदनी कम जाएगी और मध्यम वर्ग की मुश्किलें बढ़ेंगी। रूस को एक समस्या यह भी झेलनी पड़ेगी कि दुनिया के तमाम एक्सपोर्टर अब रूस के साथ व्यापार को महंगा, असुरक्षित और जोखिम भरा मान कर उसे सामान बेचने से कतराएंगे। जबकि बना बनाया सामान खरीदना रूस की मजबूरी है। चीन, नीदरलैंड और जर्मनी ही इसके सबसे बड़े व्यापारिक सहयोगी हैं।

## यूक्रेन- कहीं तो नहीं गया, वहीं रूका था

रामविलास जांगिड़

**रशियन** बीवी ने कहा- क्यों जी, गेहूं कहां पिसवाया? यूक्रेनी पति ने (डरते घबराते सहम कर) कहा- वहीं सेठ नाटो लाला जी की चक्की पर। रशियन- तो गेहूं चक्की पर डालकर इधर-उधर सैर सपाटा करने निकल गए होंगे। तुम्हारा किसी भी काम में मन नहीं लगता। अब बोलो तो सही! गए कहां? यूक्रेन- कहीं तो नहीं गया, वहीं रूका था। चक्की पर ही बैठा था। सेठ नाटो मुझे उसका कारोबार बता रहा था। उसका कारोबार 30 देशों में फैला है। कह रहा था, तुम भी इस बिजनेस में सम्मिलित हो जाओ। बीच-बीच में पिसते गेहूं को देख रहा था। तब एकदम चिल्लाते हुए रशियन बीवी ने कहा- ध्यान कहां रहता है तुम्हारा? गेहूं को देखने के बहाने बीच-बीच में आती-जाती यूरोपियन को देखते होंगे। खूब जानती हूं तुम्हारी बातें। अब तक बेचारा यूक्रेन बुरी तरह घबरा गया। तब उसने जमीन को कुरेदते हुए कहा- सच्ची कह रहा हूं। मैंने वहीं खड़े होकर गेहूं पिसवाए थे। बार-बार उनको ही देख रहा था। सच्ची यूएनओ की सौगंध खाकर कहता हूं। रशियन तमतमा कर बोली- झूठ मत बोलो! बेचारे यूएनओ की सौगंध खाकर उसे मार देना तुम! तुम घुसे पड़े होंगे फेसबुक में। बहुत दिनों से तुम्हें नोट कर रही हूं। रात दिन फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर में घुस कर सोते हो। घर के कामों में बिल्कुल ध्यान नहीं देते हो। संयुक्त रशियन में तुम्हारा बिल्कुल ध्यान नहीं है। सच बोलो! वरना मैं तुम्हारी हालत खराब कर दूंगी। अब यूक्रेन बुरी तरह से घबरा गया। तब कबूतर की तरह फड़फड़ के साथ कहा- सच्ची ऐसा कुछ भी नहीं है। मैं उसी चक्की पर था। गेहूं पर पूरी नजर रखी थी। अब बताओ तो, हुआ क्या? तब रशियन पूरे वेग से चिल्ला उठी। उसने बेलन और चिमटे के दो फाइटर प्लेन और चमचों के तीन मिसाइल यूक्रेन पर दाग दिए। वह गुस्से में भरकर जोर से चिल्लाई- फिर ये रोटियां जल कैसे गई? और यूक्रेन पर चमचों के मिसाइल चलने लगे। तब घबराकर यूक्रेन ने अपनी बीवी को कहा- हे प्रिये! मैं आपसे बहुत प्यार करता हूं। आपको पता है ना यूएनओ में आपकी हां में हां मिलाता हूं। तब रशियन दो कदम आगे बढ़कर चिल्लाते हुए कहने लगी- तो क्या मैं तुमसे प्यार नहीं करती? मैं तो तुम्हारे लिए सारी दुनिया से लड़ सकती हूं। किसी भी दुनिया पर बम डाल सकती हूं। नाटो का सफाया कर सकती हूं। यूक्रेन ने सहम कर कहा- लेकिन तुम तो दिन-रात मुझसे ही लड़ती रहती हो?

## मार्टिनेज चिली ओपन के फाइनल में पहुंचे, सेबस्टियन बेज से होगी भिड़ंत

**सैंटियागो (चिली)।** स्पेन के पेड्रो मार्टिनेज ने स्थानीय खिलाड़ी अलेजांद्रो टैबिलो को 5-7, 6-4, 6-4 से हराकर चिली ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। मार्टिनेज फाइनल



में अर्जेंटीना के सेबस्टियन बेज से भिड़ेंगे, जिन्होंने स्पेन के दूसरी वरीयता प्राप्त अल्बर्ट रामोस विनोलस को 6-4, 4-6, 6-2 से पराजित किया।विश्व रैंकिंग में 72वें स्थान पर काबिज मार्टिनेज का पेशेवर टेनिस में यह दूसरा फाइनल होगा। वह पिछले साल ऑस्ट्रिया में एक अन्य क्लेकोर्ट टूर्नामेंट किट्ज़बुहेल ओपन के फाइनल में हार गये थे। विश्व में 78वें नंबर के खिलाड़ी बेज भी अपने पहले पेशेवर खिताब की तलाश में हैं।

## यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद विश्व जूडो संस्था ने पुतिन को मानद अध्यक्ष पद से किया निलंबित

**दुबई ।** बुडापेस्ट। रूस के राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन को रविवार को विश्व खेलों में उनके सबसे सीनियर आधिकारिक पद से अस्थायी रूप से हटा दिया गया।अंतरराष्ट्रीय जूडो महासंघ ने पुतिन के मानद अध्यक्ष पद को निलंबित करने के लिये 'यूक्रेन पर रूस के हमले' को कारण बताया। रूस के राष्ट्रपति पुतिन खुद उत्साही जूडोका हैं। वह 2012 लंदन ओलंपिक में इस खेल में हिस्सा लेने पहुंचे थे।

## रूस पर प्रतिबंधों का सिलसिला जारी, नहीं होगा फीफा का कोई मैच, इंग्लैंड ने भी बहिष्कार किया

**नई दिल्ली।** रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध शुरू होने के बाद लगातार रूस का विरोध हो रहा है। अमेरिका, ब्रिटेन सहित कई देश रूस पर तरह-तरह की पाबंदियां लगा चुके हैं। खेल के मैदान पर भी रूस का विरोध हो रहा है और खेल संस्थाएं रूस पर पाबंदियां लगा रही हैं। अब फीफा ने तय किया है कि रूस में फुटबॉल का कोई भी अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला जाएगा। वहीं विदेश में रूसी टीम के खेलने पर उनके झंडे और राष्ट्रगान पर प्रतिंबध रहेगा। इसके साथ ही इंग्लैंड ने तय किया है कि वे रूस के खिलाफ किसी भी तरह का फुटबॉल मैच नहीं खेलेंगे।

इंग्लैंड के फुटबॉल बोर्ड ने कहा है कि वे यूक्रेन के साथ हैं और पूरी तरह से रूस के कदम का विरोध करते हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इंग्लैंड अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रूस के साथ कोई मैच नहीं खेलेगा। इसमें सीनियर टीम, जूनियर टीम, महिला टीम और पैरा फुटबॉल टीम के मैच भी शामिल हैं।

**पुतिन को मानद अध्यक्ष पद से हटा चुका है जूडो फेडरेशन**

अंतरराष्ट्रीय जूडो फेडेरेशन रूसी राष्ट्रपति पुतिन को मानद अध्यक्ष पद से हटा चुका है। अंतरराष्ट्रीय जूडो फेडेरेशन ने अपने बयान में कहा 'यूक्रेन में चल रहे युद्ध के चलते अंतराष्ट्रीय जूडो फेडेरेशन व्लादिमीर पुतिन को मानद अध्यक्ष और एंबेसडर के पद से बर्खास्त करता है।' 69 साल के पुतिन जूटो में ब्लैकबेल्ट हैं। वे नियमित तौर पर जूडो का अभ्यास करते हैं। इसके साथ ही वे जूडो के ऊपर लिखी गई एक किताब के सह लेखक भी रहे हैं।

## वेस्टइंडीज के दिग्गज स्पिनर सोनी रामदीन का निधन

**पोर्ट आफ स्पेन।** इंग्लैंड की सरजमीं पर 1950 में पहली बार श्रृंखला जीतने वाली वेस्टइंडीज की टीम के सदस्य रहे दिग्गज स्पिनर सोनी रामदीन का निधन हो गया है। क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने यह जानकारी दी। रामदीन 92 साल के थे। इंग्लैंड के खिलाफ 1950 में ओल्ड ट्रैफर्ड में पदार्पण करने वाले रामदीन ने 43 टेस्ट में 28.98 की औसत से 158 विकेट चटकाए। सीडब्ल्यूआई के अध्यक्ष रिकी स्केरिट ने रविवार को कहा, ''क्रिकेट वेस्टइंडीज की ओर से मैं वेस्टइंडीज के शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल रहे सोनी रामदीन के परिवार और मित्रों के प्रति सहानुभूति जाहिर करता हूं। ''

# रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत की हैट्रिक सीरीज जीत, श्रीलंका को किया क्लीन स्वीप

**नई दिल्ली।** रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत का जीत का अभियान लगातार जारी है। भारत में तीन मैचों की टी-20 सीरीज में श्रीलंका को क्लीन स्वीप कर दिया है। आखिरी मुकाबले में भारत ने श्रीलंका को 6 विकेट से हराकर तीन मैचों की टी-20 सीरीज को अपने नाम कर लिया। इसके साथ ही रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत लगातार 3 सीरीज में विपक्षी टीम को क्लीन स्वीप करने का शानदार काम किया है। इससे पहले भारत ने वेस्टइंडीज को तीन मैचों की वनडे सीरीज और तीन मैचों की टी-20 सीरीज में क्लीन स्वीप किया था। धर्मशाला में श्रीलंका के खिलाफ हुए तीसरे टी-20 मुकाबले में भारत ने 147 रनों के लक्ष्य का




पीछा कर लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका ने खराब शुरुआत के बावजूद भी 146 रनों का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया था। भारत को जीत के लिए 147 रन बनाने थे।कप्तान रोहित शर्मा फिर 6 रन के स्कोर पर 5 रन बनाकर चमीरा के शिकार हुए। हालांकि श्रेयस अय्यर ने एक बार फिर से शानदार बल्लेबाजी करते हुए भारत के इस जीत को आसान बना दिया। श्रेयस अय्यर और संजू सैमसन ने रोहित शर्मा के आउट होने के बाद एक अच्छी साझेदारी करने की कोशिश की। संजू सैमसन 18 रन बनाकर आउट हुए। दीपक हुडा ने भी 16 गेंदों में ताबड़तोड़ 21 रन बनाए। श्रेयस अय्यर और रविंद्र जडेजा ने मिलकर भारत को जीत तक पहुंचाई। श्रेयस अय्यर ने 45 गेंदों में 73 रन की पारी खेली जिसमें उन्होंने 8 चौके और एक छक्का लगाया। जबकि रविंद्र जडेजा ने 15 गेंदों में तीन चौके की मदद से 22 रन बनाए। श्रीलंका की ओर से लहिरु कुमारा ने दो विकेट लिए जबकि एक विकेट चमीरा और एक करुणारत्ने के खाते में गया। इससे पहले आवेश खान ने अपने भुला देने वाले पदार्पण की भरपायी करते हुए मोहम्मद सिराज के साथ शानदार शुरूआती स्पैल डाला। कप्तान रोहित शर्मा का भारतीय जर्सी के लिये यह 125वां टी20 मैच था जिससे वह विश्व क्रिकेट में सबसे ज्यादा टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले खिलाड़ी बन गये। यह देखना शानदार था कि उनकी 'रिजर्व बेंच' ने किस तरह शानदार प्रदर्शन किया। यहां तक कि दो कलाई के स्पिनर रवि बिश्नोई (32 रन देकर एक विकेट) और कुलदीप यादव (चार ओवर में 25 रन) ने भी अच्छी गेंदबाजी की। कप्तान दासुन शनाका ने 38 गेंद में नाबाद 74 रन की पारी खेलकर फिर टीम को बचाया जिससे वह श्रीलंका को 150 रन के करीब ले गये। शनाका ने अपनी पारी के दौरान नौ चौके और दो छक्के लगाये। लेकिन आवेश (चार ओवर में एक मेडन से 23 रन देकर दो विकेट) और सिराज (चार ओवर में 22 रन) ने अपनी तेजी और उछाल से श्रीलंका के शीर्ष क्रम को ध्वस्त किया जिससे चौथे ओवर तक टीम का स्कोर तीन विकेट पर 11 रन था।

## शिखर धवन को दरकिनार कर मयंक अग्रवाल को सौंपी गयी पंजाब किंग्स की कप्तानी

**नई दिल्ली ।** पंजाब किंग्स ने सोमवार को घोषणा की कि मयंक अग्रवाल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2022 के 15वें संस्करण के लिए टीम के कप्तान की भूमिका निभाएंगे।मयंक 2018 से पंजाब किंग्स का अभिन्न हिस्सा रहे हैं। उन्होंने टीम के उप-कप्तान के रूप में काम किया है और पिछले सीजन में टीम की कप्तानी भी की थी।पंजाब किंग्स के कप्तान मयंक अग्रवाल ने कहा 'मैं 2018 से पंजाब किंग्स में हूं और मुझे इस शानदार टीम का प्रतिनिधित्व करने में बहुत गर्व है। मुझे टीम का नेतृत्व करने का मौका मिलने पर खुशी हो रही है। मैं इस जिम्मेदारी को लेता हूं। पूरी ईमानदारी से, लेकिन साथ ही, मेरा मानना ??है कि इस सीजन में पंजाब किंग्स की टीम में हमारे पास मौजूद प्रतिभा के साथ मेरा काम आसान हो जाएगा।



हमारे पास कुछ अनुभवी खिलाड़ी हैं, साथ ही कई प्रतिभाशाली युवा भी हैं जो अपना दम दिखाने के इच्छुक हैं यह अवसर है और इसके साथ भागो।उन्होंने आगे कहा कि 'हम हमेशा खिताब जीतने की उम्मीद में मैदान में उतरे हैं और एक टीम के रूप में, हम एक बार फिर अपनी पहली आईपीएल ट्रॉफी उठाने के इस लक्ष्य की दिशा में काम करेंगे। मैं टीम प्रबंधन को टीम का नेतृत्व करने की इस नई भूमिका को सौंपने के लिए धन्यवाद देता हूं। मैं नए सत्र और इसके साथ आने वाली नई चुनौतियों का इंतजार कर रहा हूं।'मेगा नीलामी में, पंजाब किंग्स ने शिखर धवन, जॉनी बेयरस्टो, शाहरुख खान और कगिसो रबाडा को खरीदा।

पंजाब किंग्स टीमः मयंक अग्रवाल, अर्शदीप सिंह, शिखर धवन, कगिसो रबाडा, जॉनी बेयरस्टो, राहुल चाहर, शाहरुख खान, हरप्रीत बराड़, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, ईशान पोरेल, लियाम लिविंगस्टोन, ओडियन स्मिथ, संदीप शर्मा, राज अंगद बावा, ऋषि धवन, प्रेरक मांकड़, वैभव अरोड़ा, रितिक चटर्जी, बलतेज ढांडा, अंश पटेल, नाथन एलिस, अथर्व ताएदे, भानुका राजपक्षे, बेनी हॉवेल।

## सीएसके ने लॉन्च की सुपर किंग्स अकादमी, माइकल हसी ने बताया इसे शानदार पहल




**चेन्नई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) चेन्नई और सलेम में सुपर किंग्स अकादमी - लड़कों और लड़कियों के लिये क्रिकेट कोचिंग सेंटर - बना रही है जो अप्रैल से काम करना शुरू कर देगी।सीएसके की रविवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार सुपर किंग्स अकादमी दो केंद्र से शुरू होगी और फिर इसे आगे बढ़ाया जायेगा। सीएसके के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के एस विश्वनाथन ने विज्ञप्ति में कहा कि ये अकादमी पूरे साल कोचिंग देंगी। सीएसके के गेंदबाजी कोच एल बालाजी ने कहा कि फ्रेंचाइजी की ओर से यह अच्छी शुरूआत है।

## पैरा तीरंदाज पूजा विश्व चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंची

**दुबई।** तीरंदाज पूजा ने यहां पैरा विश्व चैम्पियनशिप के व्यक्तिगत वर्ग के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनकर इतिहास रचा। चौबीस साल की इस पैरा तीरंदाज ने ब्रिटेन की हेजल चेस्टी से 0-2 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 6-2 से जीत हासिल कर ली और साथ ही मौजूदा टूर्नामेंट में कम से कम दूसरा रजत पदक भी पक्का कर लिया। भारत की पहली पैरा तीरंदाज विश्व चैम्पियन बनने की कोशिश कर रहीं पूजा अब शाम को इटली की पैट्रिली विसेंजा से भिड़ेंगी।

भारत दिन में दूसरे पदक और कुल तीसरे पदक की दौड़ में भी शामिल है जिसमें पूजा और उनके ही समान नाम की सीनियर साथी पूजा खन्ना टीम कांस्य पदक के लिये मंगोलिया की प्रतिद्वंद्वियों के सामने होंगी। श्याम सुंदर स्वामी और ज्योति बालियान की



कम्पाउंड मिश्रित जोड़ी ने इससे पहले रजत पदक जीतकर भारत का खाता खोला था जो देश का विश्व तीरंदाजी पैरा चैम्पियनशिप में पहला पदक भी था। चौथी वरीय के तौर पर क्वालीफाई करने वाली पूजा ने अपना अभियान पूजा खन्ना को 7-1 से हराकर शुरू किया। क्वार्टरफाइनल में उन्हें श्वेतलाना बारांतसेवा से कड़ी चुनौती मिली लेकिन वह 6-4 से जीत दर्ज करने में सफल रहीं।

## नडाल ने नॉरिस को हराकर मैक्सिको ओपन टेनिस टूर्नामेंट जीता

**अकापुल्को (मैक्सिको)।** राफेल नडाल ने इस सप्ताह के शुरू में कहा था कि उन्हें अपने करियर के आंकड़ों की जानकारी नहीं है। अब वह इन आंकड़ों पर जरूर गौर करना चाहेंगे। स्पेन के इस 35 वर्षीय खिलाड़ी ने शनिवार को यहां कैमरून नॉरिस को 6-4, 6-4 से हराकर मैक्सिको ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। इससे उन्होंने इस सत्र में अपने रिकार्ड को 15-0 पर पहुंचा दिया जो कि सत्र के शुरू में उनका सर्वश्रेष्ठ रिकार्ड है। नडाल ने अपना 91वां एटीपी खिताब जीता। यह उनका वर्ष 2022 में तीसरा खिताब है।उन्होंने इस साल आस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब भी जीता था। ओपन युग में सर्वाधिक खिताब जीतने के मामले में नडाल अब तीसरे नंबर



पर काबिज इवान लेंडल से केवल तीन खिताब पीछे हैं। जिमी कोनर्स 109 खिताब के साथ शीर्ष पर हैं जबकि उनके बाद रोजर फेडरर का नंबर आता है। नडाल का अकापुल्को में यह कुल चौथा खिताब है। इससे पहले उन्होंने 2005, 2013 और 2020 में यहां खिताब जीता था। इस बीच युगल फाइनल में फेलिसियानो लोपेज और स्टेफनोस सिटसिपास ने मार्सेलो अरेवालो और जीन जूलियन रोजर को 7-5, 6-4 से हराकर खिताब जीता।

## एफआईएच प्रो लीगः भारतीय महिला हॉकी टीम की पहली हार, स्पेन ने 3-4 से हराया

**नई दिल्ली ।** एफआईएच प्रो लीग में भारतीय महिला हॉकी टीम को पहली हार का सामना करना पड़ा।

भारतीय खिलाड़ियों को स्पेन ने 3-4 से मात दी। स्पेन खिलाड़ी जिने ने मैच के शुरुआती 35 सेकंड में ही टीम के लिए पहला गोल कर भारतीय खिलाड़ियों पर दबाव बना लिया।

इसके बाद बेगोना जार्सिया (चौथे, 24वें मिनट) ने गोल दागा, जबकि मैलेन जार्सिया



(15वें मिनट) ने पेनाल्टी कार्नर से गोल कर टीम की जीत पक्की की। भारत की ओर से पदार्पण खिलाड़ी संगीता कुमारी (10वें मिनट), सलीमा तेते (22वें मिनट) और नमिता (49वें मिनट) ने गोल किया।

चार मैचों में भारत की यह पहली हार है। वहीं लीग में स्पेन ने अपनी पहली जीत दर्ज की। भारत इससे पहले चीन को दो मैच में और ओमान को हरा चुकी है।

## हरमनप्रीत ने शतक जड़कर फॉर्म दिखायी, भारत ने अभ्यास मैच मे अफ्रीका को हराया

**रंगियोरा (न्यूजीलैंड)।** मध्यक्रम की अनुभवी बल्लेबाज हरमनप्रीत कौर ने अपने नैसर्गिक अंदाज में बल्लेबाजी करके दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ महिला वनडे विश्व कप के अभ्यास क्रिकेट मैच में रविवार को शतक जमाया जिससे भारतीय टीम ने रंगियोरा ओवल में खेले इस मैच में दो रन से रोमांचक जीत दर्ज की। हरमनप्रीत पिछले लंबे समय से रन बनाने के लिये जूझ रही थी लेकिन उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम वनडे में 63 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की थी। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारतीय टीम के पहले अभ्यास मैच में 114रन की लाजवाब पारी खेली जो चार मार्च से शुरू होने वाले विश्व कप से पहले मिताली राज की अगुवाई वाली टीम के लिये अच्छे संकेत हैं। हरमनप्रीत ने अपनी 119 गेंद की पारी में 11 चौके लगाये। उनके अलावा यास्तिका भाटिया ने 78 गेंदों पर 58 रन की पारी खेली। इससे भारत ने पहले बल्लेबाजी के लिये आमंत्रित किये जाने पर सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना के शुरू में ही सिर पर चोट लगने के कारण रिटायर्ड हर्ट हो जाने के बावजूद नौ विकेट पर 244 रन बनाये।दक्षिण अफ्रीका की टीम निर्धारित 50 ओवर में सात विकेट पर 242 रन ही बना पायी। पिछले साल भारतीय टीम को उसकी धरती पर हराने वाले दक्षिण अफ्रीका की तरफ से लॉरा वालवार्ट ने 75 और कप्तान सुन लुस ने 94 रन बनाये। भारत के लिये बायें हाथ की स्पिनर राजेश्वरी गायकवाड़ ने 46 रन देकर चार विकेट लिये। इससे पहले मैच शुरू होने के कुछ देर बाद ही तेज गेंदबाज शबनीम इस्माइल का बाउंसर बायें हाथ की बल्लेबाज मंधाना के हेलमेट पर लगा जिसके कारण उन्हें नौवें ओवर में 'रिटायर्ड हर्ट' होकर पवेलियन लौटना पड़ा। मंधाना ने तब 12 रन बनाये थे। भारतीय टीम के चिकित्सकों ने 25 वर्षीय मंधाना की जांच की और शुरू में वह खेल जारी रखने के लिये फिट लग रही थी।

# एम्बाप्पे के दो गोल की बदौलत पीएसजी 3-1 से जीता, मेसी ने भी दिखाया शानदार खेल

**नई दिल्ली ।** फ्रांस की फुटबॉल लीग 'लीग-1' में पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने कीलियन एम्बाप्पे के दो गोलों की मदद से सेंट एटिने को 3-1 से हरा दिया। हालांकि टीम शुरुआत में एक गोल से पिछड़ रही थी जब सेंट एटिने के डेनिस बोआंगा ने 16वें मिनट में गोल किया था।

उसके बाद एम्बाप्पे (42वां, 47वां मिनट) ने पांच मिनट के अंदर दो गोल करके पीएसजी को 2-1 से आगे कर दिया। उसके बाद डेनिलो परेरा ने 52वें मिनट में स्कोर 3-1 कर दिया।

**मेसी की रही अहम भूमिका**

पीएसजी के स्टार लियोनल मेसी ने भी दो गोल करने में सहायक भूमिका



निभाई। अब तक वह दस गोल में भूमिका निभा चुके हैं। मेसी ने एक फ्री किक भी ली जिसे गोलकीपर ने बचा लिया। इस जीत के साथ पीएसजी ने दूसरे स्थान पर मौजूद नीस से 16 अंक की मजबूत बढ़त बना ली है। यह 26 मैचों में यह 13वां मौका था जब पीएसजी मैच में पिछड़ने को मजबूर होना पड़ा। ऐसे में उसकी पासिंग को लेकर सवाल भी उठ रहे हैं। मैच से पहले खिलाड़ी एक बैनर के नीचे खड़े हुए जिसमें रूस के यूक्रेन पर हमले को लेकर शांति की अपील की गई थी। एम्बाप्पे के लीग में 14 गोल हो गए हैं और उन्होंने मोनाको के विसाम बेन येडर की बराबरी की है। पीएसजी के लिए एम्बाप्पे के 156 गोल हो गए हैं और उन्होंने ज्लातान इब्राहिमोविच की बराबरी कर ली है। दोनों संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। पहले नंबर पर एडिन्सन कवानी (200) हैं।

## रोमन अब्रामोविच ने फुटबॉल क्लब चेल्सी एफसी की जिम्मेदारी छोड़ी, रूस का साथ देने के लगे थे आरोप

**नई दिल्ली ।** रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध का प्रभाव दुनिया भर में देखा जा रहा है। इसका प्रभाव दुनिया में आर्थिक जगत से लेकर खेल जगत तक दिखाई दे रहा है। इसी कड़ी में इंग्लिश फुटबॉल क्लब चेल्सी एफसी के मालिक रोमन अब्रामोविच ने क्लब की जिम्मेदारी चेल्सी चैरिटेबल ट्रस्ट को सौंप दी है। हालांकि वह इस क्लब के मालिक बने रहेंगे। चेल्सी की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी बयान में उन्होंने कहा कि चेल्सी एफसी के अपने लगभग 20 साल के स्वामित्व के दौरान मैंने हमेशा क्लब के संरक्षक के रूप में अपनी भूमिका निभाई। जिसका काम यह सुनिश्चित करना था कि आज हम जितने सफल हैं, उतने ही भविष्य में भी सफल रहें। उन्होंने कहा यह हमारे समुदायों में भी सकारात्मक भूमिका निभाता रहा है। अब्रामोविच ने कहा मैंने हमेशा क्लब के हित को ध्यान में रखते हुए फैसले लिए हैं, मैं इन मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध हूं। यही वजह है कि मैं आज चेल्सी एफसी के नेतृत्व को चेल्सी चैरिटेबल फाउंडेशन को सौंप रहा हूं। मेरा मानना है कि इस समय वे क्लब, खिलाड़ियों, कर्मचारियों और प्रशंसकों के हितों की देखभाल कर सकते हैं। रूस द्वारा इस हफ्ते यूक्रेन पर आक्रमण शुरू करने के बाद कई रूसी व्यक्तियों और संस्थानों पर ब्रिटिश पीएम बोरिस जॉनसन ने प्रतिबंध लगाए हैं।अब्रामोविच को किसी प्रतिबंध का सामना नहीं करना पड़ रहा है।

# विदेश संदेश

## पेशावर में बड़ा हादसा, विस्फोट में दो पाकिस्तानी सैनिकों की हुई मौत, अन्य घायल

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक बड़ा हादसा हुआ। एक विस्फोट के बाद दो फ्रंटियर कोर (एफसी) कर्मियों की मौत हो गई है, जबकि इस हादसे में अन्य लोग घायल हुए हैं। पाकिस्तान की एक रिपोर्ट, डेली पाकिस्तान के अनुसार, इस हमले में एफसी वाहन को निशाना बनाया गया था, जिसके कारण शनिवार को पेशावर के बारा रोड में एफसी कर्मियों की मौत हो गई।सैन्य मीडिया विंग ने कहा कि इससे पहले दिन में उत्तरी वजीरिस्तान जिले के स्पिन वाम इलाके में एक खुफिया-आधारित अभियान में एक आतंकवादी मारा गया था। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि सुरक्षा बलों ने उत्तरी वजीरिस्तान जिले में एक आतंकवादी को मार गिराया, जब उन्होंने उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में आतंकवादियों के खिलाफ एक खुफिया-आधारित आपरेशन किया। बता दें कि यह अभियान उत्तरी वजीरिस्तान के स्पिन वाम इलाके में चलाया गया था, जिसमें बड़ी सफलता मिली। एक आतंकवादी को भारी गोलीबारी के बाद मार गिराया गया, जबकि उसके कब्जे से हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया।

पाकिस्तान अक्सर यह दावा करता है कि वह अपनी जमीन पर आतंकवादी समूहों के नेटवर्क को खत्म करने का प्रयास करता है। लेकिन इससे विपरीत कई आतंकवादी घटनाओं और हमलों का आए दिन पता चलता है, जिसका खुद पाकिस्तान शिकार हो जाता है।

## रूस से खाली हाथ लौटे पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान, अमेरिका भी हुआ नाराज : रिपोर्ट

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने उत्साह व उम्मीदों के साथ रूस का रुख किया था, लेकिन जब वह वापस लौटे तो उनका हाथ पूरी तरह खाली था। दूसरी तरफ, यूक्रेन पर हमले के बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से उनकी मुलाकात ने अमेरिका को नाराज कर दिया है। यह नाराजगी अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता नेड प्राइस के उस बयान में भी जाहिर हुई थी, जिसमें उन्होंने कहा था कि पाकिस्तान को यूक्रेन पर रूसी हमलों और इस संबंध में अमेरिकी रुख से अवगत करा दिया गया है द टाइम्स आफ इजरायल की रिपोर्ट के अनुसार, इमरान की पुतिन से मुलाकात वैसे समय में हुई, जब कई पश्चिमी देशों ने कुछ घंटे पहले ही रूस के खिलाफ प्रतिबंधों का एलान किया था। रही-सही कसर इमरान के एक वीडियो संदेश ने पूरी कर दी, जिसमें वह बहुत ही प्रसन्नता के साथ कह रहे हैं कि पुतिन से मुलाकात का यह सही समय है। इन बातों ने पश्चिमी ताकतों को पाकिस्तान से नाराज कर दिया। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका, पाकिस्तान से इसलिए भी नाराज है, क्योंकि वह लगातार चीन के करीब होता जा रहा है। चीन को अमेरिका अपना विरोधी समझता है, क्योंकि वह मौन रूप से रूस का समर्थन कर रहा है। पाकिस्तानी मीडिया भी इमरान खान के रूसी दौरे की कड़ी आलोचना कर रहे हैं। इमरान के रूस दौरे से जहां उनके पार्टी के नेता आश्चर्यचकित हैं, वहीं विपक्षी दलों को उनकी राजनीतिक व कूटनीतिक सूझ पर हमला करने का एक और मौका मिल गया है। इमरान के रूस दौरे से पहले यूक्रेन में पाकिस्तान के राजदूत नोएल इजरायल खोखर ने एक बयान देकर अपने देश को शर्मसार कर दिया था। 21 फरवरी को यूक्रेन के प्रथम उप विदेश मंत्री से मुलाकात के दौरान खोखर ने यूक्रेन की संप्रभुता व क्षेत्रीय अखंडता बरकरार रखने में मदद का भरोसा दिया था।

## जस्टिस बंदियाल बने पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट के नए मुख्य न्यायाधीश, 18 सितंबर 2023 निभाएंगे अपनी सेवांए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस उमर अता बंदियाल ने पाकिस्तान के नए मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। वह 18 सितंबर 2023 को अपनी सेवानिवृत्ति तक पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश के रूप में बने रहेंगे। इसके बाद पाकिस्तान के पूर्व मुख्य न्यायाधीश गुलजार अहमद को पद से हटा दिया गया। जस्टिस अहमद को 21 दिसंबर 2019 को मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया था। आपको बता दें कि जस्टिस बंदियाल पहले शपथ लेने से इंकार कर चुके हैं। वर्ष 2007 में पाकिस्तानी सैन्य शासक जनरल परवेज मुशर्रफ की आपातकाल की घोषणा के बाद बंदियाल ने दोबारा शपथ लेने से इनकार कर दिया था।डान की रिपोर्ट के अनुसार बंदियाल ने न्यायाधीशों के घोटाले और अनिर्धारित मामलों के बड़े पैमाने पर बैकलाग को न्यायपालिका के सामने प्रमुख चुनौती बताया है। मुख्य न्यायाधीश बंदियाल ने पाकिस्तान के पूर्व सीजेपी के कार्यकाल के दौरान उच्च न्यायपालिका के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में विस्तार से बात की। उन्होंने जजों के फैसलों की आलोचना करने के बजाय पाकिस्तानी मेनस्ट्रीम मीडिया और सोशल मीडिया की जजों पर हमला करने के लिए आलोचना की है।

# रूस के हमले में युद्ध के अभी तक 352 लोगों की मौत, सैन्य प्रतिष्ठानों को बनाया जा रहा निशाना



**कीव।** यूक्रेन के गृह मंत्रालय ने बताया कि रूस के हमले में अभी तक 14 बच्चों समेत यूक्रेन के 352 नागरिकों की मौत हो चुकी है और 116 बच्चों समेत 1,684 लोग घायल हुए हैं। मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी, लेकिन उसने यह नहीं बताया कि यूक्रेन के सशस्त्र बलों के कितने जवान हताहत हुए हैं। रूस ने दावा किया है कि उसके बल केवल यूक्रेन के सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बना रहे हैं और यूक्रेन के आम नागरिकों को कोई खतरा नहीं है।

वहीं, रूस के रक्षा मंत्रालय ने केवल यह स्वीकार किया कि रूसी सैनिक हताहत हुए हैं, लेकिन उसने उनकी संख्या नहीं बताई।

## खेल से लेकर हवाई क्षेत्र तक रूस पर नए प्रतिबंधों की मार, कनाडा और ईयू ने बंद किए अपने एयर स्पेस

**ब्रसेल्स।** यूक्रेन पर हमले के विरोध में पश्चिमी देशों की तरफ से रूस की घेरेबंदी जारी है। समाचार एजेंसी रायटर की रिपोर्ट के मुताबिक कनाडा यूरोपीय संघ (ईयू) ने रूस के सभी विमानों के लिए अपने वायु मार्ग को बंद करने का एलान किया है। ईयू ने रूस की सरकारी मीडिया को रोकने और उसके सहयोगी बेलारूस के खिलाफ पाबंदियां लगाने पर विचार करने की बात भी कही है।

**खेल के क्षेत्र में भी लगे प्रतिबंध**

वहीं फुटबाल एसोसिएशन ने कहा है कि इंग्लैंड रूस के खिलाफ सभी अंतरराष्ट्रीय फुटबाल मैचों का बहिष्कार करेगा। फीफा परिषद की ओर से कहा गया है कि रूस के किसी भी ध्वज या गान का उपयोग उन मैचों में नहीं किया जाएगा जहां रूसी फुटबाल संघ की टीमें भाग लेती हैं।

**यूरोपीय संघ के कई देशों ने बंद किए एयर स्पेस**

यूरोपीय संघ में 27 देश हैं। इनमें से फ्रांस, पुर्तगाल, स्पेन, जर्मनी, अल्बानिया, आस्ट्रिया, पोलैंड, स्लोवेनिया, इस्टोनिया, लातविया, लिथुआनिया, रोमानिया, लक्जमबर्ग समेत ज्यादातर देशों ने रूसी विमानों के लिए अपने वायु मार्ग को बंद कर दिया है या बंद करने की घोषणा की है। फ्रांसीसी एयरलाइंस एयर फ्रांस ने सुरक्षा कारणों से रूस के लिए अपनी सभी उड़ानों को भी रद करने का एलान किया है। यूरोपीय देशों के साथ ही कनाडा भी रूसी विमानों के लिए अपने वायु मार्ग को बंद करने वाले देशों में शामिल हो गया है। हालांकि, स्पेन, ग्रीस, सर्बिया और तुर्की समेत ईयू के कुछ देशों ने अभी रूसी विमानों के लिए अपने हवाई मार्ग बंद नहीं किए हैं और न ही ऐसा करने की घोषणा की है। कनाडा के परिवहन मंत्री ओमर अलघाबरा ने यह भी कहा है कि उनका देश यूक्रेन के खिलाफ अकारण हमले के लिए रूस के जवाबदेह ठहराएगा।

## राष्ट्रपति पुतिन के आदेश के बाद बढ़ा यूक्रेन पर न्यूक्लियर अटैक का खतरा

**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच की लड़ाई एक खतरनाक मोड़ पर पहुंच गई है। यूक्रेन पर लगातार परमाणु हमले का संकट भी मंडराता दिखाई दे रहा है। ऐसा इसलिए है क्योंकि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन पर परमाणु हमले के लिए अपनी फोर्स को तैयार रहने का आदेश दिया है। एएफपी के मुताबिक उन्होंने इसके लिए अपने रक्षा मंत्री और डिफेंफ चीफ को आदेश दिया है। इस आदेश में उन्होंने डिफेंस चीफ को न्यूक्लियर फोर्स को हाई अलर्ट पर रखने को कहा है। इसके अलावा उन्होंने पश्चिमी देशों पर रूस के खिलाफ लिए गए फैसलों के लिए आरोप लगाए हैं। आपको बता दें कि रूस विश्व में पहला ऐसा देश है जिसके पास सबसे अधिक परमाणु हथियार हैं।

एफपी ने फेडरेशन आफ अमेरिकन साइटिस्ट के हवाले से बताया है कि परमाणु हथियार रखने वाले नौ देशों में रूस के पास सबसे



अधिक परमाणु हथियार हैं। इसके मुताबिक रूस के पास 5977 परमाणु हथियार हैं जबकि अमेरिका के पास कुल 5428 परमाणु हथियार मौजूद हैं। वहीं इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर शामिल चीन के पास करीब 350 परमाणु हथियार हैं। इसके बाद चौथे नंबर पर फ्रांस का नंबर आता है जिसके पास कुल 290 परमाणु हथियार हैं। पांचवें नंबर पर शामिल ब्रिटेन के पास करीब 225 न्यूक्लियर वैपंस मौजूद हैं। छठे नंबर पर शामिल पाकिस्तान के पास 165 और सातवें नंबर पर शामिल भारत के पास 160 परमाणु हथियार हैं। इसके बाद इजराइल के पास 90 और उत्तर कोरिया के पास करीब 20 परमाणु हथियार मौजूद हैं। आपको यहां पर ये भी बता दें कि सोमवार को रूस और यूक्रेन के बीच छिड़ी जंग का पांचवा दिन है और तीसरे दिन ही रूस ने साफ कर दिया था कि यदि पश्चिमी देश उसकी राह में रोड़े अटकाएंगे तो वो यूक्रेन पर परमाणु हमला करने से भी पीछे नहीं हटेगा। अब व्लादिमीर पुतिन के ताजा आदेश के बाद इसकी संभावना काफी बढ़ गई है। दुनिया अब तक जापान के हिरोशिमा और नागासाकी पर गिराए गए एटम बम की दुखद घटना को भूल नहीं सकी है। इसके बाद राष्ट्रपति पुतिन के आदेश ने सभी की धड़कनें बढ़ा दी हैं।

## यूक्रेन पर हमले के विरोध में रूस में लोगों ने किया प्रदर्शन




**मास्को।** यूक्रेन पर रूस के हमले के विरोध में मास्को से लेकर साइबेरिया तक रूसी कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। रूस की सरकार हर दिन सैकड़ों प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर रही है। प्रदर्शनकारियों ने शहरों में एकत्र होकर जुलूस निकाले और युद्ध के विरोध में नारे लगाए।रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन को लेकर पश्चिमी देशों के साथ जारी तनाव के बीच रूसी परमाणु प्रतिरोधी बलों को 'अलर्ट' पर रहने का आदेश दिया है। हमले के विरोध में रूस में विरोध प्रदर्शन हो रहा है। देश की पुलिस ने रैलियों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया है। रविवार को हुआ विरोध प्रदर्शन बृहस्पतिवार की अपेक्षा छोटा था। ओविडी-इन्फो संस्था के अनुसार, दोपहर तक पुलिस ने 32 शहरों में कम से कम 356 लोगों को गिरफ्तार किया।

## रूस के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय अदालत पहुंचा यूक्रेन, हमला बंद करने के लिए रूस को तुरंत आदेश देने का किया आग्रह

**कीव।** रूस के हमले के खिलाफ यूक्रेन हेग स्थित अंतरराष्ट्रीय अदालत (आइसीजे) पहुंच गया है। यूक्रेन ने आइसीजे से रूस को तत्काल हमला रोकने का आदेश देने का आग्रह किया है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने ट्वीट किया, 'यूक्रेन ने आधिकारिक तौर पर रूस के खिलाफ आइसीजे में याचिका दायर कर दी है। अपने हमले को सही ठहराने के लिए नरसंहार की धारणा गढ़ने के लिए रूस को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। हमने रूस को तत्काल सैन्य कार्रवाई बंद करने का आदेश देने का आग्रह किया है। उम्मीद करते हैं कि अगले हफ्ते से याचिका पर सुनवाई शुरू होगी।' समाचार एजेंसी के मुताबिक यह स्पष्ट नहीं है कि यह मामला किस आधार पर अंतरराष्ट्रीय अदालत में लाया गया है। आइसीजे के अधिकारियों से इस संबंध में संपर्क नहीं पाया। दो देशों के बीच लड़ाई में आइसीजे अपनी तरफ से कोई पहल नहीं करता है। यूक्रेन को यह बताना होगा कि संयुक्त राष्ट्र के किस समझौते के उल्लंघन के आधार पर यह मामला चलना चाहिए।

## यूक्रेन पर यूएनसी में दूसरी बार भारत ने नहीं किया वोटिंग, भारतीय नागरिकों की सुरक्षा को जताई चिंता

**संयुक्त राष्ट्र।** यूक्रेन पर रूस के हमले के मामले पर संयुक्त राष्ट्र की 193 सदस्यीय महासभा का 'आपातकालीन विशेष सत्र' आहूत करने को लेकर सुरक्षा परिषद में हुए मतदान में भारत ने भाग नहीं लिया, हालांकि उसने बेलारूस सीमा पर वार्ता करने के मॉस्को और कीव के फैसले का स्वागत किया। यूक्रेन पर रूस के हमले को लेकर महासभा और शक्तिशाली 15 सदस्यीय सुरक्षा परिषद सोमवार को अलग-अलग बैठक करेंगे। इससे दो दिन पहले यूक्रेन के खिलाफ रूसी हमले पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के एक प्रस्ताव को रूस ने वीटो के जरिए बाधित कर दिया था। इस प्रस्ताव के लिए हुए मतदान में भी भारत, चीन और संयुक्त अरब अमीरात शामिल नहीं हुए थे। विशेष सत्र आहूत करने पर मतदान के लिए 15 सदस्यीय सुरक्षा परिषद की बैठक (स्थानीय समयानुसार) दोपहर हुई। महासभा के 1950 से अब तक



ऐसे केवल 10 सत्र आहूत किये गए हैं।भारत, चीन और संयुक्त अरब अमीरात इस मतदान से दूर रहे, जबकि रूस ने इस प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया और परिषद के 11 सदस्यों ने इसके समर्थन में मतदान किया। इसके साथ ही यह प्रस्ताव पारित हो गया। सुरक्षा परिषद ने दशकों में महासभा के पहले आपातकालीन सत्र को रविवार को हरी झंडी दी। इस दौरान सोमवार को सभी सदस्य देशों को इस युद्ध पर बोलने का अवसर मिलेगा और सप्ताह में बाद में प्रस्ताव पर मतदान होगा। इस बीच, फ्रांस के राजदूत निकोलस डी रिवीरे ने घोषणा कि सुरक्षा परिषद रूस के आक्रमण के मानवीय प्रभाव पर सोमवार दोपहर को बैठक करेगा। फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों ने इस सत्र को बुलाए जाने मांग की थी, ताकि यूक्रेन में जरूरतमंदों की मदद तक पहुंच सुनिश्चित की जा सके। महासभा का सत्र आहूत करने के लिए मतदान प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा परिषद के पांच स्थायी सदस्य- चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका अपनी वीटो शक्ति का इस्तेमाल नहीं कर सकते।

# छात्रों, पेशेवरों और कलाकारों को आसानी से मिलेगा अमेरिकी वीजा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी वीजा हासिल करना टेढ़ी खीर माना जाता रहा है, लेकिन इस साल अमेरिका ने चुनिंदा श्रेणी के पात्र भारतीयों को आसानी से वीजा देने का फैसला किया है। अमेरिका ने वीजा के लिए आवेदन करने वाले इन भारतीयों को इंटरव्यू से छूट देने का फैसला किया है। यह इंटरव्यू पास करने में अधिकतर वीजा आवेदक विफल रहते हैं।

अमेरिका में दक्षिण एशियाई समुदाय के नेता और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के एशियाई अमेरिकी मामलों के सलाहकार अजय जैन भूटोरिया ने बताया कि उन्होंने अमेरिका के दक्षिण मध्य एशियाई मामलों के सहायक विदेश मंत्री डोनल लू के सामने वीजा संबंधी समस्याओं को उठाया। इसके जवाब में उन्हें जानकारी दी गई है कि अमेरिका ने इस वर्ष 31 दिसंबर तक छात्र (एफ, एम, और अकादमिक जे), पेशेवर (एच -1, एच -2, एच -3 और एल) नामी कलाकार (ओ, पी, और क्यू) श्रेणी के पात्र भारतीय वीजा आवेदकों को इंटरव्यू से छूट दी है।

**कठिन सवालों से छुटकारा**

अमेरिकी वीजा हासिल करने के लिए व्यक्तिगत साक्षात्कार होता है। इसमें आवेदक से अमेरिकी इमिग्रेशन अधिकारी कई तरह के कठिन सवाल करते हैं। अक्सर इस साक्षात्कार के आधार पर बहुत से लोगों को वीजा नहीं मिल पाता है।

**20 हजार से ज्यादा को मिलेगा लाभ...**




योजना के तहत नई दिल्ली में अमेरिकी दूतावास, चेन्नई, हैदराबाद, कोलकाता और मुंबई में अमेरिका के वाणिज्य दूतावास से वर्ष 2022 के लिए 20,000 से अधिक वीजा जारी किए जाएंगे।

-31 दिसंबर तक इस साल लागू रहेगी इंटरव्यू छूट

**पहले आवेदन खारिज न होने पर लाभ**

साक्षात्कार छूट उन आवेदकों को मिलेगी, जिन्हें पहले कभी अमेरिकी वीजा मिल चुका है। पहले कभी भी उनका वीजा आवेदन खारिज नहीं किया गया है। वीजा की अपात्रता या संभावित अपात्रता के कोई संकेत नहीं है।

**प्रिडेटर ड्रोन के लिए अमेरिका के साथ वार्ता अंतिम दौर में**

अमेरिका से 30 प्रिडेटर सशस्त्र ड्रोन की खरीद के लिए भारत की वार्ता अंतिम दौर में है। इनकी अनुमानित लागत तीन अरब डालर है। पहली बार अमेरिका किसी गैर नाटो देश को ये ड्रोन बेचेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 2017 की यात्रा के दौरान तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस सौदे की घोषणा की थी। पहले 10 ऐसे ड्रोन खरीदे जाने थे लेकिन बाद में यह संख्या बढ़ाकर 30 कर दी गई। इनमें से 10-10 थलसेना, वायुसेना और नौसेना को दिए जाएंगे। भारतीय रक्षा मंत्रालय के रक्षा खरीद बोर्ड ने पिछले ही साल इन ड्रोन की खरीद को हरी झंडी दी है। अमेरिकी के प्रमुख रक्षा साझेदारी का दर्जा देने से एमक्यू9बी कोडनाम वाले इन ड्रोन का यह सौदा संभव हुआ है।

**30 ड्रोन आएंगे, पहला गैर नाटो देश होगा भारत**

जनरल एटामिक्स निर्मित ये ड्रोन बेजोड़ हैं। प्रक्रियागत देरी के कारण दो सर्विलांस प्रिडेटर ड्रोन किराये पर लिए गए हैं। पाक व चीन सीमाओं की निगरानी में उपयोगी साबित हो रहे हैं।

**डूरंड लाइन पर तालिबान से आज बात करेगा पाक**

**काबुल।** डूरंड लाइन से लोगों की आवाजाही और व्यापार सहित कई मुद्दों पर सोमवार को पाकिस्तान और अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के बीच बैठक होगी।

पजवोक अफगान न्यूज के मुताबिक, पाक के वाणिज्य सलाहकार रजाक दाऊद तालिबान के वाणिज्य मंत्री से तोरखम में मिलेंगे। पाकिस्तान के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार डॉ मोईद यूसुफ भी मौजूद रहेंगे।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
211019 से प्रकाशित
स्वामी श्री योगी सत्यम एवम् योग सत्संग समिति द्वारा
विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज
से मुद्रित एवम् क्रियायोग आश्रम अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506

## वार्ता पर सहमतिः यूक्रेन-बेलारूस सीमा पर होगी बातचीत, दोनों देश हुए तैयार

**मास्को।** रूस-यूक्रेन आखिर वार्ता के लिए तैयार हो गए हैं। दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडल के बीच यह बातचीत बेलारूस-यूक्रेन सीमा पर होगी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के कार्यालय ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा, बातचीत बिना किसी पूर्व शर्त के होगी।

बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको की जेलेंस्की और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फोन पर बातचीत से यह संभव हुआ। हालांकि, पुतिन ने कहा, वार्ता के दौरान युद्ध नहीं रुकेगा।

रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने बातचीत की पेशकश के साथ बताया, रूसी प्रतिनिधि मंडल व्लादिमीर मेडिंस्की के नेतृत्व में बेलारूस पहुंच गया है। उन्होंने दावा किया कि यूक्रेन के प्रतिनिधि भी पहुंच गए हैं।?बेलारूस की पूर्वी व उत्तर-पूर्वी सीमाएं रूस और दक्षिणी



सीमाएं यूक्रेन के साथ मिलती हैं।

**जेलेंस्की ने पहले बेलारूस के लिए किया था इनकार**

रूस के प्रस्ताव पर पहले जेलेंस्की ने बेलारूस में बातचीत से इनकार कर दिया था। उनका कहना था, वार्ता के लिए तैयार हैं, पर जिस सरजमीं का इस्तेमाल हम पर मिसाइल दागने के लिए किया गया, वहां वार्ता नहीं करेंगे। उन्होंने वारसॉ, ब्रातिस्लावा, बुडापेस्ट, इस्तांबुल, बाकू का प्रस्ताव दिया था। इस्राइली प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट ने युद्ध खत्म करने के लिए मध्यस्थता का प्रस्ताव दिया है। बेनेट ने पुतिन व जेलेंस्की से बात भी की। यूक्रेन ने इस्राइल से मदद मांगी थी। यूक्रेन व रूस, दोनों से इस्राइल के अच्छे संबंध हैं। बेनेट ने कहा, इस्राइल हर वक्त मदद करने के लिए तैयार है। -यूक्रेन ने दावा किया है कि जी-7 के विदेशमंत्रियों की बैठक में सभी देशों ने उसे हथियार व सैन्य मदद देने का भरोसा दिया है।

## यूक्रेनी महिला सांसद को भारत से उम्मीद, कहा- इंडिया को लोकतांत्रिक देशों का करना चाहिए समर्थन

**कीव।** यूक्रेन पर जारी हमले के बीच यूक्रेनी सांसद ने भारत से उम्मीद जताई है। यूक्रेन की सांसद इन्ना सोवसुन ने एक भावुक अपील करते हुए कहा कि मैं स्थिति की सभी भू-राजनीतिक जटिलताओं को समझती हूं। विश्व के सबसे महान और सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में भारत को लोकतांत्रिक राज्यों का समर्थन करना चाहिए। मेरा मानना है कि सभी लोकतांत्रिक देशों को अपने मूल्यों के लिए खड़ा होना चाहिए। यूक्रेन के कई शहरों में रूस के तेज होते हमलों के बीच वहां के सांसदों और आम नागरिकों ने भी रूसी सैनिकों से मुकाबला करने के लिए बंदूकें उठा ली हैं। राजधानी कीव से आर रहे कई वीडियो में लोग सड़कों पर बंदूक लेकर टहलते हुए देखे जा रहे हैं। वहीं, रूसी सेना से मुकाबला करने के लिए यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने लोगों से अपील की है। जेलेंस्की की अपील के बाद एक महिला सांसद कीरा रूडिक ने बंदुक तक उठा ली। बंदूक उठाने वाली उनकी तस्वीर सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है। यूक्रेन इंटरनेशनल एयरलाइंस ने रविवार को कहा कि उसने नागरिक उपयोगकर्ताओं के लिए यूक्रेनी हवाई क्षेत्र को बंद करने के कारण अपनी नियमित और चार्टर उड़ानों के निलंबन को 23 मार्च तक बढ़ा दिया है। रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण करने हवाई अड्डों और अन्य महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को बर्बाद करने के बाद देश की सबसे बड़ी एयरलाइन ने 24 फरवरी को परिचालन सेवाएं बंद कर दीं थी। राजधानी कीव में सरकार को मार्शल ला लागू करने और अपने आसमान को बंद करने के लिए प्रेरित किया गया था।